CMYK

इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

"यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"॥

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव




वर्ष- 44 | अंक - 242 | राजनांदगांव, रविवार 20 जुलाई 2025 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

# भूपेश बोले-एक पेड़ मां के नाम... सारा जंगल बाप के नाम

## बैज बोले-छत्तीसगढ़ में रिमोट कंट्रोल की सरकार चल रही, विरोध करने पर कांग्रेस नेताओं पर चुन-चुनकर हो रही कार्रवाई

रायपुर। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी के खिलाफ कांग्रेस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान भूपेश बघेल ने कहा कि बीजेपी एक पेड़ मां के नाम और सारा जंगल बाप के नाम करने का काम कर रही है। ये नारा सदन में भी लगा है। 22 जुलाई को कांग्रेस प्रदेशभर में चक्काजाम करेगी।



भूपेश बघेल ने कहा कि हमारे नेताओं को जबरन फंसाया जा रहा है। पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा, विधायक देवेंद्र यादव को फंसाया गया। अब मेरे बेटे चैतन्य बघेल को गिरफ्तार किया गया है, जो राजनीति में भी नहीं है। एक तरफ जंगल काटे जा रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ आवाज उठाने वालों पर कार्रवाई हो रही है। भूपेश बघेल ने कहा कि पप्पू बंसल खुलेआम ईडी दफ्तर आ रहा है, ईओडब्ल्यू ऑफिस आ रहा है। उसके बयान पर मेरे बेटे को अरेस्ट कर लिया। न हमें नोटिस मिला और न ही दफ्तर बुलाया। ईडी के अफसर आए और गिरफ्तार कर लेकर गए। अडाणी के खिलाफ आवाज उठाने पर ये कार्रवाई हुई है। भूपेश बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में सरकार बनते ही तमनार हसदेव में पेड़ की कटाई शुरू हो गई थी। बैलाडीला में अडाणी को खदान सौंपा गया। विरोध करने पर कांग्रेस नेताओं पर चुन-चुनकर कार्रवाई हो रही है। पावर प्लांट से लेकर हर संपत्ति को अडाणी को सौंपने का काम हो रहा है।

प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान दीपक बैज ने कहा कि अगर ईडी, सीबीआई, ईओडब्ल्यू जैसी कोई और एजेंसी हो, तो उन्हें भी कार्रवाई के लिए आना चाहिए। आज भूपेश बघेल के घर पर कार्रवाई हुई है। हमारे एक नेता कवासी लखमा जेल में हैं। देवेंद्र यादव जेल की सजा काटकर आए हैं।

उन्होंने कहा कि इस तरह कांग्रेस नेताओं को डराकर हमारे कार्यकर्ताओं में यह संदेश दिया जा रहा है कि अगर भूपेश बघेल और बड़े नेताओं पर कार्रवाई हो सकती है, तो दूसरे कार्यकर्ताओं को भी डरना चाहिए, लेकिन कांग्रेस हमसे डरने वाली नहीं है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ सभी पूर्व मंत्री, विधायक और सीनियर नेता मौजूद रहे।

### 22 जुलाई को कांग्रेस प्रदेशभर में नाकेबंदी करेगी

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे के खिलाफ की गई ईडी की कार्रवाई के विरोध में कांग्रेस प्रदेशभर में नाकेबंदी करेगी। भाजपा सरकार अडाणी के लिए जल-जंगल-जमीन की लूट में सहभागी बनी हुई। कांग्रेस ने कहा कि सरकार के संरक्षण में अडाणी प्रदेश के जंगलों को कटवा रहा है। उसका विरोध करने पर केंद्र सरकार ईडी की कार्रवाई कराती है। कांग्रेस पार्टी पूरी एकजुटता से इस कार्रवाई का विरोध करेगी। प्रदेश के सभी राष्ट्रीय राजमार्गों, जिलों, प्रमुख शहरों के मुख्य मार्गों में 22 जुलाई को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक चक्काजाम कर अडाणी के लूट के खिलाफ आर्थिक नाकेबंदी की जाएगी।

# छत्तीसगढ़ में जंगल बर्बाद किये जा रहे: भूपेश बघेल विधानसभा में इसे उठाने वाले थे, इसलिए उनके बेटे को गिरफ्तार किया-प्रियंका

रायपुर। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने शनिवार सुबह एक्स पर पोस्ट साझा कर छत्तीगढ़ की भाजपा सरकार पर निशाना साधा और लिखा कि भाजपा सरकार ने छत्तीसगढ़ के सारे जंगल अदाणी को दे दिए हैं। पेसा कानून और एनजीटी के निर्देशों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। जंगलों को बर्बाद किया जा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल विधानसभा में यह मुद्दा उठाने वाले थे। लेकिन उन्हें रोकने के लिए सुबह-सुबह ईडी ने छापा मार दिया। इतना ही नहीं उनके बेटे को भी गिरफ्तार कर लिया।



आगे लिखा कि बीते 11 वर्षों में देश अच्छी तरह समझ चुका है कि ये जनता की आवाज को कुचलने और विपक्ष को दबाने के तरीके हैं। लेकिन ऐसे हथकंडों से सच को दबाना और विपक्ष को डराना नामुमकिन है। कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता बघेल के साथ मजबूती से खड़ा है। भाजपा सरकार ने छत्तीसगढ़ के सारे जंगल अडानी जी को समर्पित कर दिए हैं। पेसा कानून और एनजीटी के निर्देशों की धज्जियां उड़ाते हुए जंगलों को तबाह किया जा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल विधानसभा में यह मुद्दा उठाने वाले थे। उन्हें रोकने के लिए सुबह-सुबह ईडी ने उनके घर पर पहुंची और उनके बेटे को गिरफ्तार कर लिया।

### भूपेश बघेल ना टूटेगा ना झुकेगा

इससे पहले भूपेश बघेल ने एक्स पर ईडी की कार्रवाई के बीच एक पोस्ट लिखा था कि 6 बजकर 20 मिनट पर ईडी के अधिकारी उनके घर पहुंचे हैं। अदाणी का मामला जब-जब उठाया जाता है, तब-तब मोदी और शाह ईडी की कार्रवाई करते हैं। भूपेश बघेल ना टूटेगा ना झुकेगा, हम लड़ाई लड़ेंगे। बघेल ने कहा कि पूरे देश में विपक्ष के नेताओं पर कार्रवाई हो रही है। जानकारी के लिए बता दें कि बीते शुक्रवार को प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने छत्तीसगढ़ के शराब घोटाला मामले में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के घर छापा मारा था। ईडी ने भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल को कार्रवाई के बीच गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद विशेष न्यायाधीश डमरूधर चौहान की विशेष कोर्ट में पेश किया और पांच दिन की रिमांड मिल गई। अब ईडी चैतन्य से पूछताछ करेगी। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# गाजा में खाद्य वितरण केंद्र पर गोलीबारी, 50 फलस्तीनी मारे गए; मानवीय संकट बढ़ा

दीर अल-बलाह। गाजा पट्टी के दक्षिणी हिस्से में शनिवार को 50 से ज्यादा फलस्तीनी मारे गए हैं। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार ये सभी खाने के पैकेट के लिए जा रहे थे। वहीं अस्पताल के अधिकारियों के अनुसार, इस्राइली सेना ने भीड़ पर गोलियां चलाई, जिसमें कई लोग घायल भी हुए हैं। जानकारी के मुताबिक, ये सभी फलस्तीनी गाजा मानवतावादी फाउंडेशन (जीएचएफ) नाम की संस्था की तरफ से चलाए जा रहे खाद्य वितरण केंद्रों की ओर जा रहे थे। यह संस्था अमेरिका और इस्राइल की मदद से मई महीने से गाजा में खाना बांट रही है। जीएचएफ ने मई महीने में गाजा में काम शुरू किया था। इसका मकसद भूखे लोगों को खाना पहुंचाना है। अमेरिका और इस्राइल ने इस संस्था को इसलिए समर्थन दिया क्योंकि उनका आरोप है कि पारंपरिक यूएन आधारित राहत वितरण प्रणाली में हमास के आतंकी राशन चुरा लेते हैं। हालांकि, संयुक्त राष्ट्र इस आरोप को सिरे से खारिज करता है। जीएचएफ दावा करता है कि उसने लाखों खाने के पैकेट बांटे हैं, लेकिन स्थानीय (शेष पृष्ठ 6 पर...)



# ट्रम्प बोले-भारत-पाकिस्तान संघर्ष में 5 जेट गिरे: किस देश के यह नहीं बताया; 24वीं बार कहा- सीजफायर मैंने कराया

वॉशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर भारत-पाकिस्तान संघर्ष रुकवाने का दावा किया। साथ ही उन्होंने कहा- मुझे लगता है कि भारत-पाकिस्तान संघर्ष में सच में पांच जेट गिरे थे। हालांकि, उन्होंने यह साफ नहीं किया कि ये विमान किस देश के गिरे थे।



ट्रम्प ने ये बात व्हाइट हाउस में रिपब्लिकन सांसदों के साथ डिनर के दौरान कही। ट्रम्प अब तक 24 बार भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर कराने की बात कह चुके हैं। पहली बार ऐसा दावा उन्होंने 10 मई को सोशल मीडिया पर किया था। दरअसल, पाकिस्तान ने दावा किया था कि उसने लड़ाई में 5 भारतीय विमान मार गिराए थे। वहीं, भारत ने भी कहा था कि पाकिस्तान के कुछ विमान गिराए गए हैं। पाकिस्तान ने अपने किसी भी विमान के नुकसान से इनकार किया, लेकिन हवाई ठिकानों को निशाना बनाने की बात मानी थी।

ट्रम्प बोले थे- हम संघर्षों को निपटाने में बहुत सफल रहे इससे पहले 14 जुलाई को ट्रम्प ने अपने इस दावे को दोहराया था कि उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले के बाद हाल ही में भारत-पाकिस्तान संघर्ष को बढ़ने से रोक दिया था। ट्रम्प ने ये टिप्पणियां नाटो के महासचिव मार्क रूट के साथ अपनी बैठक के दौरान कीं। ट्रम्प ने कहा, हम युद्ध को निपटाने में बहुत सफल रहे हैं। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### मोदी जी, बताइए 5 जहाजों का सच क्या है-राहुल गांधी



भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी घटने का बदला पाकिस्तान पर सैन्य कार्रवाई करके ले लिया. दोनों देशों के बीच 10 मई को सीजफायर हुई. दावा किया गया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दोनों देशों के बीच सीजफायर करवाई. इसके बाद ट्रंप ने कई बार अपने दावा को दोहराया कि अमेरिकी की वजह से पाकिस्तान और भारत के बीच सीजफायर हुई. ट्रंप ने शुक्रवार को अब कहा है कि इस युद्ध के दौरान पांच लड़ाकू विमान गिराए गए. हालांकि, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# सुरक्षाबलों और माओवादियों के बीच मुठभेड़ खत्म, छह नक्सलियों के शव बरामद

नारायपुर। नारायणपुर जिले के घने जंगलों में सुरक्षाबलों और माओवादियों के बीच भीषण मुठभेड़ खत्म होने के बाद जवान मुख्यालय लोटे। मुठभेड़ मे अब तक कुल 6 माओवादियों के शव बरामद किए गए हैं, जिनमें तीन महिला माओवादी भी शामिल हैं। मुठभेड़ स्थल से AK-47, SLR राइफल, BGL लांचर सहित विस्फोटक सामग्री और माओवादी गतिविधियों में उपयोग आने वाली कई वस्तुएं बरामद हुई हैं। इस कार्रवाई को अबूझमाड़ जैसे संवेदनशील क्षेत्र में माओवादियों के खिलाफ सुरक्षाबलों की बड़ी सफलता माना जा रहा है। सुरक्षा एजेंसियों को अबूझमाड़ क्षेत्र में माओवादियों की मौजूदगी की पुख्ता सूचना मिली थी। इसके बाद सुरक्षाबलों की संयुक्त टीमों ने इलाके में सर्चिंग ऑपरेशन शुरू किया। दिन भर रुक-रुक कर फायरिंग चलती रही, और सुरक्षाबलों ने इलाके को चारों ओर से घेरते हुए माओवादियों पर शिकंजा कस दिया। मुठभेड़ में ढेर किए गए माओवादियों के शवों को जिला मुख्यालय (शेष पृष्ठ 6 पर...)



# नहीं मान रहा चीन: ब्रह्मपुत्र नदी पर शुरू किया दुनिया का सबसे बड़े बांध का निर्माण; भारत का है कड़ा विरोध

नई दिल्ली। चीन ने दक्षिण-पूर्वी तिब्बत में ब्रह्मपुत्र नदी पर दुनिया के सबसे बड़े बांध का निर्माण शुरू कर दिया है। चीन ने दिसंबर में इस प्रोजेक्ट को मंजूरी दी थी। चीन के लिए यह प्रोजेक्ट कितना महत्वपूर्ण है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि शिलान्यास समारोह में चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग शामिल होने के लिए पहुंचे।



चीन की सरकारी न्यूज एजेंसी शिन्हुआ ने कहा कि इस बांध से हुए इलेक्ट्रिसिटी प्रोडक्शन से तिब्बत में स्थानीय बिजली की जरूरतों को पूरा किया जाएगा। साथ ही अन्य क्षेत्रों में होने वाली खपत की भी पूर्ति की जाएगी। चीन ने इसे कार्बन तटस्थता लक्ष्यों और तिब्बत क्षेत्र में विकास लक्ष्यों की यात्रा में मददगार बताया है।

### दुनिया का सबसे बड़ा बांध

ब्रह्मपुत्र नदी पर बन रहा यह बांध दुनिया का सबसे बड़ा बांध होगा। इस वक्त चीन में यांग्त्जी नदी पर बना थ्री गॉर्जेस बांध दुनिया का सबसे बड़ा बांध है। ब्रह्मपुत्र पर बन रहे बांध से थ्री गॉर्जेस से भी कई गुना ज्यादा बिजली पैदा होने की उम्मीद है। लेकिन चीन का ये प्रोजेक्ट भारत के लिए चिंता का विषय है। करीब 167 अरब डॉलर की लागत वाले इस बांध के बनने के बाद ब्रह्मपुत्र रिवर सिस्टम के वाटर फ्लो और इकोलॉजी के प्रभावित होने की आंशका जताई जा रही है। भारत और बांग्लादेश पर भी इसका प्रभाव देखने को मिल सकता है। भारत ने चीन द्वारा प्रोजेक्ट को मंजूरी देने के बाद ही अपनी चिंता जाहिर की थी।

# 1 अगस्त से राज्य में लागू होगी एकीकृत पेंशन योजना (UPS), राजपत्र में हुआ प्रकाशन

**ओल्ड पेंशन स्कीम समाप्त**

रायपुर। छत्तीसगढ़ सरकार ने पेंशन प्रणाली में बड़ा बदलाव करते हुए पुरानी पेंशन योजना (OPS) के विकल्प के रूप में एकीकृत पेंशन योजना (UPS) लागू कर रही है. राज्य शासन ने राजपत्र में इसका प्रकाशन कर दिया है. यह व्यवस्था 1 अगस्त 2025 से प्रभाव में आएगी.

राज्य शासन द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, 1 अगस्त 2025 से राज्य शासन की सेवा में सीधी भर्ती के विज्ञापित पदों पर चयनित शासकीय सेवकों के लिए केवल नवीन पेंशन योजना (NPS) अथवा एकीकृत पेंशन योजना (UPS) में शामिल होने का विकल्प उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है.

उपर्युक्त के अनुक्रम में राज्य शासन एतद् द्वारा वित्त मंत्रालय, भारत सरकार की अधिसूचना क्रमांक FX-1/3/2024-PR दिनांक 24 जनवरी 2025 के माध्यम से लागू की गई एकीकृत पेंशन योजना को दिनांक 01-08-2025 से विकल्प के रूप में अंगीकृत करता है.

इस योजना के अंतर्गत नियुक्त समस्त शासकीय सेवकों के लेखा संधारण एवं पेंशन से संबंधित समस्त कार्यवाही संचालनालय, पेंशन और भविष्य निधि के नियंत्रण में होंगे. इस योजना के अंतर्गत लेखा संधारण, विनियमन एवं प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश पृथक से जारी किये जाएंगे.

# ईडी ने गूगल और मेटा को भेजा नोटिस: सट्टेबाजी ऐप केस में पूछताछ के लिए समन जारी

नई दिल्ली। ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप्स से जुड़े एक बड़े मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने टेक दिग्गज गूगल और मेटा को नोटिस जारी करते हुए उन्हें 21 जुलाई को पूछताछ के लिए तलब किया है। एजेंसी का आरोप है कि इन कंपनियों ने ऐसे ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स को विज्ञापन और प्रमोशन की सुविधा दी, जो अवैध सट्टेबाज़ी और मनी लॉन्ड्रिंग जैसे गंभीर अपराधों में शामिल हैं। यह कार्रवाई ऐसे वक्त में हुई है जब कई फिल्मी सितारों और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स पर भी इन ऐप्स के प्रचार में शामिल होने के आरोप लग चुके हैं। अब जांच का दायरा टेक कंपनियों तक पहुंचने से मामला और गंभीर हो गया है।




### सट्टेबाजी के खिलाफ सख्त कार्रवाई

यह पहली बार है जब भारत में काम कर रही बड़ी टेक कंपनी को सट्टेबाजी जैसे मामले में सीधे जवाबदेह ठहराया जा रहा है। ईडी की यह कार्रवाई ऑनलाइन सट्टेबाजी के खिलाफ चल रहे व्यापक अभियान का हिस्सा है, जिसमें बड़े नामों और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स की भूमिका की जांच की जा रही है। इससे यह साफ़ होता है कि जांच अब और बड़े स्तर पर हो रही है।

### 'स्किल बेस्ड गेम' के नाम पर चल रहा सट्टेबाजी का खेल

ईडी ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप्स के एक बड़े नेटवर्क की बारीकी से जांच कर रहा है। कई ऐप्स खुद को 'स्किल बेस्ड गेम' बताते हैं, लेकिन असल में ये अवैध सट्टेबाजी में लिप्त हैं। माना जा रहा है कि इन प्लेटफॉर्म्स के जरिए करोड़ों रुपये की काली कमाई की गई, जिसे हवाला चैनलों (शेष पृष्ठ 6 पर...)




# मानसून सत्र में गूंजेगा बिहार वोटर लिस्ट वेरिफिकेशन का मुद्दा, इंडी गठबंधन की बैठक में शामिल 24 पार्टियां

नई दिल्ली। सोमवार से शुरू होने वाले संसद के मानसून सत्र से पहले शनिवार को विपक्षी गठबंधन आइएनडीआइए में शामिल दलों ने आनलाइन बैठक की और इसमें उन मुद्दों पर सहमति बनाने की कोशिश की गई, जिन्हें वे सत्र के दौरान उठाएंगे और सरकार को घेरेंगे। साथ ही विपक्षी एकजुटता का संदेश भी देंगे।



इस बैठक में कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, द्रमुक, राजद, सपा, एनसीपी(एसपी), शिवसेना (यूबीटी), जेएमएम, माकपा, भाकपा, फारवर्ड ब्लाक, आइयूएमएल और केरल कांग्रेस सहित 24 पार्टियों ने भाग लिया। वैसे विपक्षी गठबंधन ने देश की राजनीतिक स्थिति पर संयुक्त रूप से विचार करने के लिए लंबे समय बाद ये बैठक की है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने बैठक शुरू होने के बाद एक्स पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दों मसलन: बिहार में निर्वाचन आयोग की विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया, पहलगाम हमले और ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा की मांग आदि पर चर्चा हुई। विपक्षी पार्टियां बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण पर कड़ी आपत्ति जता रही हैं और इसे रद करने की मांग कर रही हैं क्योंकि वहां विधानसभा चुनाव कुछ ही हफ्तों में होने वाले हैं।

# आप को झटका: अनमोल गगन मान ने छोड़ी विधायकी-राजनीति

नई दिल्ली। पंजाबी गाने 'शेरनी' से मशहूर गायिका अनमोल गगन मान ने खरड़ से आम आदमी पार्टी की विधायकी छोड़ दी है। उन्होंने एक ट्वीट कर अपने इस्तीफे की वजह भी साझा की है। उन्होंने लिखा कि मेरा दिल भारी है, इसलिए मैंने राजनीति छोड़ने का फैसला कर लिया है। उन्होंने स्पीकर से अपने इस्तीफे को स्वीकार करने की आग्रह किया है। साथ ही, आम आदमी पार्टी को आगे के लिए शुभकामनाएं भी दी हैं। उन्होंने कहा है कि जनता की उम्मीदों पर पंजाब सरकार खरा उतरेगी, इसकी उम्मीद है। अनमोल गगन मान का पंजाबी गायिका से लेकर मंत्री बनने तक का सफर खास रहा है। उन्होंने 2020 में आम आदमी पार्टी ज्वॉइन की थी। इसके दो साल बाद जब 2022 में विधानसभा चुनाव हुआ (शेष पृष्ठ 6 पर...)



# आर्थिक नाकेबंदी का ऐलान: सीएम साय बोले- जो करना है करें, अपने घोटालों की वजह से जा रहे हैं जेल

रायपुर। छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी के बाद सियासी हलचल तेज हो गई है। कांग्रेस ने 22 जुलाई को प्रदेशभर में आर्थिक नाकेबंदी करने का ऐलान किया है। शनिवार को इस पर सीएम विष्णुदेव साय ने कहा कि, ईडी केंद्रीय एजेंसी है, देश की प्रतिष्ठित संस्थान है और ईडी ने सोच समझकर कोई कार्रवाई की है। जो करना है उसके लिए कांग्रेस के लोग स्वतंत्र हैं। कांग्रेस तो जनता के लिए परेशानी खड़ा करती ही है।






CMYK

## पहला कॉलम...

### शतरंज दिवस पर स्नेहा हल्दर को एनआरसीआईए शतरंज ने दी बधाई



डोंगरगढ़ (दावा)। अंतरराष्ट्रीय शतरंज दिवस के अवसर पर एनआरसीए शतरंज ने 16 वर्षीय शतरंज खिलाड़ी और कॉमनवेल्थ डबल गोल्ड मेडलिस्ट कु. स्नेहा हल्दर को उनकी शानदार उपलब्धियों के लिए हार्दिक बधाई दी है। कोलकाता निवासी और इंडियन सब जूनियर चैंपियन स्नेहा को भविष्य में वुमन ग्रैंडमास्टर नॉर्म्स का टाइटल हासिल करने के लिए भी शुभकामनाएँ दी गई। स्नेहा हल्दर शतरंज खेल की कई बड़ी प्रतियोगिताओं में विजेता रह चुकी हैं और देश का नाम रोशन कर चुकी हैं। उन्होंने बांग्लादेश, नेपाल, श्रीलंका, भूटान, चीन, जॉर्जिया, स्पेन, अजरबैजान, यूएई, अमेरिका, रूस, कजाकिस्तान सहित कई देशों में भारतीय शतरंज का प्रतिनिधित्व किया है। वर्तमान में, स्नेहा दुबई और अबू धाबी में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय शतरंज स्पर्धा में भारत का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। स्नेहा हल्दर पिछले 6 वर्षों से एन.आर.सी.ए. संस्था से जुड़ी हुई हैं। एन.आर.सी.ए. शतरंज ने उनके बेहतर खेल और उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### कल महाकाल की पालकी यात्रा



राजनांदगांव (दावा)। सिंघोला स्थित महाकाल मंदिर से जुड़ी महाकाल सेना द्वारा महाकाल की यात्रा सोमवार 21 जुलाई को निकाली जाएगी। इस यात्रा को लेकर तैयारीयां जोरो से चल रही है। महाकाल भक्त नीलू शर्मा व पवन डागा ने बताया कि महाकाल की द्वितीय यात्रा 21 जुलाई सोमवार को क्लब चौक बसंतपुर, महामाया चौक, गांधी नगर महेश नगर, कमला कालेज चौक, रेस्ट हाउस मार्ग, प्रभात नगर, महाकाल पालकी यात्रा का विश्राम लालबाग लाल बागेश्वर धाम सिंधु कॉलोनी में होगा। वहां बाबा बर्फानी बाबा का बर्फ का शिवलिंग विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। जो अमरनाथ के दर्शन की याद दिलाता रहेगा। महाकाल की सावन सोमवार को निकलने वाली पालकी यात्रा के लिए भी श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। उल्लेखनीय है कि संस्कारधानी में सिंघोला के महाकाल मंदिर से जुड़ी महाकाल सेना की इस पालकी यात्रा के स्वागत सत्कार के लिए जगह-जगह नागरिकों और नागरिक संगठनों की भीड़ उमड़ पड़ती है।

### नेशनल हाईवे पर अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को कुचला, मौके पर मौत

राजनांदगांव (दावा)। ग्रामीण थाना लालबाग क्षेत्र में शनिवार को हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। यह घटना नेशनल हाईवे पर ग्राम बरखा के पास हुई। जहां एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने मुसरा निवासी बाइक चालक को अपनी चपेट में ले लिया। हादसा इतना भीषण था कि बाइक चालक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही लालबाग पुलिस 112 की टीम के साथ मौके पर पहुंची और घटना के संबंध में जानकारी जुटाने में लगी हुई है। पुलिस अज्ञात वाहन और उसके चालक की तलाश कर रही है।

### तालाब में डूबने से लड़के की मौत

राजनांदगांव। लालबाग थाना क्षेत्र से एक और दुखद खबर सामने आई है। यहां एक लड़के की तालाब में डूबने से मौत हो गई। हालांकि घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी अभी तक सामने नहीं आई है। लालबाग थाना प्रभारी राजेश कुमार साहू इन दोनों ही घटनाओं की विवेचना में जुटे हुए हैं। समाचार लिखे जाने तक दोनों घटनाओं के संदर्भ में पूरी जानकारी उपलब्ध नहीं हो पाई थी, लेकिन पुलिस लगातार जांच कर रही है।

# ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी फिल्ड में दौरा कर कृषकों की समस्याओं का प्राथमिकता से करें निराकरण - कलेक्टर

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में विभिन्न विभागीय गतिविधियों एवं योजनाओं के मद्देनजर कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन एवं मत्स्यपालन विभाग के अधिकारियों की संयुक्त बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री सम्मान निधि, प्रधानमंत्री क्रेडिट कार्ड योजना से किसानों को अधिक से अधिक लाभान्वित करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि एग्रीस्टेक पोर्टल में किसान पंजीयन के कार्य में गति लाएं। 31 जुलाई तक प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री क्रेडिट कार्ड एवं एग्रीस्टेक पोर्टल में किसानों के पंजीयन के कार्य को मिशन मोड में करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की महत्वपूर्ण योजना अंतर्गत कृषकों को शत-प्रतिशत लाभान्वित करने की दिशा में परिणाममूलक कार्य करें। सभी अधिकारी विजन के साथ लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कार्य करें, ताकि एक सकारात्मक परिवर्तन ला सकें। उन्होंने कहा कि जिले में किसानों के लिए खाद-बीज की कमी नहीं होना चाहिए। इसके लिए सतत मानिटरिंग करने के निर्देश दिए तथा ऐसे क्षेत्रों का चिन्हांकन करते हुए जहां खाद-बीज की कमी हो सकती है। वहां तत्काल आपूर्ति करने के निर्देश दिए। उन्होंने नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि किसान क्रेडिट कार्ड एवं अन्य योजनाओं में आ रही तकनीकी दिक्कत को दूर करने के लिए केन्द्रीय सहकारी बैंक में कृषकों को निर्धारित तिथि में बुलाकर निराकरण करने के लिए कहा। उन्होंने सभी अधिकारियों से डीएमएफ के अंतर्गत खनिज प्रभावित क्षेत्रों



के तहत लोकहित में प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए कहा।

कलेक्टर ने कहा कि ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी फिल्ड में निरंतर दौरा करें और कृषकों की समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण करें। ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों की शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए यह जरूरी है कि व्यापक तौर पर किसानों को जानकारी प्रदान करें। कृषकों को धान के बदले दलहन, तिलहन एवं लघु धान्य फसल प्रोत्साहित करने के लिए कहा। ग्रीष्मकाल में धान के बदले दलहन, तिलहन, उद्यानिकी फसलों को बढ़वा देने के निर्देश दिए। उन्होंने उद्यानिकी विभाग अंतर्गत धान के बदले साग-सब्जी, फल-फूल की खेती को बढ़ावा देने के लिए कहा तथा विजन के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि किसानों को चिन्हांकित करते हुए पाली हाऊस एवं अन्य योजनाओं के तहत खेती को बढ़ावा देने के लिए कहा। बैठक में बताया गया कि ऑइल पाम योजना के तहत खेती करने तथा कटहल के पौधे व्यापक तौर पर लगाए जाएंगे।

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने मत्स्य पालकों के लिए किसान क्रेडिट कार्ड बनाने की धीमी प्रगति पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि किसान क्रेडिट कार्ड बनाने के कार्य को प्राथमिकता देते हुए प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मछुआरों को अधिक से अधिक लाभान्वित करने के लिए शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि पशु चिकित्सालय में ऐसी व्यवस्था बनाएं कि क्लीनिक में पशुओं का समुचित उपचार हो सके। उन्होंने कहा कि सभी पशु चिकित्सक समय पर चिकित्सालय में उपस्थित रहे तथा शासन की योजनाओं के तहत कार्यों में प्रगति दिखना चाहिए। डीएमएफ के तहत प्रत्यक्ष प्रभावित ग्रामों के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कैटल फार्म, पोलेट्री फार्म एवं डेयरी फार्म के संबंध में जानकारी ली। बैठक में मछली बीज उत्पादन एवं बंद पड़ी खदानों में केज कल्चर के संबंध में जानकारी ली। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना तथा तालाबों में मत्स्य पालन एवं महिला स्वसहायता समूह को मछली पालन से जोडने, मत्स्य पालकों की आय में वृद्धि सहित अन्य विषयों पर चर्चा की गई। जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने कहा कि जिले में धान का रकबा कम करने के लिए कम पानी की आवश्यकता वाले दलहन, तिलहन एवं उद्यानिकी फसलों को बढ़ावा देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बीज निगम द्वारा गुणवत्तायुक्त बीज किसानों को मिलना चाहिए, इस पर ध्यान दें।

## एनबीआईएस बोरी में इन्वेस्टिचर सेरेमनी : आदित्य खडेलवाल और शाईनी लाल बने शाला नायक व नायिका

राजनांदगांव (दावा)। नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी में शैक्षणिक सत्र 2025-26 की गतिविधि हेतु इन्वेस्टिचर सेरेमनी का आयोजन किया गया। समारोह में छात्र परामर्श परिषद की स्थापना की गई। समारोह का प्रारंभ मुख्य अतिथि शाला के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी, श्रीमती सोनल बाजपेयी के स्वागत पश्चात मां सरस्वती के तैल चित्र पर दीप प्रज्वलन कर किया गया। शाला में नव-निर्वाचित शाला नायक, नायिका के साथ ही शाला में कार्यानुसार समस्त प्रभारियों को बैच पहनाया गया।

ज्ञात हो कि शाला नायक व नायिका के चयन के लिए विधिवत चुनाव प्रक्रिया का आयोजन किया गया था। जिसमें मतगणना एवं साक्षात्कार में प्राप्तांकों के आधार पर विजयी प्रत्याशी को यह स्थान प्राप्त हुआ है। शैक्षणिक सत्र 2025-26 में शाला के कक्षा बारहवीं के आदित्य खंडेलवाल तथा शाईनी लाल शाला नायक एवं नायिका बनी। वहीं जुनियर शाला नायक एवं नायिका कक्षा पांचवीं के




कुणाल ठाकुर व प्राप्ति शर्मा बने। शाला में अनुशासन एवं खेल की जिम्मेदारी खेल शिक्षक डॉ. विकास वैष्णव को दी गई। साथ ही अनुशासन के लिए मान्विक साहू, प्रतीक धृतलहरे, अभ्यूदय तिवारी, शुभी रुशिया, अशिता वैष्णव, रितिका तलरेजा तथा खेल कप्तान अभ्यूदय शर्मा व नितिशा पारख को चुना गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रभारी शिक्षिका हेतल पित्रोड़ा तथा जिम्मेदारी रोशनी सिंग बघेल, प्रथम सोनी, रिशिका वैष्णव एवं रिशित साहू को दी गई। शाला के चार हाऊसों में भगत हाउस का प्रभार शिक्षिका स्वप्निल तिवारी तथा कप्तान क्षितिज डड़सेना, मान्या जैन व उपकप्तान अराध्या दुबे व कविश साह को बनाया गया। आजाद हाउस का प्रभार शिक्षिका शाक्षी वैष्णव तथा कप्तान शंकर राज वैष्णव, आनंदी अवस्थी व उपकप्तान वंश पटेल व टिया सिन्हा को मिला। सुखदेव हाउस का प्रभार शिक्षिका अकांक्षा कोसरिया तथा कप्तान प्रनय शर्मा, खुशाग्र साहू व उपकप्तान हर्षवर्धन सिन्हा व इशिका वर्मा को दिया गया। राजगुरू हाउस का प्रभार शिक्षिका आर श्रीया राव को तथा कप्तान ईशान तिवारी व शाक्षी साहू व उपकप्तान निमरत बजाज व गौरंश साहू को बनाया गया।

शाला की अन्य गतिविधियों हेतु क्लबों की स्थापना की गई है। जिसमें हैरिटेज क्लब का प्रभार शिक्षिका ईशा शर्मा, इको क्लब का प्रभार शिक्षिका मनीषा शर्मा, क्रिएटिव क्लब का प्रभार शिक्षिका सोनाली साहू, हैल्थ एंड वैलनेस क्लब का प्रभार शिक्षिका रोशनी चौहान, रीडिंग क्लब का प्रभार शिक्षिका लीना सिन्हा, असेंबली प्रभार शिक्षिका प्रस्तुति चौबे व शुभांशी अग्रवाल के साथ में रेहत बग्गा व अर्हम नखत, सीसीए का प्रभार शिक्षिका सुष्मिता मंडल के साथ शिक्षिका खुशबू साहू, शिक्षिका रीना सिन्हा व शिक्षिका नम्रता परचानी को सौंपा गया। शाला की खबरों के लिए मिडिया का प्रभार शिक्षिका रुचि श्रीवास्तव को दिया गया। शाला के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी एवं सोनल बाजपेयी द्वारा सभी निर्वाचित सदस्यों को बधाई देते हुए सौंपे गए कार्य को गति देने शुभकामनाएं दी गई। सभी सदस्यों द्वारा अपने कार्य के सफल संचालन के लिए शपथ ली गई। पालकों की उपस्थिति से समारोह की गरिमा बढ़ गई। प्राचार्या श्रीमती एकता गांधी के मार्गदर्शन में समारोह संपन्न किया गया। अंत में आभार प्रदर्शन एडमिन नितिन चौहान द्वारा किया गया।

## भूपेश बघेल सरकार में अनेक घोटाले हुए हैं - अशोक चौधरी



राजनंदगांव (दावा)। शहर के वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक चौधरी ने कांग्रेस पार्टी के ईडी के खिलाफ हल्लाबोल को हास्यास्पद और कांग्रेस द्वारा भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाला बताया है।

**आबकारी मंत्री लखमा और चैतन्य बघेल का हाथ होना साबित**

श्री चौधरी ने कहा कि भूपेश बघेल सरकार में अनेक घोटाले हुए है। जिसमें एजाज ढेबर, अनवर ढेबर आबकारी मंत्री लखमा और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल का सीधा हाथ होना साबित हो चुका है। उनके घरों में छापेमारी पर नकली होलोग्राम का मिलना इस बात की पुख्ता गवाह है। उन्होंने कहा कि ईडी की कार्रवाई भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने और भ्रष्ट आचरण वालों को उनके अंजाम तक पहुंचने वाला है। आमजन यह भलिभांति जानते हैं कि शराब घोटाला तो हुआ है। यदि शराब घोटाला मनगढ़ंत होता ढेबर बंधु और आबकारी मंत्री लखमा 6 महीने से ज्यादा से जेल में नहीं होते और लोअर कोर्ट हाई कोर्ट के द्वारा उनकी जमानत को खारिज नहीं की जाती। इनके साथ अब चैतन्य बघेल का भी जेल जाने की बारी है। श्री चौधरी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी प्रारंभ से ही भ्रष्टाचार करते रही है। कई गलत कार्यों के चलते इनका शीर्ष नेतृत्व भी कई मामलों में जमानत पर है। उन्हें भी सजा होना निश्चित है। कांग्रेस पार्टी लाख हल्ला बोले लेकिन शराब घोटाले में इंसाफ होकर रहेगा। ईडी द्वारा शराब घोटाले में 205 करोड़ की संपत्ति जप्त कर अटैच किया हुआ है। इसके बावजूद कांग्रेस का हल्ला करना उसकी बेशर्मी को दर्शाता है।

## शंकरपुर में साई बाबा की मूर्ति स्थापना, सुनील बंसोड़ ने दी भजनों की शानदार प्रस्तुति

राजनांदगांव (दावा)। शंकरपुर के वार्ड नंबर 9 में, सावन के पवित्र माह में गुरुवार 17 जुलाई को श्री साईं बाबा की मूर्ति स्थापित की गई और उनकी प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई। इस अवसर पर साईं बाबा की पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना और जलाभिषेक किया गया। बाबा को भोग लगाने के पश्चात् प्रसाद के रूप में फल, हलवा, खीर, पूड़ी और सब्जी का वितरण किया गया।




### सुनील बंसोड़ के भजनों से गूंजा पंडाल

शाम 7 बजे से सुप्रसिद्ध भजन गायक सुनील बंसोड़ ने साईं भजनों की बेजोड़ प्रस्तुति दी। जिसमें साईं बाबा की महिमा का बखान किया गया। उनके द्वारा प्रस्तुत किए गए भजनों में 'मेरा प्यारा प्यारा साईं शिर्डी वाला', 'ऐसा भला खुला कहा दरबार मिलेगा', 'ताली बजाके बोलो जय साईंनाथ' और 'साईनाथ तेरे हजारों हाथ' जैसे लोकप्रिय भजन शामिल थे। इसके अलावा, सुनील बंसोड़ ने गणेश जी और माता रानी का स्मरण करते हुए भोलेनाथ पर 'जय हर हर भोला', श्री राम जी पर 'राम नाम के जोत ला जला' और हनुमान जी पर 'बजरंग बली छाये गली भक्त हैं महान' जैसे भजनों की भी शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में अन्य कलाकारों ने भी अपनी संगत दी। जिनमें ऑर्गन पर पुखराज सिन्हा, तबला पर भूपेंद्र सेन, ढोलक पर दिनेश साहू और पैड पर हरीश यादव शामिल थे। कोरस में चुन्नीलाल साहू, रोशन शेंडे, और राजेंद्र रामटेके ने उनका साथ दिया। उपस्थित जनमानस ने भजनों का भरपूर आनंद लिया, ताली बजाते रहे और झूमते रहे।

## गायत्री विद्या मंदिर में पर्यावरण जागरूकता रैली

राजनांदगांव (दावा)। गायत्री विद्या मंदिर (हिंदी माध्यम) में हाल ही में पर्यावरण दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने एक पर्यावरण जागरूकता रैली निकाली गई। जिसमें वे हाथों में 'पर्यावरण बचाना है, पेड़ लगाना है' जैसे नारे लिखी तख्तियां थामे हुए थे। बच्चों ने नारे लगाते हुए कंचनबाग कॉलोनी में भ्रमण किया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।





### गीत, कविता और नाटकों से दिया पर्यावरण का संदेश

शाला में पर्यावरण से संबंधित कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिनमें गीत, कविता, नाटक और भाषण शामिल थे। कक्षा आठवीं की छात्राओं ने एक गीत के माध्यम से प्रेरणादायक संदेश दिया कि 'पर्यावरण से है जीवन इसे अपना दोस्त बनाना है।' बच्चों ने अपनी कविताओं के जरिए जन्मदिन जैसे शुभ अवसरों पर पेड़ लगाने का महत्व समझाया। एक नाटक के माध्यम से बच्चों ने यह भी बताया कि यदि हम पैसों के लालच में पेड़ों की अंधाधुंध कटाई करते हैं, तो हमारा जीवन संकट में पड़ सकता है। कक्षा पांचवीं की छात्रा ओजस्वनी यादव ने अपने भाषण में इस बात पर जोर दिया कि यदि पर्यावरण का संरक्षण नहीं किया गया तो हवा, जल और मिट्टी सभी प्रदूषित हो जाएंगे।

### हरी सब्जियों का महत्व और जागरूकता में भागीदारी

नर्सरी के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने मटर, आलू, बैंगन, करेला और मिर्ची की वेशभूषा धारण कर हरी ताज़ी सब्जियां खाने का संदेश दिया। गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष सर बृजकिशोर सुरजन, सचिव गगन लड्ढा एवं अन्य पदाधिकारियों ने इस जागरूकता रैली की विशेष सराहना की। शाला की प्राचार्य सुश्री सीमा श्रीवास्तव और उप-प्राचार्य श्रीमती तामेश्वर साहू ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को बधाई दी।







## सहायक संचालक डॉ. एम.सुधीश का राजनांदगांव दौरा 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान का लिया जायजा

राजनांदगांव (दावा)। राज्य परियोजना कार्यालय के सहायक संचालक डॉ. एम. सुधीश ने 19 जुलाई को राजनांदगांव का दौरा किया और 'मिशन लाइफ' के तहत चल रहे महत्वाकांक्षी कार्यक्रम 'एक पेड़ माँ के नाम' 2.0 अभियान में हिस्सा लिया। शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित इस पौधारोपण कार्यक्रम में राज्य स्तर के कई अधिकारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।



### पौधारोपण में अधिकारियों और छात्रों ने लिया बढ़-चढ़कर हिस्सा

डॉ. एम. सुधीश और समग्र शिक्षा रायपुर के एपीसी राजकुमार चाफेकर के कर-कमलों से माध्यमिक शाला बघेरा के प्रांगण में पौधारोपण का कार्य संपन्न हुआ। इस अवसर पर जिला स्तर के कई प्रमुख अधिकारी भी मौजूद रहे। जिनमें जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल, जिला मिशन समन्वयक सतीश ब्यौहरे, एडीपीओ पी.आर. झाड़े, एपीसी मो. रफीक अंसारी, आदर्श वासनिक, मनोज मरकाम, श्रीमती कामिनी साहू, समग्र शिक्षा दुर्ग के एपीसी विवेक शर्मा और विकासखंड राजनांदगांव के विकासखंड स्त्रोत समन्वयक भगत सिंह ठाकुर शामिल थे। इन सभी ने भी वृक्षारोपण किया। छात्रों ने भी अपनी माताओं के नाम पर पौधे लगाए, जिसमें उनकी माताओं की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। इससे पहले भी शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला के छात्रों ने अपने घरों में 'एक पेड़ माँ के नाम' कार्यक्रम का आयोजन कर बड़ी संख्या में पौधे लगाए थे। माध्यमिक शाला बघेरा के छात्र, शिक्षक और पालक इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूरी लगन से प्रयास कर रहे हैं। इस पौधारोपण अभियान में मुख्य रूप से जाम, जामुन, करंज, गुलमोहर और अशोक के पौधे लगाए गए।

### स्कूल का निरीक्षण और छात्रों के कार्यों की सराहना

पौधारोपण के बाद राज्य और जिला स्तर के अधिकारियों ने शाला का निरीक्षण किया। उन्होंने विशेष रूप से विज्ञान, कला और गणित के टीएलएम (शिक्षण-अधिगम सामग्री) कॉर्नर का अवलोकन किया और बच्चों द्वारा बनाए गए टीएलएम के प्रस्तुतीकरण को देखा। अधिकारियों ने बच्चों और शिक्षकों के कार्यों की अत्यंत सराहना की। वे स्मार्ट क्लास, पौधों पर लगे क्यूआर कोड और शाला की सभी गतिविधियों से काफी प्रभावित हुए।

### गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति

इस अवसर पर संकुल केंद्र बघेरा के संकुल समन्वयक गुफरान मोहम्मद सिद्दीकी, शाला के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, मधुलिका विश्वकर्मा, प्रीति शर्मा, सुनीता ठाकुर, संजीव कुमार जांगड़े, टेड़ेसरा से नमिता देवांगन, सोमनी से बबीता गिरी, बघेरा की सरपंच ऐश्वर्या देशमुख, हायर सेकेंडरी स्कूल के शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष दुर्जन लाल देवांगन, माध्यमिक शाला बघेरा के शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नेमबाई साहू, उपाध्यक्ष सरिता मंडावी, प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक अलेन वर्मा, दीप्ति साहू, हिना साहू और कल्पना रामटेके भी उपस्थित रहे।

'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत राजनांदगांव जिले में अब तक 11,000 पेड़ लगाए जा चुके हैं, जो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## पूर्व पार्षद मेवालाल असैया ने 70वें जन्मदिन पर किया नेत्रदान का संकल्प



राजनांदगांव (दावा)। ब्लू डायमंड सिटी निवासी और वार्ड क्रमांक 40 के पूर्व पार्षद मेवालाल असैया ने आज अपने 70वें जन्मदिन के शुभ अवसर पर नेत्रदान करने की घोषणा की। यह प्रेरणादायक पहल उन्होंने अपने परिवार और मित्रजनों की उपस्थिति में की। उनके इस सार्थक निर्णय पर शुभचिंतकों ने उन्हें स्वस्थ जीवन की शुभकामनाएं और बधाई दी। मेवालाल असैया ने बताया कि उन्हें नेत्रदान करने की प्रेरणा अपने पिताजी पचकोड़ी दास असैया से मिली थी। उनके पिताजी की दृष्टि एक नेत्र संबंधी बीमारी के कारण चली गई थी और उन्होंने अपने जीवन के अंतिम 12 वर्ष नेत्रहीनता में व्यतीत किए। उन्हें अपने दैनिक कार्यों को करने में भी काफी कठिनाई होती थी। अपने पिताजी की इस पीड़ा को देखते हुए मेवालाल असैया ने अपने दोनों नेत्रों को दान करने का संकल्प लिया, ताकि किसी जरूरतमंद नेत्रहीन व्यक्ति के जीवन में रोशनी आ सके। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा, राजनांदगांव नगर निगम महापौर मधुसूदन यादव, जिला भाजपा अध्यक्ष कमल सिंह राजपूत, उदयाचल नेत्र चिकित्सालय के अध्यक्ष राजेंद्र बाफना और उनके मित्रगणों ने मेवालाल असैया को इस नेक कार्य के लिए बधाई दी।

**शुभांक**

अनुमानित

बी. के.

678-1 346-3

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

# अग्रवाल समाज द्वारा भगवान शिव का महारुद्राभिषेक



राजनांदगांव (दावा)। पवित्र सावन मास में भगवान शिव की भक्ति एवं अराधना की बयार चल रही है। इसी कड़ी में अग्रवाल समाज द्वारा विगत दिवस भोलेनाथ के रूद्राभिषेक का आयोजन किया गया।

अग्रवाल सभा के अध्यक्ष शरद अग्रवाल सचिव आलोक बिंदल कोषाध्यक्ष अशोक अग्रवाल ने बताया कि पहली बार आमगांव से आये 'भोले के दिवाने' भक्त मंडल द्वारा स्थानीय अग्रसेन भवन में भजन एवं नृत्य नाटिका के साथ पार्थिव शिवलिंग एवं शिव पार्वती की मूर्ति का निर्माण कर विधिविधान के साथ भगवान भोलेनाथ का 'रूद्राभिषेक' कराया गया। अग्रवाल महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती मंजू खोखरिया सचिव श्रीमती रीना अग्रवाल कार्यक्रम संयोजिका श्रीमती सुनिता अग्रवाल ने जानकारी दी कि 'रूद्राभिषेक' में अग्रवाल समाज के 150 महिला एवं पुरूषों ने भगवान शिव का अभिषेक एवं पूजन किया। भक्तिमय इस आयोजन में बड़ी संख्या में अग्रवाल समाज के लोग उपस्थित रहे। शिव पार्वती की नृत्य नाटिका तथा राधा कृष्ण की रासलीला की प्रस्तुति से लोगों ने भावविभोर होकर भक्तिरस का आनंद उठाया। फुलों की होली तथा भस्म आरती से समूचा वातावरण शिवमय हो गया। उपस्थित भक्तों ने इस अनुठें कार्यक्रम की खूब सराहना की।

भोले के दिवाने मंडली के मनीष शर्मा, ज्ञानू अग्रवाल ने बताया कि उनके मंडल का उद्देश्य सनातन संस्कृति की रक्षा हेतु हिन्दु सनातनियों में धर्म के प्रति जागरूकता लाना, सांस्कृतिक वातावरण का निर्माण करना, माता-पिता तथा वयोवृद्ध जनों को सम्मान दिलाना, अतिनिर्धनों लाचार एवं रोगी व्यक्तियों को अर्थ सहयोग एवं ईलाज उपलब्ध कराना है।

अंत में भोजन प्रसादी के साथ कार्यक्रम संम्पन्न हुआ। शिव रूद्राभिषेक के इस अभिनव आयोजन को सफल बनाने में अग्रवाल सभा के पूर्व अध्यक्ष सुशील पंसारी, सुशील अग्रवाल, राजेश खोखरिया, श्रीकिशन अग्रवाल, नरेन्द्र गोयल, भावेश अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, अग्रवाल महिला मंडल की रेखा अग्रवाल, पुष्पा अग्रवाल, वीणा अग्रवाल, श्रद्धा अग्रवाल, नवयुवक मंडल के अध्यक्ष हर्ष लोहिया, चैतन्य अग्रवाल, सूरज अग्रवाल का विशेष सहयोग रहा। यह जानकारी मीडिया प्रभारी संजय अग्रवाल ने दी।

# छुरिया पुलिस की असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई, दो गिरफ्तार कर जेल भेजे गए



राजनांदगांव (दावा)। छुरिया पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में सक्रिय दो असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए उन्हें जेल भेज दिया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान सचिन कुमार साहू (23 वर्ष), पिता ललित साहू, और भोजराम साहू (27 वर्ष), पिता निर्मल दास साहू, दोनों निवासी ग्राम भोलापुर थाना छुरिया के रूप में हुई है। छुरिया थाना प्रभारी ने बताया कि यह कार्रवाई जिला पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, और अनुविभागीय अधिकारी पुलिस डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे असामाजिक तत्वों के खिलाफ अभियान का हिस्सा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार 19 जुलाई को शिकायत मिली थी कि ये दोनों आवेदक से 'मेरे विरुद्ध थाने में शिकायत करते हो' कहकर वाद-विवाद कर रहे थे। इस शिकायत पर पुलिस ने तत्काल संज्ञान लिया और अनावेदकों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 170, 126, 135(3) के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की। इसके बाद दोनों आरोपियों को जेल दाखिल करा दिया गया है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए असामाजिक तत्वों के खिलाफ ऐसी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# हरदी की शिवनाथ नदी में गाद बनी समस्या, कावड़ियों को हो रही भारी असुविधा



राजनांदगांव (दावा)। शहर की जीवनदायिनी शिवनाथ नदी गाद और मिट्टी से पट गई है। जिससे श्रद्धालुओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मार्च महीने में 6 मार्च गुरुवार को नवनिर्वाचित पार्षद चंद्रकृत साहू ने गर्मी में संभावित जल संकट को देखते हुए श्रमदान के माध्यम से शिवनाथ नदी से गाद निकालने की पहल की थी। दुर्भाग्य से पांच महीने बीत जाने के बाद भी शासन-प्रशासन ने शिवनाथ नदी के पचरी (घाट) पर जमा गाद और मिट्टी को नहीं हटाया है। अभी सावन का महीना चल रहा है और सुबह 4 बजे से ही शहर व आसपास के हजारों कावड़िये और श्रद्धालु शिवनाथ नदी में स्नान करने और जल लेने आते हैं। पचरी पर गाद और मिट्टी होने के कारण उन्हें स्नान करने और जल भरने में काफी असुविधा हो रही है।

जिला प्रशासन से अपील की गई है कि कावड़ियों और श्रद्धालुओं की भावनाओं का सम्मान करते हुए पचरी से तत्काल गाद मिट्टी हटाई जाए। ऐसा न होने पर अगली बारिश या बाढ़ आने पर यह सारी गाद फिर से नदी में मिल जाएगी। जिससे समस्या और बढ़ जाएगी। स्थानीय निवासियों ने चिंता व्यक्त की है कि एक ओर जिला प्रशासन, नगर पालिका निगम और जल संसाधन विभाग 'पौधे लगाओ' और 'नदी जल संरक्षण करो' की अपील करते हैं। वहीं दूसरी ओर जब कोई जनप्रतिनिधि श्रमदान कर एक अच्छे कार्य की पहल करता है तो उसे शासन-प्रशासन से कोई सहयोग नहीं मिलता। यह स्थिति वास्तव में चिंताजनक है।

# 7 वर्षीय नन्ही सिरजनहार कौर के जन्मदिन पर एरॉन जेन्सन स्कूल में हुआ वृक्षारोपण



राजनांदगांव (दावा)। एरॉन जेन्सन मेमोरियल हाईस्कूल में एक प्रेरक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहाँ नन्ही सिरजनहार कौर के 7वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया। यह पहल न केवल पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने का माध्यम बनी, बल्कि बचपन से ही बच्चों को प्रकृति से जोड़ने का एक सुंदर प्रयास भी साबित हुई। इस अवसर पर सिरजनहार कौर के पिता, ज्ञानी नरिंदर सिंह ने अपनी बेटी को जन्मदिन की शुभकामनाएँ देते हुए कहा, 'वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं और आज मेरी बेटी का यह जन्मदिन सच में यादगार बन गया।' वृक्षारोपण कार्यक्रम में स्कूल के डायरेक्टर विमल राव, प्रधानाचार्य श्रीमती पल्लवी राव, कक्षा शिक्षिका श्रीमती माधवी जंघेल और शिक्षिका खुशी परमार भी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर नन्ही सिरजनहार के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। विद्यालय परिवार की यह पहल अन्य विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरणा स्रोत बनी है। साथ ही इसने यह संदेश भी दिया कि हर जन्मदिन को केवल उत्सव के रूप में ही नहीं, बल्कि समाज और प्रकृति के लिए एक सार्थक अवसर के रूप में मनाया जा सकता है।

# सोमवार को होगा बाबा महाकाल पालकी यात्रा का भव्य स्वागत



राजनांदगांव (दावा)। श्रावण मास के दूसरे सोमवार को नगर में महाकाल सेना द्वारा भगवान महाकाल श्री चंद्रमौलेश्वर की भव्य पालकी यात्रा निकाली जा रही है। इस दैवीय पालकी यात्रा का भव्य स्वागत लालबाग स्थित शहीद हेमू कालानी चौक पर किया जाएगा।

### शिव सेवा मंडल द्वारा भव्य स्वागत और विशेष कार्यक्रम

शिव सेवा मंडल लालबागेश्वर धाम द्वारा आयोजित बाबा महाकाल के स्वागत-सत्कार कार्यक्रम में मुख्य रूप से महापौर मधुसूदन यादव, राजस्व विभाग के चेयरमैन (पार्षद) राजा माखीजा, महाकाल सेना के राजेश डागा, सिंधी समाज के अध्यक्ष मन्नूलाल मोटवानी, समाज के वरिष्ठ ब्रह्मानंद बजाज, आवतराम तेजवानी, अर्जुनदास पंजवानी आदि सहित बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु और शिव सेवा मंडल के धर्मानुरागी लोग उपस्थित रहेंगे। शिव सेवा मंडल के श्री गंगवानी ने बताया कि लालबाग स्थित शिव धाम मंदिर में श्रावण सोमवार के पावन अवसर पर बर्फ से निर्मित बाबा अमरनाथ का भव्य शिवलिंग दर्शनीय बना हुआ है। इस दौरान, पूरी भक्ति-भाव के बीच दोपहर 1 बजे शहीद हेमू कालानी चौक समीप स्थित शिव उद्यान में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत बेलपत्र का पौधा रोपा जाएगा। इसके बाद, पूजा-अर्चना के उपरांत महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा।

**शिव उद्यान में 'एक पेड़ माँ के नाम' पर बेलपत्र रोपण, पूजा अर्चना उपरांत महाप्रसादी वितरण**

### इन स्थानों से गुजरेगी पालकी यात्रा

शिव सेवा मंडल लालबागेश्वर धाम के भाई अर्जुन दास गंगवानी ने बताया कि सावन मास के द्वितीय सोमवार को भगवान महाकाल श्री चंद्रमौलेश्वर की पालकी यात्रा दोपहर 2 बजे बसंतपुर स्थित क्लब चौक से प्रारंभ होगी। यह यात्रा महामाया चौक, गांधी नगर, महेश नगर, कमला कॉलेज समीप स्वामी विवेकानंद चौक होते हुए फुर्सत के पल तक जाएगी। वहां से मुड़कर रानी सागर के पास से होते हुए प्रभात नगर स्थित भगवान जगन्नाथ महाप्रभु मंदिर पहुंचेगी। यहां पूजा-अर्चना के पश्चात बाबा की पालकी यात्रा सीधे लालबाग समीप शहीद हेमू कालानी चौक पहुंचेगी। जहां अतिथियों सहित शिव सेवा मंडल और सिंधी समाज के लोगों द्वारा भव्य स्वागत किया जाएगा। इस दौरान, मंडल द्वारा लालबाग गली नंबर 5 में महाप्रसादी वितरण का कार्यक्रम भी रखा गया है। शिव सेवा मंडल ने समस्त महाकाल भक्तों से इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है। यह जानकारी अर्जुन दास गंगवानी द्वारा दी गई है।

# 'बात तो हम 100 साल की करते हैं पर कल क्या होगा इसकी खबर नहीं' - मुनि वीरभद्र

**0 हम किसी का 'कर्ता' नहीं बन सकते, किंतु निमित्त अवश्य बन सकते हैं**
**0 खाना खिलाने समय आपका भाव महत्व रखता है**



राजनांदगांव (दावा)। प्रख्यात जैन संत और मुनि विनय कुशल के सुशिष्य मुनि वीरभद्र (विराग) ने जैन बगीचा स्थित उपाश्रय भवन में अपने नियमित प्रवचन के दौरान कहा कि हम बातें तो 100 साल की करते हैं, किंतु हमें कल की खबर नहीं होती। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अपना साम्राज्य या अपना बेटा तभी फलता-फूलता है जब परिस्थितियां अनुकूल हों। उन्होंने कहा, अपना तो अपना होता है, वह कहीं नहीं जाता, वह घूम-फिर कर हमारे पास आ ही जाता है।

### 'सधार्मिक भक्ति' का महत्व और 'शक्ति' का रूप

मुनि श्री वीरभद्र (विराग) ने प्रवचन में बताया कि आप किसी को क्या खिला रहे हैं, यह उतना महत्वपूर्ण नहीं होता, जितना यह कि आप किस भाव से खिला रहे हैं। उनके अनुसार सधार्मिक भक्ति वह होती है जो आंतरिक भाव से की जाए। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आजकल सधार्मिक भक्ति का रूप 'शक्ति' ने ले लिया है। उदाहरण देते हुए उन्होंने समझाया कि जब हम कैटरर्स को खाना बनाने का ऑर्डर देते हैं, तो वह खाना तो बना देता है, किंतु उसमें वह भाव नहीं होता जो हमारे मन में खाना खिलाने का होता है।

### जरूरतमंदों की मदद और कर्म का सिद्धांत

जैन मुनि ने आगे कहा कि हमें पहले अपने परिवार पर खर्च करना चाहिए। फिर कमजोर रिश्तेदारों पर और उसके बाद जरूरतमंदों पर उन्होंने एक महत्वपूर्ण बात कही कि हर परिवार यदि एक कमजोर परिवार को गोद ले ले तो यह 'सम्यक दर्शन' होगा, लेकिन यह तभी 'सम्यक दर्शन' कहलाएगा जब हम उस परिवार को अपने परिवार की तरह ही मानें। यदि हम ऐसा उत्कृष्ट भाव से करते हैं तो भविष्य में हम ऐतिहासिक कल्याण के भागी बन सकते हैं। हमें उस परिवार को यह भी एहसास दिलाना होगा कि 'आपके जीवन में तकलीफ आई ही क्यों, कहीं न कहीं आपने धर्म से विरत कार्य किया है, इसलिए धर्म करें। यदि धर्म करोगे तो आने वाला जीवन धन्य हो जाएगा।'

मुनि वीरभद्र (विराग) ने यह भी कहा कि जब कर्म साथ नहीं होते तभी विपरीत परिस्थितियां निर्मित होती हैं। उन्होंने आगे कहा कि व्यक्ति की पहचान विपरीत परिस्थितियों में ही होती है। उन्होंने समझाया कि यदि जीवन में 'सम्यक दर्शन' आ जाए तो निमित्त और कार्य के बीच का अंतर स्पष्ट दिखाई देगा। मन में किसी के लिए दुर्भाव रखना हमारे लिए उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि 'मन में इच्छा जाग जाए तो सारे मार्ग मिल जाते हैं।' अंत में उन्होंने उपस्थित लोगों से कहा कि हम किसी के कर्ता नहीं बन सकते तो क्या 'निमित्त' तो बन सकते हैं और आत्मा को 'निमित्त' बनाकर आत्म कल्याण के मार्ग पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

# स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 : राजनांदगांव को नंबर वन बनाने के लिए आज ही दें अपना फीडबैक

राजनांदगांव (दावा)। क्या आप चाहते हैं कि जिला राजनांदगांव स्वच्छता में पूरे देश में चमक उठे, तो यह आपके लिए सुनहरा मौका है, स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 के तहत, जिला प्रशासन ने स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण-2025 मोबाइल ऐप के माध्यम से अधिक से अधिक फीडबैक देने की अपील की है। आपकी भागीदारी ही हमारे जिले को राष्ट्रीय स्वच्छता रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचा सकती है।

### क्यों महत्वपूर्ण है आपका फीडबैक

नागरिकों द्वारा दिया गया हर फीडबैक ग्राम स्तर पर स्वच्छता, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, शौचालय के उपयोग और स्वच्छता जागरूकता जैसे महत्वपूर्ण मानकों पर आधारित होता है। यही फीडबैक राष्ट्रीय स्तर पर हमारे जिले की स्वच्छता रैंकिंग तय करने में निर्णायक भूमिका निभाता है। यह सिर्फ एक सरकारी सर्वे नहीं, बल्कि एक जनआंदोलन है। जिसमें आपकी सक्रिय भूमिका बेहद जरूरी है।

### कैसे दें अपना फीडबैक, यह है बेहद आसान

अपने मोबाइल के गूगल प्ले स्टोर पर जाएं और स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण- 2025 एप डाउनलोड करना होगा। एप खोलें और अपने मोबाइल नंबर से आसानी से लॉगिन करें। अपने ग्राम का चयन करें और दिए गए सरल प्रश्नों के उत्तर देना होगा।

### जिपं सीईओ सुरुचि सिंह ने की अपील



जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री सुरूचि सिंह ने सभी नागरिकों से अपील की है कि स्वच्छता केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है। यह जनभागीदारी से ही एक सच्चा जन-आंदोलन बन सकती है। स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण-2025 एप के जरिए अपने अमूल्य सुझाव और फीडबैक जरूर दें, ताकि जिला स्वच्छता की दौड़ में अग्रणी स्थान प्राप्त कर सके। फीडबैक देने की अंतिम तिथि नजदीक है, इसलिए इंतजार न करें। आज ही अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। आपका एक फीडबैक हमारे जिले का उज्ज्वल भविष्य। स्वच्छ राजनांदगांव - सशक्त छत्तीसगढ़।

# डोंगरगढ़ में युवा कांग्रेस ने किया पुतला दहन : ईडी की कार्रवाई के विरोध में प्रदर्शन



डोंगरगढ़ (दावा)। प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा और राजनांदगांव ग्रामीण जिलाध्यक्ष महेश सेन के मार्गदर्शन में डोंगरगढ़ विधानसभा अध्यक्ष सौरभ वैष्णव के नेतृत्व में युवा कांग्रेस ने केंद्र सरकार और छत्तीसगढ़ सरकार के खिलाफ पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित किया।

यह प्रदर्शन केंद्र सरकार की 'हाथों की कठपुतली' बन चुकी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा कांग्रेस एवं विपक्ष की आवाज को लगातार कमजोर करने के प्रयासों के विरोध में था। युवा कांग्रेस का आरोप है कि ईडी झूठी कार्रवाइयां कर रही है। विरोध प्रदर्शन का मुख्य कारण पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निवास पर ईडी की कथित 'मोदी और केंद्र के आदेश पर' दबिश देना और चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी था। डोंगरगढ़ के गोल बाजार के पास हुए इस पुतला दहन कार्यक्रम में युवा कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष संदीप गहरवार, डोंगरगढ़ विधानसभा अध्यक्ष सौरभ वैष्णव, पार्षद के. विनायक राव, अध्यक्ष तरुण फुले, घुमका अध्यक्ष अमित राजपूत, नागेंद्र सिन्हा, टीकम सिन्हा, उग्रसेन साहू, रूपेश वर्मा, सुरेश मेश्राम, अमन ठाकुर, रोहित चौधरी, चंद्रशेखर बोरकर, संजय लहरे, दीपक राकेश निर्मलकर और अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## तलवार लहराकर डराने वाले दो बदमाश गिरफ्तार, जेल भेजे गए

राजनांदगांव (दावा)। तुमड़ीबोड़ ग्रामीण पुलिस चौकी में मिली शिकायत के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तलवार लहराकर लोगों को डराने-धमकाने वाले दो आदतन बदमाशों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। तुमड़ीबोड़ निवासी प्रार्थी ने शनिवार 19 जुलाई को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि गांव के अरुण विश्वकर्मा और आकाश यादव रामनगर स्थित राम मंदिर के पास तलवार लहराकर आने-जाने वाले लोगों को डरा-धमका रहे हैं।

# आयुक्त ने लिया वार्डों में साफ-सफाई का जायजा, कार वॉशिंग सेंटर का नल कनेक्शन काटने के निर्देश



राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा शहर में साफ-सफाई में गुणात्मक सुधार लाने और चल रहे निर्माण कार्यों को समय सीमा में पूरा कराने के लिए प्रतिदिन सुबह विभिन्न वार्डों का जायजा ले रहे हैं। शुक्रवार को उन्होंने शीतला मंदिर वार्ड, नंदई और फ्लाई ओवर के नीचे की साफ-सफाई का निरीक्षण किया और स्वास्थ्य अमले को सफाई के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

### शीतला मंदिर रोड पर सफाई और जल संरक्षण पर जोर

आयुक्त विश्वकर्मा ने शीतला मंदिर रोड पर सुबह साफ-सफाई का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने बूढ़ातालाब के किनारे हो रही सफाई की सराहना की और निर्देश दिए कि तालाब के किनारों की सफाई अच्छी तरह से की जाए। साथ ही, तालाब में कचरा और प्लास्टिक जाने से रोकने के लिए जाली लगाने को कहा। उन्होंने वार्ड में प्रतिदिन निर्धारित समय तक सफाई करने और पानी भराव वाले क्षेत्रों में कच्ची नालियां खोदकर निकासी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। आयुक्त ने यह भी निर्देश दिए कि सभी कर्मचारी निर्धारित समय पर उपस्थित रहकर अपने कार्यों का संपादन करें और बिना अनुमति के अवकाश पर न रहें।

### सामुदायिक शौचालय की गुणवत्ता पर जताई नाराजगी, दिए कार्रवाई के निर्देश

उन्होंने सामुदायिक शौचालय का भी निरीक्षण किया और कार्य में तेज़ी लाकर गुणवत्ता के साथ जल्द से जल्द इसे पूरा करने को कहा, ताकि इसे उपयोग के लिए शीघ्र चालू किया जा सके। शौचालय मरम्मत कार्य में कुछ शौचालयों में गुणवत्ताहीन कार्य पाए जाने पर उन्होंने नाराज़गी व्यक्त की और उप अभियंता को कार्य ठीक कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी प्रतिदिन मॉनिटरिंग कर कार्य कराना सुनिश्चित करें।

### कार वॉशिंग सेंटर के नल कनेक्शन काटने के आदेश

शीतला मंदिर रोड पर निरीक्षण के दौरान आयुक्त विश्वकर्मा ने एक कार वॉशिंग सेंटर में नल से वाहन धोते हुए देखा, जिस पर उन्होंने तत्काल जल विभाग के प्रभारी अधिकारी को नल कनेक्शन काटने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार वॉशिंग में पानी का अधिक अपव्यय होता है और नल से धुलाई करने पर पानी की बर्बादी होती है। उन्होंने सभी कार वॉश सेंटरों का निरीक्षण करने के भी निर्देश दिए। नंदई में सफाई निरीक्षण के दौरान, फ्लाई ओवर के नीचे गंदगी देखकर उन्होंने सफाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित दुकानदारों से कहा कि वे अपने आस-पास कचरा न फैलाएं और कूड़े को डस्टबिन में रखकर स्वच्छता दीदियों को दें। कचरा फैलाने वालों से जुर्माना वसूलने के निर्देश प्र. स्वास्थ्य अधिकारी राजेश मिश्रा को दिए गए। आयुक्त ने यह भी कहा कि कचरा फैलाने, अतिक्रमण करने और सामान फैलाकर रखने वालों को पहले समझाइश दी जाए और फिर आवश्यकतानुसार कार्रवाई की जाए।

# कौरिनभाठा शीतला मंदिर के पास सामुदायिक भवन की नींव रखी गई, महापौर ने किया भूमिपूजन



राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम द्वारा वार्डों में कराए जा रहे विकास कार्यों की कड़ी में आज कौरिनभाठा शीतला मंदिर के पास एक नए सामुदायिक भवन के निर्माण की नींव रखी गई। महापौर मधुसूदन यादव ने इस भवन के लिए भूमिपूजन किया।

इस अवसर पर महापौर यादव ने बताया कि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और सांसद संतोष पाण्डे की अनुशंसा पर शासन ने मूलभूत सुविधा, सड़क, नाली निर्माण सहित अधोसंरचना मद और पर्यावरण निधि के तहत विभिन्न विकास कार्यों के लिए राशि उपलब्ध कराई है। इन्हीं राशियों से सभी वार्डों में विकास कार्य कराए जा रहे हैं। इसी क्रम में वार्ड नं. 45 के कौरिनभाठा शीतला मंदिर के पास अधोसंरचना मद के अंतर्गत 10 लाख रुपये की लागत से यह सामुदायिक भवन बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सामुदायिक भवन बन जाने से शीतला पारा के निवासियों को विभिन्न आयोजनों के लिए एक उचित स्थान मिल जाएगा। यह कार्य बहुत जल्द शुरू किया जाएगा, ताकि इसका लाभ लोगों को शीघ्र मिल सके।

### भूमिपूजन समारोह में गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति

कौरिनभाठा में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में महापौर मधुसूदन यादव के साथ जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष सचिन बघेल, निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य शैकी बग्गा, राजा माखीजा, दिलेश्वर साहू, वार्ड पार्षद डुरेन्द्र साहू, पार्षद कमलेश बंधे, मनोहर यादव, सेवक उईके, सतीश साहू, सामाजिक कार्यकर्ता सुमित भाटिया, पूर्व पार्षद शरद सिन्हा, पार्षद प्रतिनिधि प्रमोद साहू, राजेश यादव, पंकज कुरंजेकर, जीवन चतुर्वेदी और रिद्धि सिद्धि कॉलोनी के अध्यक्ष नरेश साहू भी मौजूद थे। सभी ने पूजा-अर्चना कर गैती चलाकर भूमिपूजन किया।

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष सचिन बघेल ने इस अवसर पर कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय प्रदेश में विकास कार्यों के साथ-साथ हर वर्ग के विकास की सोच को लेकर काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि उनकी ओर से दी गई राशि से वार्डों में विकास कार्य कराए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह की अनुशंसा पर शहर में 63 करोड़ रुपये के विकास कार्यों को स्वीकृति मिली है, जिसका काम आने वाले समय में जमीन पर दिखाई देगा। भूमिपूजन से पहले वार्ड के चंद्रिका उईके, खेम साहू, ढलेश वैष्णव, अरुण राव, संगीता मानिकपुरी, सुषमा दिवाकर और सरस्वती यादव ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। इस अवसर पर उप अभियंता अनूप पांडे सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।

## अनमोल दावा

> "एक अच्छे इंसान की यही पहचान है कि वह किसी में बुराई की तुलना में अच्छाई को ज्यादा देखता है।

## सम्पादकीय

# रक्त रंजित बिहार : चुनाव करीब और आपराधिक मुद्दे गर्माये

बिहार में विधानसभा चुनाव निकट है। क्या इसी के मद्देनजर बिहार में अपराध अनियंत्रित हो गए हैं? यूं भी बिहार जंगल राज को लेकर पूर्व में बदनाम हो चुका है। राजधानी पटना की एक निजी अस्पताल में जिस प्रकार पांच हत्यारों ने दिन के उजाले में एक गैंगस्टर की हत्या कर दी उससे बिहार फिर दहशतजदां राज्य के रूप में फिर चर्चित हो गया है। अब इसे भाग्य ही कहना चाहिए कि, पुलिस ने बंगाल से उन पांचों हत्यारों को गिरफ्तार कर लिया है। जिन्होंने सुपारी लेकर इस जघन्य हत्याकांड को अंजाम दिया था। लेकिन, सवाल यह कि बिहार में कानून व व्यवस्था का भय समाप्त हो गया है? एक के बाद एक आपराधिक घटनाएं घट रही है। नि:संदेह, नीतिश सरकार के लिए यह एक बड़ी चुनौती है। क्या ऐसे ही भयावह वातावरण में वहां चुनाव होंगे? पूर्व के लालु शासनकाल में बोए जहरीले बीज वैमनस्यथता के आज बड़े वृक्ष बन गए हैं।

पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी प्रश्न उठ रहे हैं। गोपाल खेमका हत्या मामले के थोड़े दिनों के बाद ही शूटरों ने सुपारी लेकर एक अस्पताल में ही दिनदहाड़े दूसरी हत्या की। सुपारी के लेन-देन का धंधा बिहार में फुलफार्म में है। शूटरों को किराये पर लिया जाता है फिर उन्हें उनका लक्ष्य बता कर हत्याखोरी हो रही है। नेशनल क्राइम रेकार्डस ब्यूरो के आंकड़ों में बिहार अपराध के मामले में अन्य बहुत राज्यों की तुलना में पीछे होना बताया है। परन्तु, सच्चाई यह है कि आंकड़े पूरा चित्र बयां नहीं करते। अपराध तो देश के प्रत्येक राज्यों में बड़े पैमाने पर हो रहे हैं, किन्तु, पूरा ध्यान तो प्रशासन का अपराध नियंत्रण पर होता है। उद्योगपति खेमका की हत्या के थोड़े दिनों के बाद पटना में विक्रम जानी की हत्या की गई थी। उसके बाद, एक वकील और एक शिक्षक को निशाना बना गया था। यह सिलसिला बेलगाम चल रहा है।

पुलिस क्या कर रही है? यह प्रश्न तो किया ही नहीं जा सकता। गुजरात में शराब के बह रहे रेले के बारे में आज तक किसी सरकार ने पूछा है? पुलिस क्या कर रही है? गुजरात में आन-काल ब्रान्डेड शराब आसानी से मिल जाती है। कहा जा रहा है, बिहार में जो अपराध हो रहे है, उसके संबंधित थानेदारों को पहले से ही इसकी जानकारी होती है।

बिहार में कानून और व्यवस्था का मुद्दा हमेशा राजनीति से जुड़ा रहता है। राज्य की जनता के मन में कई कड़वी यादें हैं। किन्तु, राजनीति में अपराध एक खेल बन गया है। नीतिश सरकार के लिए यह फायदेमंद ही होता है। नीतिश और भाजपा सदैव लालु-राबड़ी यादव के कार्यकाल को ''जंगल-राज'' के रूप में पेश करते हैं। परन्तु, अब यही प्रश्न उनके सामने भी उठ रहे हैं। राज्य सरकार ने अपने बचाव में दो दशक पुराने मुद्दों को जितना उठाना था, उतना उठा लिया और फायदा भी उठा लिया। अब यह मुद्दा नेपथ्य में जाकर कमजोर हो गया है।

जनता ने हिंसक वातावरण को बदलने के लिए उन्हें चुना था। किन्तु, अब फिर खूनी रक्त रंजित बिहार देखकर जनता उन्हें पेवेलियन भेज दे तो आश्चर्य नहीं होनी चाहिए। जो काम कांग्रेस ने छह दशकों तक बिहार में किया और अब वही काम डेढ़ दशक से भाजपा कर रही है। अभी तक की पालिटिकल्स प्रेक्टिस का रहस्य यह कि उनकी घोर जातिवाद पर की श्रद्धा है। यहां के केलकुलेटर के आधार पर उम्मीदवारों का चयन किया जाता है। जनता ही अंत में छल और ठगी का शिकार होती है।

# भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कौन होगा, एक यक्ष प्रश्न?

**अजय दीक्षित**

भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ में यह आम राय नहीं बन पा रही है कि पार्टी का अध्यक्ष कौन होगा। यह एक यक्ष प्रश्न है और किसी भी एक व्यक्ति के हाथ में नहीं है कि वह फैसला कर सके । लेकिन जिन नेताओं के नाम सामने आए हैं उनको भी यह नहीं पता कि उनका नाम कहां से आया है। इस गुत्थी को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरकारवाह

दत्तात्रेय होशवले सुलझाने में लगे हैं। इस पद का चयन 2029 लोकसभा चुनाव से भी जुड़ा है।एक मुद्दा यह भी है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी 17 सितंबर को 75 वर्ष के होने वाले हैं। संघ प्रमुख मोहन भागवत ने हाल ही में संघ प्रचारक स्व मोरोपंत पिंगले के समारोह में बोलते हुए कहा था कि राजनीति में अवकाश की आयु सीमा तय होनी चाहिए।इस संदेश से भारतीय जनता पार्टी में हड़कंप मच गया है।इस संदेश को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से जोड़ा जा रहा है। ऐसा सुना जा रहा है कि लोकसभा सत्र से पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष पद का चुनाव हो सकता है।

2024 में भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कहा था कि अब हमें राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की जरूरत नहीं है। भारतीय जनता पार्टी सक्षम है लेकिन पार्टी के भीतर

संगठन मंत्रियों ने इस बयान को बचकाना माना था और किसी ने भी समर्थन नहीं किया था क्योंकि खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही खंती विभाग प्रचारक रहे हैं। केंद्रीय मंत्री मनोहर



लाल खट्टर, भूपेंद्र सिंह, धर्मेंद्र प्रधान, शिवराज सिंह चौहान, राजनाथ सिंह, और कई मुख्यमंत्री संघ के बकायदा दायित्व वान कार्यकर्ता रहे हैं। और इन नेताओं के नाम ही अध्यक्ष पद के लिए आ रहे हैं। बताया जाता है कि अब की बार राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ अपने स्तर पर मुख्यमंत्रियों से भी राय ले रहा है।संघ ने दत्तात्रेय होसबोले को राय देने की जिम्मेदारी दे रखी है। भारतीय जनता पार्टी चाहती है कि दक्षिण भारत से कोई नाम अंतिम दौर में पहुंचे । महिला के तौर पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, आंध्र प्रदेश से मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू की साली और एन टी रामाराव की पुत्री भाजपा नेत्री, केंदीय मंत्री पुरुदनरी का नाम भी शामिल है। लेकिन उत्तर भारत से हिंदी पट्टी से भी नाम पर सहमति बन सकती है।

भारतीय जनता पार्टी संजय जोशी के नाम को लेकर असमंजस में है वे केंद्रीय संगठन महासचिव भी उस समय रहे हैं जब स्व अटल बिहारी वाजपेई प्रधानमंत्री थे । संजय जोशी भी गुजरात से आते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संजय जोशी के बजाय बी अल संतोष के नाम को आगे बढ़ाने के इच्छुक हैं।संतोष भी वर्तमान में केंद्रीय संगठन महासचिव है। और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के क्षेत्रीय प्रचारक रहे हैं, दक्षिण भारत से भी है। लेकिन राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर कोई बड़ा व्यक्तिव आसीन होने वाला है यह तय है।जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पसंद का भी हो सकता है। राष्ट्रीय अध्यक्ष बनना बड़ी जिम्मेदारी है। उत्तराखंड,दिल्ली, हरियाणा महाराष्ट गोवा ओड़िशा मेघालय मिजोरम नागालैंड त्रिपुरा मणिपुर, मप्र, राजस्थान, गुजरात, उत्तर प्रदेश,असम,में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है जबकि आंध्र प्रदेश, बिहार, एनडीए सरकार है। उल्लेखनीय है कि भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष पद पर चुनाव तीन साल के लिए होता है और दो कार्यकाल से अधिक कोई भी चुना नहीं जा सकता है।

अब तक अटल बिहारी वाजपेई ही ऐसे नेता रहे हैं जो जनसंघ और भारतीय जनता पार्टी के लगभग आठ साल अध्यक्ष रहे हैं। उसके लालकृष्ण आडवाणी 4, वर्ष अध्यक्ष रहे। राजनाथ सिंह दो बार अलग अलग समय पर इस पद पर चुने गए हैं। वैंकैया नायडू, पी अनंत कुमार, कुशाभाऊ ठाकरे, के कृष्णमूर्ति, भी अध्यक्ष रहे हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, जेपी नड्डा,4,4 वर्ष अध्यक्ष पद चुने गए हैं।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऐसे नेता रहे जो जनसंघ के प्रथम संगठन महासचिव रहे और श्यामा प्रसाद मुखर्जी की मृत्यु के बाद अध्यक्ष बने। बलराज माधोक, सुंदर सिंह भंडारी,भी जनसंघ के अध्यक्ष रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी 1984 के लोकसभा चुनावों में 02 सीटे ही जीत पाई थी। उसके बाद लालकृष्ण आडवाणी अध्यक्ष निर्वाचित हुए।1989 लोकसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी ने 86 लोकसभा जीतकर भारतीय राजनीति में अपना स्थान बनाया था।तब से भारतीय जनता पार्टी ने पीछे मुड़कर नहीं देखा।

# युवाओं में नशे के प्रति बढ़ता आकर्षण गंभीर चुनौती

**प्रो. (डॉ.) राजेंद्र प्र. गुप्ता**



युवाओं में नशे के प्रति बढ़ता आकर्षण पूरी दुनिया के सामने एक गंभीर चुनौती के रूप में सीना तानकर खड़ा है। संयुक्त राष्ट्र के द्वारा जारी 'विश्व मादक पदार्थ रिपोर्ट 2024' के अनुसार 29.2 करोड़ से भी अधिक लोग पूरे विश्व में मादक पदार्थ के सेवन में लिप्त हैं। की बात यह है कि ऐसे लोगों की संख्या में पिछले दशक की तुलना में लगभग 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। नशे के प्रति इतनी रु झान मानव सभ्यता के सामने एक गंभीर संकट की ओर संकेत कर रही है। भारत में भी युवा बड़ी संख्या में नशाखोरी की चपेट में हैं। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय ने युवाओं में नशे के प्रति बढ़ती रु चि को एक पीढ़ीगत संकट बताया है। यह चुनौती इतनी गंभीर है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'मन की बात' के तीसरे एपिसोड में 14 दिसम्बर 2014 को पूरी संवेदना के साथ देश के युवाओं से नशाखोरी से बाहर आने की विशेष अपील की थी। साथ ही उन्होंने युवाओं को विास दिलाया कि राष्ट के सामने मौजूद इस गंभीर संकट से निपटने के लिए वे युवा वर्ग के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने को तैयार हैं। आंकड़ों के मुताबिक, देश के लगभग 20 प्रतिशत लोग नशे की चपेट में हैं। इनमें 1.5 करोड़ से अधिक महिलाएं हैं। 10 वर्ष से 17 वर्ष की आयु वर्ग वाले लगभग 1.5 करोड़ किशोर भी इस खतरे की चपेट में हैं, जिनमें चिंताजनक संख्या में छोटी-छोटी बेटियां भी हैं। 'ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज स्टडीज 2017' के अनुसार पूरी दुनिया में 7.30 लाख लोग अवैध ड्रग्सं के सेवन के कारण मृत्यु को प्राप्त हुए, जिसमें से 22 हजार से अधिक लोगों की मृत्यु भारत में भी हुई। एन.सी.आर.बी की एक रिपोर्ट के अनुसार 2019 में ही पूरे देश भर में ड्रग्स से परेशान होकर लगभग 7800 से अधिक लोगों ने आत्महत्या कर ली, जिसमें 20 वर्ष से 50 वर्ष की आयु वर्ग वाले अधिक लोग रहे। कष्टदायक स्थिति ये है कि हमारे कुछ युवा नशे के दुष्प्रभाव के कारण मानसिक रूप से बीमार हो रहे हैं। देश के लगभग 45 मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े अस्पतालों में पिछले 10 वर्षो में भर्ती लोगों में 20 प्रतिशत नशे के कारण मानसिक रूप से अस्वस्थ माने गए।

## विचार सरिता

# लघु उपन्यास यशस्विनी: अध्याय 9 विस्तार को प्राप्त करो

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



यशस्विनी को लेकर दोनों के मन में अत्यंत कोमल भावनाएं थीं। एक गहरा वात्सल्य भाव था और इसी के चलते उन्होंने यशस्विनी के छठवीं कक्षा में पहुंचने पर उसे समझाने की कोशिश करते हुए कहा कि हम दोनों तुम्हें गोद लेना चाहते हैं। दोनों की आंखों में स्नेह और वात्सल्य को यशस्विनी ने अनुभव किया था। अपनी 10-11 वर्ष की अवस्था होने तक उसने हर पल न सिर्फ अपने प्रति बल्कि अनाथालय के हर बच्चे के प्रति महेश और गुरु माता माया के लाड-प्यार और दुलार को देखा था।

अपनी शिक्षा पूरी होने और कैरियर निर्माण के लिए नौकरी के अनेक अच्छे प्रस्ताव आने के बाद भी जब यशस्विनी ने कृष्ण प्रेमालयम में ही रहने का निश्चय किया तो महेश बाबा ने मना किया और कहा- बेटी यहां तुम सीमित हो जाओगी। यहां से दूर रहकर तुम यहां के बच्चों की कहीं अधिक मदद कर पाओगी।तुममें आसमान की बुलंदियों को छूने की संभावना है। तुम जो करना चाहती हो वह करो। नौकरी, व्यापार से लेकर बड़ी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी.. हर कहीं हम तुम्हारा साथ देंगे लेकिन इस संस्थान के प्रति अगर तुम्हारे मन में मोह माया अत्यधिक रही तो फिर तुम अपने जीवन के बड़े उद्देश्य को प्राप्त नहीं कर पाओगी....

यशस्विनी ने धर्मपिता और धर्म माता की बात को शिरोधार्य किया और फिर यहीं शहर में ही रहकर अपना संघर्ष शुरू किया। उसने महेश बाबा से श्री कृष्ण प्रेमालय नाम के प्रयोग की अनुमति ले ली और फिर शहर में अपनी आजीविका के लिए पहले प्रयास के रूप में एक योग प्रशिक्षण संस्था की स्थापना की। न्यूनतम फीस पर वह योग प्रशिक्षण दिया करती। उसने फीस इसलिए रखी क्योंकि एक तो उसकी प्रारंभिक आजीविका की समस्या हल हो जाए और दूसरे अगर वह प्रशिक्षण नि:शुल्क कर देगी तो ''लोग मुफ्त की चीजों को गंभीरता से नहीं लेत'' की तरह उसके प्रशिक्षण को भी उतनी गंभीरता से नहीं लेंगे। वह बच्चों और यहां तक कि बड़ों की भी काउंसलिंग और परामर्श की सेवाएं भी देने लगी। थोड़े ही दिनों में उसने किराए के घर में पेइंग गेस्ट बनकर रहने के बदले स्वयं का एक फ्लैट ले लिया।योग जैसे उसका पैशन था। अपनी संस्था के साथ-साथ श्री कृष्ण प्रेमालय में योग सत्र का संचालन वह खुशी-खुशी करती थी। अत्यधिक व्यस्तता के बाद भी उसने श्री कृष्ण प्रेमालय के स्कूल में योग शिक्षक के रूप में अपनी सेवाएं देने का प्रस्ताव दिया, जिसे तत्काल स्वीकार कर लिया गया था। आज सूर्य नमस्कार दिवस है और यशस्विनी मंच पर आसीन है। सबसे पहले उसने सूर्यनमस्कार के इतिहास और सिद्धांतों की विद्यार्थियों को विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

सबसे पहले महेश बाबा ने विद्यार्थियों को यशस्विनी की एक बड़ी उपलब्धि की जानकारी दी। संयुक्त राष्ट्र संघ ने यशस्विनी को विभिन्न देशों में आयोजित होने वाले योग प्रशिक्षण कार्यक्रमों का मुख्य प्रशिक्षक घोषित किया था। स्वयं प्रधानमंत्री ने ट्वीट कर तेजस्विनी को इस चयन के लिए बधाई दी थी।

यशस्विनी के योग शिविर में सूर्य की प्रथम रश्मियों के साथ ही सूर्यनमस्कार का सामूहिक अभ्यास शुरू हुआ। सभी साधक योग मेट पर अपनी-अपनी जगह पर खड़े थे। रोहित ने प्रोजेक्टर के माध्यम से बैकग्राउंड में स्लाइडों का प्रदर्शन शुरू किया। सबसे पहले यशस्विनी ने सूर्य नमस्कार के इतिहास की जानकारी दी और इस आसन से होने वाले फायदों को बताया। उसने कहना शुरू किया:-

''आज हम सूर्य नमस्कार का अभ्यास करेंगे।क्या आप लोगों को पता है कि इसका नाम सूर्य नमस्कार क्यों है?''

- जी, इसलिए कि यह सूर्य के अभिमुख होकर किया जाता है और यह सूर्य को प्रणाम करना और उनके प्रति अपनी कृतज्ञता का प्रदर्शन होता है।

''सही कहा आपने, सूर्य हमारे सौरमंडल का केंद्र है यह हमारे लिए जीवन का स्रोत है जिस सूर्य से सौरमंडल और इसके सारे ग्रह ऊर्जा ग्रहण करते हैं तो यह हमारे शरीर के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।उस सौर चक्र के साथ हमारा तालमेल होना अत्यंत आवश्यक है।''

एक साधक ने प्रश्न किया:-जब सूर्य इतनी दूर है तो उसका हमारे जीवन पर या हमारी मनोदशा पर क्या प्रभाव पड़ता होगा?

''सूर्य करोड़ों किलोमीटर दूर है फिर भी इसका हमारे जीवन पर गहरा प्रभाव है। आप स्वयं सोचिए अगर सूर्य एक दिन न निकले तो धरती की क्या दशा होती है?'' यशस्विनी ने जवाब देते हुए कहा।

''दीदी आपने सही कहा तब तो त्राहि-त्राहि मच जाएगी।''

''और एक दिन ही क्यों? जब ग्रहण लगता है तो केवल कुछ मिनटों के लिए ही सही, अंधेरा होने पर पूरी दुनिया में असहजता की स्थिति बन जाती है।जब सूर्य संपूर्ण पृथ्वी पर प्रभाव डालता है तो उसका हमारे शरीर और इसके ऊर्जा केंद्रों पर तो अवश्य असर पड़ता है। हमारे शरीर के ऊर्जा केंद्रों और चक्रों को ही संतुलित और जाग्रत करने का कार्य करता है ये सूर्य नमस्कार।'''' ''हम इसका एक उदाहरण समुद्र में उठने वाले ज्वार और भाटा से देख सकते हैं,जो सीधे चंद्रमा से संबंधित है। ऐसा ही प्रभाव सूर्य का भी हम पर पड़ता है और विशेष रूप से सौर चक्र की अवधि में जो 11 वर्षों से लेकर 14 वर्षों का होता है, हम इसे महसूस भी कर सकते हैं। इस अवधि में सूर्य की सतह में अनेक परिवर्तन,सौर तूफान आदि होते हैं और उनका प्रभाव कहीं न कहीं अन्य आकाशीय पिंडों पर पड़ता ही है। हम पृथ्वी में रहते हैं इसलिए हम उससे अप्रभावित नहीं रह सकते हैं।''

यशस्विनी के इस उद्बोधन ने लोगों में उत्सुकता जगा दी। यशस्विनी ने आगे कहा- ''सूर्य नमस्कार हमारे शरीर के लिए अनुकूल और लाभकारी तो है ही,यह सूर्य से भी हमारा अनुकूलन करने में सहायक है। आखिर सूर्य ऊर्जा और प्रकाश के सबसे बड़े स्रोत तो हैं ही।''

यशस्विनी के उद्बोधन के साथ-साथ रोहित प्रोजेक्टर पर विभिन्न स्लाइडों के माध्यम से सारी चीजों को जीवंत भी कर रहे थे और एक तरह से यह दृश्य-श्रव्य समायोजन अत्यंत सुंदर दिख रहा था। स्वयं रोहित मंत्रमुग्ध से यशस्विनी की बातों को सुन रहे थे।

इसके बाद यशस्विनी ने सूर्य नमस्कार का आदर्श प्रदर्शन शुरू किया। अपने स्थान पर खड़ी होकर यशस्विनी ने सबसे पहले प्रणमासन मुद्रा से शुरुआत की। सभी 50 साधक और रोहित उन्हें देख रहे थे। बड़ी कलात्मकता के साथ यशस्विनी ने सूर्य नमस्कार का बाएं और दाएं दोनों पैरों के माध्यम से एक चक्र पूरा किया। 12 चरणों में से प्रत्येक अवस्था के पूरा होने पर वह संबंधित मंत्र का उच्चारण भी कर रही थी। यह सब मंत्रमुग्ध कर देने वाला था और लोग उनकी कला और अभ्यास पर चमत्कृत थे।

## सामयिक चर्चा

# जुगत अपनाइए और सुख पाइए

''टंकी में तराई की नहीं  
बिना प्लास्टर के ही कर दिया रंग-रोगन  
पानी सप्लाई का भी काम अधूरा  
अब खुल रही परतें -  
नोटिस के बाद, आनन-फानन में,  
ठेकेदार द्वारा भुगतान लेने की तैयारी।''  
बानी एक सॉस में यह सब पढ़कर  
बोले-''सुनिए गजाधर !  
आज तुमड़ीबोड़ की खबर  
जल जीवन मिशन में काम बन्द करने वाले  
ठेकेदारों को नोटिस क्या जारी हुई  
कुछ ठेकेदारों ने काम पूरा दिखाने के लिए,  
मालूम गजाधर भाई !  
ऐसई 'जुगत' अपनाई।'  
गजाधर मुच-मुच मुस्कराए, बोले-  
''बानी भैया! देखो, इस महंगाई जन्य  
चिन्ता परेशानी के जमाने में  
जो जितना अधिक 'जुगत'  
को अपनाता है,  
वह उतना ही अधिक  
भौतिक सुख को पाता है।''



-गिरीश बख्शी

## लघुकथा

# //प्रश्नचिह्न//


बड़ी मुश्किल से वह बस पर चढ़ी। ड्राइवर के पीछे वाली सीट पर रखे हैंडबैग को हटाने लगी। ''तभी, ...ऐ अम्मा...! बैग को रहने दो...'', उसी सीट पर बैठे एक युवक का तीखा स्वर उभरा। फिर वह बेचारी अपनी कमान-कमर सीधा कर रही थी कि कान में पेन खोंचते हुए कंडक्टर ने अपना फरमान जारी किया है- ''माताजी...! जा वहाँ पर बैठना.... पीछे वाली सीट पर।'' अपना थैला संभालते हुए हिलती-डुलती वह लाठी टेकती पीछे की ओर जाने लगी। बस चल पड़ी। करीब फलांग भर ही चली थी। तभी एक पर्णहरित कलर चश्मा पहनी नवयौवना बस पर चढ़ी। हाई हील सैंडिल वाली टॉप-जींस कसी उस युवती को देखते ही युवक ने अपना हैंडबैग हटा लिया। अपना पर्स संभालती हुई उसी सीट पर वह तरुणी बैठी। बस चलने लगी। कुछेक क्षण पश्चात दोनों में बातें शुरू हो गयी। मुस्कान बिखरने लगे। बीच-बीच में ठहाके गूँजने लगे।

अब बस पूरी गति पर थी। यात्रीगण खामोश थे। यद्यपि वे देख रहे थे कि लगभग अस्सी सावन वाली वृद्धा को पीछे की सीट पर बैठने में बड़ी तकलीफ हो रही थी। यात्रीगण की इस तरह की खामोशी पर एक प्रश्न चिन्ह लग रहा था, क्योंकि युवक व युवती की सीट के ऊपर लिखा था- ''फॉर सीनियर सिटीजन्स ओन्ली।''




टीकेश्वर सिन्हा ''गब्दीवाला''

## राशिफल




**मेष**

आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। किसी काम में आज आपको परिवार के लोगों से भरपूर सहयोग प्राप्त होगा। आज आप किसी नए बिजनेस को शुरू करने के बारे में विचार कर सकते हैं। आज तरक्की के किसी भी अवसर को अपने हाथ से ना जाने दें, कोई भी छोटा सा मौका आपको मालामाल बना सकता है।



**वृष राशि**

आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज आपको अधिकतर कार्यों में सफलता मिलेगी। इस राशि के जो लोग सरकारी नौकरी से जुड़े हैं, उनके लिए दिन उत्तम रहने वाला है। लंबे समय से प्रमोशन में आ रही रुकावटें आज दूर हो सकती हैं। जीवनसाथी के साथ रिश्तों में चल रही अनबन आज समाप्त होगी, आपके रिश्ते में मिठास आएगी।




**मिथुन**

आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज व्यापार में आपको बढ़िया धनलाभ होगा, लेकिन परिश्रम की अधिकता रह सकती है। जो विद्यार्थी एडमिशन लेने के लिए तैयारी कर रहे हैं, वो जल्द ही अपनी तैयारियां पूरी कर लेंगे। शादीशुदा रिश्तों में ताल-मेल बना रहेगा। आपको बुजुर्गों का आशीर्वाद जरूर लेना चाहिये।




**कर्क**

आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आज आप पार्टनरशिप में किसी बिजनेस की शुरुआत कर सकते हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों को अधिक मेहनत करने की जरूरत है। आप अपने उच्च अधिकारियों की मदद ले सकते हैं। जिन लोगों की नयी-नयी शादी हुई है, उनके लिए दिन उत्तम रहने वाला है।



**सिंह**

आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। आज आपके मन में नए-नए रचनात्मक विचार आएंगे, जिनका आप बखूबी इस्तेमाल भी करेंगे। ऑफिस में हर कोई आपके काम से खुश रहेगा, आपके जूनियर्स भी आपसे काम सीख सकते हैं। आप परिवार के साथ कहीं बाहर जाने का मन भी बना सकते हैं।




**कन्या**

आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। जिन लोगों का होल सेल का बिजनेस है, उनको आज बड़ी डील मिलने के संकेत है। इस राशि के व्यक्ति आज किसी बिजनेस को शुरू करने के लिए विचार-विमर्श कर सकते हैं। आज आपको ऑफिस के काम में किसी का सहयोग मिल सकता है। आज आपके घर पर अचानक से मेहमानों का आगमन हो सकता है।




**तुला**

आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। आज आपको रोजगार के बेहतरीन अवसर प्राप्त होंगे, जिनका लाभ उठाकर आप अपने जीवन में तरक्की कर सकते हैं। आज बिजनेस में लेन-देन का ख्याल रखें, कोई भी बड़ी डील करने से पहले सब कुछ अच्छे से जांच परख कर लें। जो महिलाएं गृह उद्योग शुरू करना चाहती हैं।




**वृश्चिक**

आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आप किसी नए काम की शुरुआत कर सकते हैं, जीवनसाथी का सहयोग बना रहेगा। आज जो लोग घर शिफ्ट करना चाह रहे हैं, वो लोग कार्य शुरू करवा सकते हैं। अगर आप किसी बात को लेकर उलझन में हैं, तो अपने दोस्तों से इस बारे में बात करें, आपको अच्छा लगेगा।




**धनु**

आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। रोज की अपेक्षा व्यापार में आज आपको अधिक धन लाभ होगा। धार्मिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी, आज आप किसी विशेष पूजा का हिस्सा बन सकते हैं। लंबे समय से अटका हुआ धन आज आपको वापस मिल सकता है। जो लोग स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े हैं, उनके लिए आज का दिन उत्तम रहेगा।




**मकर**

आज आपका दिन कुछ बदलाव लेकर आया है। आज आपको अपने कार्यों को पूरा करने में थोड़ी ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। जो लोग होटल या खाद्य से संबंधित किसी भी बिजनेस से जुड़े हैं, उनके लिये दिन पहले से थोड़ा बेहतर रहेगा। आज आपको जीवन और कार्यक्षेत्र दोनों जगहों पर पिता का सहयोग मिलेगा।



**कुंभ**

आज आपका दिन रोज की अपेक्षा ज्यादा लाभ दिलवाने वाला रहेगा। लंबे समय से चल रही कोई योजना आज पूरी हो जायेगी। कोई नया काम शुरू करने के बारे में भी सोच सकते हैं, दिन आपके लिये लाभकारी होगा। आज आप दोस्तों के साथ कहीं नयी जगह घूमने जा सकते हैं, जहां आपके नए दोस्त भी बनेंगे।



**मीन**

आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आज आपको बिजनेस में धनलाभ होने के साथ-साथ, खर्चों में वृद्धि देखने को भी मिलेगी। आज ऑफिस में बॉस किसी काम को लेकर आपकी तारीफ करेंगे और आपको सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा। आज लवमेट एक-दूसरे के साथ अच्छा समय बिताएंगे, आप लोग मूवी देखने भी जा सकते हैं।

## शब्द सामर्थ्य -114

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं :**
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. मृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

**ऊपर से नीचे**
1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुलबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नजदीक, समीप 21. सुबह, प्रातः, सबेरा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 113 का हल**



# मंदिर ट्रस्ट चुनाव में सेवाभाव के साथ क्षेत्र का सर्वांगीण विकास हमारा

डोंगरगढ़(दावा)। विश्व प्रसिद्ध मां बमलेश्वरी देवी का मंदिर और शहर का विकास एक दूसरे के पूरक बन गए हैं। यही कारण है कि प्रदेश सरकार हो या केंद्र सरकार मंदिर के सर्वांगीण विकास के लिए खुले हाथों से सहयोग करते आ रहे हैं। सब कुछ मंदिर ट्रस्ट के प्रतिनिधियों की कार्य शैली पर निर्भर करता है कि वे कितनी मजबूती से मंदिर से जुड़ी जनकल्याण की योजनाओं को शासन-प्रशासन के साथ-साथ दानदाताओं तक प्रभावी ढंग से पहुंचा पाते हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले 3 साल का कार्यकाल देखा जाए तो ट्रस्ट समिति द्वारा ढाई करोड़ रुपए के कर्ज को पाटकर 9 करोड़ रुपए की आय अर्जित करना अपने आप में उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है। मां बमलेश्वरी ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल के नेतृत्व में मंदिर के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ करोड़ों रुपए की लागत से 100 बिस्तर वाले अस्पताल का निर्माण, सुगम यातायात व्यवस्था के लिए वाय सेफ ओवर ब्रिज की प्रशासनिक स्वीकृति के साथ भूमिपूजन, पथ-वे अंडर ब्रिज की स्वीकृति को जन भावनाओं एवं जन सुविधाओं के अनुकूल देखा जा रहा है।






**मां बम्लेश्वरी सेवा दल ने अपने संकल्प पत्र के साथ तगड़ी दावेदारी पेश की मतदाताओं के समक्ष**

### माँ बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट अब गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के क्षेत्र में भी, सदस्यता खोलने का भी वादा

मां बमलेश्वरी सेवादल पैनल की ओर से जारी किए गए अपने संकल्प पत्र में कहा गया है कि मंदिर के कार्यो को भव्यता प्रदान करने में आमजनों के साथ-साथ सभी मत दाताओ की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है तथा चुनाव में मां बम्लेश्वरी सेवा दल को समर्थन देकर विकास कार्यों को तीव्र गति से आगे बढ़ाया जा सकता है। मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति द्वारा कक्षा 1 से 12 तक के लिए एक आधुनिक सीबीएसई मान्यता प्राप्त विद्यालय की स्थापना की जाएगी। यह विद्यालय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सांस्कृतिक मूल्यों और आधुनिक संसाधनों से युक्त एक आदर्श शिक्षण संस्थान के रूप में विकसित किया जाएगा।

**आज होना है मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति का चुनाव**

ट्रस्ट समिति द्वारा उन्नत स्तर की हाईटेक कोचिंग व डिजीटल लाईब्रेरी की व्यवस्था की जाएगी। जिसमें शहर सहित आसपास के क्षेत्रों के विद्यार्थी आधुनिक तकनीकी संसाधनों के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। इस कोचिंग के माध्यम से छात्र-छात्राएं प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतर तैयारी कर पाएंगे और अपने उज्वल भविष्य व सफल करियर की ओर अग्रसर होंगे। इस कोचिंग संस्थान में मतदाताओं एवं उनके बच्चों को विशेष रियायत प्रदान की जाएगी। ट्रस्ट समिति के मंदिर हॉस्पिटल हेतु डॉक्टर्स एवं नर्सिंग स्टाफ के लिए आवासीय भवन (रेसिडेंस) का निर्माण अंतिम चरण में है। साथ ही अस्पताल में महिलाओं के लिए विशेष ऑपरेशन थियेटर सहित अन्य जटिल सर्जरी के लिए भी उन्नत ऑपरेशन थियेटर की व्यवस्था की जा रही है।

इस आधुनिक चिकित्सा केंद्र में आईसीयू, वेंटिलेटर सुविधा, एनआईसीयू, नवजात शिशु देखभाल इकाई प्राइवेट वार्ड्स, जनरल वार्ड, पुरुष एवं महिला के लिए पृथक वार्ड डायलिसिस, समस्त मरीजों का इलाज 'आयुष्मान भारत कार्ड' के माध्यम से निःशुल्क किया जाएगा। जिससे आमजन को बिना आर्थिक भार के उत्तम स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त होंगी। यह संपूर्ण स्वास्थ्य सेवा केंद्र जनकल्याण और सेवाभाव को समर्पित होगा। जहां सभी वर्गों को अत्याधुनिक एवं सुलभचिकित्सा सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। अस्पताल की समस्त सुविधाएं 24×7 (दिन और रात) उपलब्ध रहेगी।

### चुनाव के तीन माह के भीतर सभी श्रेणी की सदस्यता खोली जाएगी

वर्षों से बंद पड़ी सदस्यता 3 वर्ष पूर्व प्रारंभ की गई थी, किंतु तीन श्रेणियां में से केवल एक श्रेणी की सदस्यता प्रारंभ हो पाई थी। अब दोनों ही प्रमुख पैनलों की ओर से शहरवासियों के साथ-साथ मतदाताओं से वादा किया गया है कि चुनाव के पश्चात सभी श्रेणी की सदस्यता प्रारंभ की जाएगी। मां बमलेश्वरी ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने चुनाव के बाद तीन माह के भीतर सभी श्रेणी की सदस्यता खोले जाने का वादा अपने संकल्प पत्र में किया है, ताकि सभी को मां बमलेश्वरी की सेवा करने का अवसर मिल सके।

### 34 प्रत्याशियों के भाग्य का होगा फैसला सोमवार को

मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति के चुनाव में इस बार तीनों श्रेणी से 34 उम्मीदवार चुनावी मैदान में है। इनमें संरक्षक श्रेणी में 14 उम्मीदवार है। जिसमें मां बम्लेश्वरी सेवादल पैनल से मनोज अग्रवाल, महेंद्र भाई पटेल, नितिन हरिप्रसाद अग्रवाल, अशोक चावड़ा, योगेश अग्रवाल, शिवकुमार शर्मा, अनिल गट्ठानी एवं भैय्या जी पैनल से नारायण अग्रवाल, नवनीत तिवारी, गोविंद चोपड़ा, संजय अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल, हरीश भंडारी, विनोद तिवारी शामिल है। वहीं आजीवन श्रेणी से मां बम्लेश्वरी सेवादल पैनल से पीतांबर स्वामी, महेंद्र परिहार, संजय श्रीवास्तव, प्रकाश बिंदल, चंद्रप्रकाश मिश्रा, निर्दलीय प्रत्याशी ग्रुप में भाग्य आजमा रहे महेंद्र अग्रवाल, भैय्या जी पैनल से रघुवर अग्रवाल, देवेंद्र मिश्रा, सोनकुमार सिन्हा, संजय यादव, क्रांति टम्मी नामदेव चुनाव मैदान में है। साधारण श्रेणी में मां बम्लेश्वरी सेवादल पैनल से बबलू शांडिल्य, गौतम चोपड़ा, संजीव गोमास्ता। निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में भाग्य आजमा रहे अशोक साहू, सुमित पोद्दार, दीपक चंदाराणा, भईया जी पैनल से कौतुभ गुप्ता, आशीष अग्रवाल व महेश तिवारी चुनाव मैदान में है।

## पहला कॉलम...

### डोंगरगढ़ पुलिस की कार्रवाई : शराब पीकर पिता को परेशान करने वाले पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई




डोंगरगढ़ (दावा)। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा और एसडीओपी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम के दिशा-निर्देश में थाना प्रभारी डोंगरगढ़ निरीक्षक उपेंद्र कुमार शाह के नेतृत्व में डोंगरगढ़ पुलिस लगातार अपराधों की रोकथाम तथा शहर में शांति एवं सांप्रदायिक सौहार्द्र बनाए रखने के लिए सक्रिय है। पुलिस टीम अवैध गतिविधियों और संदिग्ध व्यक्तियों पर लगातार नजर रख रही है। इसी कड़ी में ग्राम अछोली थाना डोंगरगढ़ निवासी विजय प्रकाश वर्मा (पिता कृष्णा वर्मा उम्र 39 साल) के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई है। विजय प्रकाश वर्मा कथित तौर पर आए दिन शराब पीकर अपने पिता को परेशान करता था और उन पर हाथ उठाने पर उतारू हो जाता था।

डोंगरगढ़ थाना को इस संबंध में शिकायतें मिली थी और जांच के दौरान आवेदक को समझाने का प्रयास किया गया, परंतु जब वह नहीं माना तो उसके विरुद्ध धारा-170, 125, 135(3) बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई। डोंगरगढ़ पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों, बदमाशों, असामाजिक तत्वों और संदिग्धों पर लगातार नजर रखी जा रही है। यदि कोई भी व्यक्ति थाना क्षेत्र में शांति भंग करने या किसी अपराध को अंजाम देने का प्रयास करेगा तो उसके विरुद्ध तत्काल वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

### बिहरीकला से साकरदाहरा तक निकली पैदल कांवड़ यात्रा



अम्बागढ़ चौकी (दावा)। विकासखंड अंबागढ़ चौकी अंतर्गत ग्राम पंचायत बिहरीकला में बीते 12 वर्षों से जारी परंपरा के तहत इस वर्ष भी नवदुर्गा उत्सव समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से शिवभक्तों की पैदल कांवड़ यात्रा निकाली गई। श्रद्धालु शिवनाथ नदी, अम्बागढ़ चौकी से पवित्र जल लेकर सांकरदाहरा स्थित शिवधाम की ओर रवाना हुए।

कांवड़ यात्रा का शुभारंभ बड़े धूमधाम एवं धार्मिक उत्साह के साथ किया गया। इस अवसर पर पूर्व संसदीय सचिव संजीव शाह, भाजपा जिला मंत्री योगेंद्र कोड़पे, ग्राम पंचायत के उपसरपंच अजय अग्रवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष संदीप साहू एवं रूपेश बाजपेयी ने पुष्प वर्षा कर कांवड़ियों का स्वागत किया तथा यात्रा की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं। यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, युवा-युवतियाँ शामिल हुए। प्रमुख रूप से सतीश सिंह राजपूत, अशोक कुमार पटेल, रंगेश पटेल, घनश्याम पटेल, उत्तम पटेल, सुरेश पटेल सहित अनेक श्रद्धालुओं की सहभागिता रही। कांवड़ यात्रा शांतिपूर्ण एवं भक्तिमय वातावरण में साकरदाहरा के लिए रवाना हुई।

### सरस्वती शिशु मंदिर नागतराई में बाल कैबिनेट का गठन



डोंगरगढ़ (दावा)। सरस्वती शिशु मंदिर नागतराई (डोंगरगढ़) में संस्था प्रमुख ए.आर.पटेल के मार्गदर्शन में शिशु भारती (बाल केबिनेट) का गठन किया गया। जिसमें सेनापति भैया आदित्य वर्मा, उपसेनापति बहन उमा गोस्वामी, क्रीड़ा विभाग प्रमुख भैया यमनराज पटेल, उपप्रमुख बहन कंचन मारकंडे, सांस्कृतिक विभाग प्रमुख कविता मारकंडे, उपप्रमुख राजकुमार यादव, प्रार्थना विभाग प्रमुख भैया गोकुल कुमार लाउत्रे, उपप्रमुख बहन लिसु सिन्हा, योग एवं शारीरिक विभाग प्रमुख बहन, लूमन पटेल, उपप्रमुख वासु यादव, स्वास्थ्य विभाग प्रमुख बहन कीर्ति साहू, उपप्रमुख भैया चेतन्य कुमार कदम, स्वच्छता विभाग प्रमुख बहन दामिनी सिन्हा, उपप्रमुख भैया धर्मेश कुमार साहू, बागवानी विभाग प्रमुख भैया तोषण देशमुख, उपप्रमुख हिमांशी सिन्हा, खोया पाया विभाग प्रमुख भैया यश गोस्वामी, उपप्रमुख तेजेश्वनी साहू तथा कक्षा प्रथम से अष्टम तक कक्षा प्रमुख एवं उपप्रमुख का चयन किया गया। सभी चयनित पदाधिकारियों को विद्यालय की सांस्कृतिक प्रभारी कुमारी मंजू साहू ने शपथ दिलाई। इसमें दीदियां श्रीमती अनिता देशमुख, श्रीमती पूर्णिमा वर्मा, श्रीमती प्रिया दुबे, कुमारी पूजा ठाकरे, कुमारी सुमन पटेल तथा आचार्य चुरामन दास साहू एवं राजेंद्र टंडन मौजूद रहे।

## खैरागढ़ विश्वविद्यालय : कुलपति प्रो. (डॉ.) लवली शर्मा का अर्धरात्रि में औचक निरीक्षण, सोते मिले सुरक्षा गार्ड

खैरागढ़ (दावा)। इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. (डॉ.) लवली शर्मा ने बीती रात एक बार फिर अर्धरात्रि में कैंपस का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें सुरक्षा गार्ड सोते हुए मिले। पदभार ग्रहण करने के बाद से पिछले तीन महीनों में यह चौथी बार है, जब कुलपति ने रात में निरीक्षण किया है और हर बार सुरक्षाकर्मी सोते हुए पाए गए हैं।

### सुरक्षा में लापरवाही पर कुलपति सख्त

विश्वविद्यालय की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए, कुलपति कभी रात 1 बजे, कभी 2 बजे तो कभी 2:30 बजे उठकर कैंपस का दौरा करती हैं। उनका उद्देश्य काम के प्रति लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ विशेष कार्रवाई सुनिश्चित करना है। शुक्रवार 18 जुलाई की रात 1 बजे कुलपति ने कैंपस-01 का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पाया कि एक सुरक्षा गार्ड बेंच पर



सोया हुआ था। दूसरा गार्ड टेबल पर सो रहा था और एक गार्ड तो गेस्ट हाउस के कमरे में बाकायदा गद्दा और कंबल ओढ़कर सोया हुआ था। कुलपति के पहुंचते ही एक कर्मचारी तुरंत उठा और हड़बड़ी में दूसरे कर्मचारी को उठाया। पूछने पर एक गार्ड ने पैर में चोट लगने का बहाना बनाया और खाली पैर ही कुलपति के पीछे चलने लगा। जब कुलपति ने उससे कहा कि अगर पैर में चोट लगी है तो खाली पैर कैसे चल रहे हो तो वह कोई जवाब नहीं दे पाया। इसके बाद कुलपति गेस्ट हाउस पहुंची। जहां उन्होंने एक कर्मचारी को कमरे में सोते हुए देखा। पूछने पर कर्मचारी ने मोबाइल चार्ज करने का बहाना बनाया। जबकि कुलपति ने उसे कंबल ओढ़कर सोते हुए देख लिया था। इस घटना के बाद कुलपति ने सभी सुरक्षाकर्मियों को ईमानदारी से काम करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट आदेश दिया कि काम में लापरवाही बरतने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

### ईमानदारी और सजगता पर जोर

कुलपति प्रो. (डॉ.) लवली शर्मा ने विश्वविद्यालय में कार्यरत सभी कर्मचारियों से स्पष्ट कहा है कि उन्हें अपने काम के प्रति सजग और ईमानदार रहना है, ताकि विश्वविद्यालय को उस ऊँचाई तक ले जाया जा सके जिसकी उन्होंने कल्पना की है। उन्होंने चेतावनी दी कि काम न करने वालों पर उचित कार्रवाई की जाएगी। जिसके लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे और विश्वविद्यालय प्रशासन जिम्मेदार नहीं होगा।

## जिला पुलिस केसीजी टीम की त्वरित कार्यवाही, गंभीर अपराध के आरोपी को चंद घंटे में किया गया गिरफ्तार




**आरोपी पुनित दास साहू उर्फ साहेब को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल**

खैरागढ़ (दावा)। रविवार 19 जुलाई को प्रार्थिया थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि ग्राम करमतरा में रहने वाला पुनित दास साहू जिसको गांव में सभी साहेब कहकर बुलाते हैं और जो पाठ करने का काम करता है, के द्वारा उसकी अबोध नाबालिक बहन के साथ कई सालों से शारीरिक शोषण करते आ रहा है, प्रार्थिया के रिपोर्ट पर थाना खैरागढ़ में अपराध क्रमांक 362/25, धारा 64, 64(2)(ढ्ढ),65(2) भा. न्या. सं. 4, 6 पास्को एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान केसीजी पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी पुनित दास साहू उर्फ साहेब पिता केजूराम साहू आयु 54 साल निवासी ग्राम करमतरा को प्रथम सूचना दर्ज करने के महज़ चार घंटे में गिरफ़्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

## शराब की लत ने ली पति-पत्नी को चपेट में, चार मासूम बच्चे बेसहारा



खैरागढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ के गांवों में शराब किस कदर जिंदगियां लील रही है, इसका एक और दर्दनाक उदाहरण खैरागढ़ ब्लॉक के मदुराकुही गांव से सामने आया है। यहां शराब के नशे में धुत पति से झगड़े के बाद पत्नी ने खुद को आग लगा ली और उसे बचाने की कोशिश में पति भी बुरी तरह झुलस गया। अब चार छोटे-छोटे मासूम बच्चे अपने मां-बाप को अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच झूलते हुए टकटकी निगाहों से देख रहे हैं।

यह हृदय विदारक घटना शुक्रवार, 18 जुलाई को मदुराकुही गांव में हुई। राजकुमार साहू (36) नामक व्यक्ति, जो लंबे समय से शराब का आदी था, उस दिन सुबह से ही नशे में धुत था। दोपहर करीब 2 बजे उसका अपनी पत्नी ममता साहू (35) से झगड़ा शुरू हो गया। रोजमर्रा के इस झगड़े से तंग आकर ममता की सहनशक्ति जवाब दे गई और उसने एक खौफनाक कदम उठाते हुए खुद पर आग लगा ली। ममता की चीख-पुकार सुनकर पति राजकुमार दौड़ा, लेकिन नशे की हालत में वह भी कुछ समझ नहीं पाया। आग बुझाने के बजाय वह खुद भी लपटों की चपेट में आ गया। देखते ही देखते घर के अंदर पति-पत्नी दोनों आग में बुरी तरह झुलसने लगे। बच्चों की चीख-पुकार सुनकर पड़ोसी तुरंत मौके पर पहुंचे और किसी तरह उन्हें आग से बचाया।

तत्काल दोनों को खैरागढ़ सिविल अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें तुरंत राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। रोजी-मजदूरी करके अपने परिवार का पेट पालने वाले इस सामान्य परिवार पर अब मुसीबतों का पहाड़ टूट पड़ा है। चार मासूम बच्चे, जिनकी उम्र बहुत कम है, अब अपने जलते हुए मां-बाप को बेबसी से देख रहे हैं। यह घटना एक बार फिर ग्रामीण क्षेत्रों में शराब के कहर और उसके भयावह परिणामों को उजागर करती है।

## अवैध ईट भट्टे पर प्रशासन की बड़ी कार्यवाही



**एसडीएम अभिषेक तिवारी के निर्देश पर राजस्व विभाग द्वारा ग्राम माटेकटा स्थित ईट भट्टे पर की गई कार्रवाई**

डोंगरगढ़ (दावा)। डोंगरगढ़ विकासखंड से 6 किलो मीटर दूरी पर स्थित ग्राम माटेकटा में एसडीएम अभिषेक तिवारी के निर्देश पर राजस्व विभाग द्वारा बड़ी कार्यवाही की गई। तहसीलदार के साथ राजस्व अमले की टीम ने पाया कि ग्राम माटेकटा में मोटे मोटे पुराने आम के 13 पेड़ कटे पाए गए हैं। 2 बड़े लाल ईट भट्टे भी उसी जगह पर मिले हैं। जिसका बाजार मूल्य लाखों रुपए होता है। डोंगरगढ़ एसडीएम अभिषेक तिवारी ने मीडिया के माध्यम से अवैध कारोबारियों पर कड़ी कार्यवाही करने की बात कही है। कानूनी प्रावधान में जितनी बड़ी से कड़ी कार्यवाही होगी वो सब करने की बात भी कही है।

### लाल ईट निर्माण शासन-प्रशासन द्वारा है पूर्णतः प्रतिबंधित

प्रदेश सरकार प्राकृति को बचाने एक पेड़ मां के नाम से पेड़ लगाने में जुटी हुई है। क्योंकि हमारी जलवायु अत्यधिक पेड़ काटने के कारण प्रभावित होते जा रही है। इसका परिणाम पानी का स्तर भी बहुत नीचे होते जा रहा है जो कि भविष्य का सबसे बड़ा संकट होगा। शासन प्रशासन योजनाओं के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का भी काम करते आ रही है, लेकिन अवैध कारोबारियों को कोई फर्क नहीं पड़ता दिखाई देता है। सूत्रों की माने तो सभी क्षेत्रों में हल्का पटवारी होते हैं और उनको सारे अवैध ईट भट्टे, रेत मुर्म खनन की जानकारी होते हुए भी इसका रोक थाम नहीं करते हैं। जिससे अवैध कारोबारीयो का मनोबल बढ़ा हुआ होता है। जब कोई शिकायत उच्च अधिकारियों को करते हैं। तब प्रशासन आनन फानन में खाना पूर्ति करने किसी एक कारोबारी पर कार्यवाही करते हैं। कार्यवाही भी क्या सिर्फ फाइन काट कर अवैध कारोबारियों को छोड़ दिया जाता है और उनके द्वारा बनाए ईट को भी उन्हें सौंप देते हैं, फिर वह लाल ईट मोटी रकम में बेच दिया जाता है। जबकि अवैध कारोबार करने वाले प्राकृति को लगातार नुकसान पहुंचाते आ रहे हैं। इतना ही नहीं शहर के भीतर कई शासकीय कार्यालयों के सामने से ही ट्रैक्टर की ट्रॉली से भरी रेत, मुर्म ईट लेकर गुजरते हैं।

## दबंगों की दबंगाई के चलते ग्राम मुढ़िया के ग्रामीण गुलामों की जिंदगी जीने मजबूर - मोरध्वज वर्मा

डोंगरगढ़ (दावा)। डोंगरगढ़ विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत मुढ़िया में निवासरत अनेक परिवारों को समाज के साथ-साथ गांव से भी बहिष्कृत करने का मामला प्रकाश में आया है। जिसे लेकर पीड़ीत परिवार वर्ष 2019 से न्याय के लिए शासन प्रशासन से लेकर सामाजिक स्तर पर भी प्रयास कर रहा है, किंतु न तो उन परिवारों को शासन की ओर से न्याय मिल पा रहा है न ही सामाजिक स्तर पर न्याय मिलने की उम्मीद जगी है। देखा जाय तो सभी समाजों में सामाजिक नियम-कायदों के तहत समाज के पदाधिकारी द्वारा निर्णय लिए जाने की परंपरा चले आ रही है। जिस पर शासन प्रशासन की ओर से भी आपसी सामंजस्य बैठने की कोशिश की जाती रही है, लेकिन पीड़ीत तीनों परिवारों को सामाजिक बहिष्कार के अलावा गांव से भी बहिष्कृत करने पर जरूरत से ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम मुढ़िया लोधी बाहुल्य ग्राम है। यही कारण है कि गांव का प्रतिनिधित्व लोधी समाज के व्यक्तियों के हाथों में रहता आ रहा है। जिसके कारण सामाजिक बहिष्कार के साथ-साथ गांव से भी बहिष्कार कर पीड़ित परिवार पर दबाव बनाने की कोशिश किए जाने की जानकारी प्राप्त हुई है। ताकि पीड़ित परिवार सामाज द्वारा निर्धारित किए गए नियमों के दायरे में रहकर समाज के सभी शर्तों को माने।

वर्ष 2019 से समाज व गांव से बहिष्कृत होकर जीवन यापन कर रहे है ग्राम मुढ़िया का तीन परिवार रसोईया का कार्य करने वाले किसान मोरध्वज वर्मा ने बताया कि 80 वर्षीय बूढी मां और तीन बच्चों का भरापूरा परिवार के साथ वे जीवन यापन कर रहे हैं। गांव से बहिष्कृत होने के कारण बूढी मां को किसी भी धार्मिक अथवा सामाजिक कार्यक्रम में शामिल नहीं कर पा रहे हैं। जिससे उन्हें इस उम्र में मानसिक आघात पहुंचा है। जिसके कारण उनका स्वास्थ्य लगातार गिरता चले जा रहा है। पत्नी का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। ढाई एकड़ का कृषि कार्य पत्नी के साथ मिलकर कर रहे हैं। गांव से कोई भी मजदूर कृषि कार्य हेतु उपलब्ध नहीं होता। रोजगार गारंटी के कार्य में भी पूर्व सरपंच दिनेश वर्मा के कार्यकाल में कार्य नहीं दिया गया था। बच्चों के साथ खेलकूद करने, बातचीत करने से गांव के बच्चों को




0 सामाजिक बहिष्कार के साथ-साथ गांव से भी बहिष्कृत होकर तीन परिवार जिंदगी जीने मजबूर हैं, ० दबंगों ने 2 लाख का दंड नहीं देने पर परिवार को गांव से बहिष्कृत किया - मधुर वर्मा
0 पुनः शिकायत होते ही एसडीएम ने तहसीलदार को जांच अधिकारी बनाया

मना कर दिया गया है। रसोईया का काम ग्राम स्तर पर नहीं दिया जाता। घर के मवेशी चराने का काम स्वयं करना पड़ रहा है। ग्राम प्रमुखों के अनैतिक निर्देश का पालन नहीं करने वाले ग्रामीणों को ग्राम पटेल आत्माराम, ग्राम प्रमुख हीराराम, रघुनाथ एवं पूर्व सरपंच दिनेश वर्मा द्वारा हर स्तर पर प्रताड़ित किया जा रहा है। समय-समय पर परिजनों की पीड़ा से शासन-प्रशासन को अवगत कराते आ रहे है। किंतु सामाजिक और राजनीतिक दबाव के चलते प्रशासनिक स्तर पर न्याय नहीं मिल पा रहा है।

### मां की मृत्यु पर बेटे के स्थान पर चचेरे भाई से दाह संस्कार की विधि कराई




2019 से गांव से बहिष्कृत किए गए मधुर वर्मा के पिता को अपनी मां का अंतिम संस्कार करने का मौका नहीं दिया गया। उसके स्थान पर उनके चचेरे भाई से अंतिम संस्कार की विधि पूर्ण कराई गई। 65 वर्षीय बाबूलाल वर्मा सहित पूरा परिवार प्रताड़ित होकर जीवन जीने मजबूर है। चर्चा के दौरान मधुर वर्मा ने बताया कि ग्राम प्रमुखों के अनैतिक कार्यो का विरोध करने पर हमारे ऊपर 2 लाख रुपए का दंड लगाया गया था। दंड की राशि नहीं जमा करने के कारण 2019 से आज तक हमें गांव से बहिष्कृत रखा गया है।

### शासन प्रशासन द्वारा सुनवाई नहीं की जा रही - नरेंद्र वर्मा




ग्राम प्रमुखों द्वारा गांव से बहिष्कृत किए गए पीड़ित परिवार के सदस्य नरेंद्र वर्मा ने बताया कि मुझे ग्राम प्रमुख द्वारा बताया गया कि तुम्हें गांव से बहिष्कृत कर दिया गया है। ग्रामीणों से किसी प्रकार का सहयोग नहीं ले सकते। इसके विरुद्ध मैंने उच्च अधिकारियों से शिकायत की थी, लेकिन शासन प्रशासन द्वारा सुनवाई नहीं की जा रही है। इस प्रकार हमारा परिवार आर्थिक तंगी के साथ-साथ प्रताड़ित होकर जीवन यापन करने मजबूर है।

### प्रशासन के हस्तक्षेप से बहाल किए गए परिवार को पुनः बहिष्कृत किया दबंगों ने



पीड़ित परिवार के सदस्य मोरध्वज वर्मा द्वारा एसडीम के न्यायालय में पुनः लगाए गए आवेदन में कहा गया है कि गांव प्रमुखों द्वारा प्रशासन द्वारा बनाई गई व्यवस्था के खिलाफ जाकर हमें फिर से बहिष्कृत कर दिया गया है। जिससे पूरे परिवार को मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हमारे साथ कभी भी कुछ भी हो सकता है। ग्राम प्रमुखो द्वारा हमारा जीना मुश्किल कर दिया गया है। शिकायत की निष्पक्ष जांच कर हमें हर स्तर पर न्याय प्रदान किया जाए।

### एसडीएम के आदेश पर मामले की जांच करेंगे तहसीलदार

पीड़ीत परिवार के सदस्य मोरध्वज वर्मा द्वारा एसडीम अभिषेक तिवारी के न्यायालय में पुनः आवेदन लगाकर न्याय की गुहार की गई है। जिस पर एसडीएम द्वारा तहसीलदार को जांच की जिम्मेदारी दी गई है।

# पहला कॉलम...

## डाकघरों में कल से एडवांस डिजिटल प्लेटफॉर्म शुरू किया जाएगा : संचार मंत्रालय

नई दिल्ली। डाक विभाग (डीओपी) ने शनिवार को कहा कि 21 जुलाई से दिल्ली के डाकघरों में एक एडवांस डिजिटल प्लेटफॉर्म लागू किया जाएगा। एपीटी एप्लिकेशन का रोलआउट, डिजिटल एक्सीलेंस और राष्ट्र निर्माण की दिशा में इसकी यात्रा में एक बड़ी छलांग है। संचार मंत्रालय ने एक बयान में कहा, इस परिवर्तनकारी पहल के तहत, अपग्रेडेड सिस्टम 21 जुलाई को दिल्ली के डाकघरों में लागू किया जाएगा। संचार मंत्रालय की ओर से दिल्ली के डाकघरों की लिस्ट भी साझा की गई है, जिनमें अपग्रेडेड सिस्टम को लागू किया जाएगा।

इन डाकघरों में अलीगंज, अमर कॉलोनी, एंड्र्यूजगंज, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, दरगाह शरीफ, डिफेंस कॉलोनी, डिस्ट्रिक्ट कोर्ट कॉम्प्लेक्स साकेत, ईस्ट ऑफ कैलाश फेज ढ्ढ, ईस्ट ऑफ कैलाश, गौतम नगर, गोल्फ लिंक्स, गुलमोहर पार्क, हरि नगर आश्रम, हजरत निजामुद्दीन, जंगपुरा, कस्तूरबा नगर, कृष्णा मार्केट, लोदी रोड, लाजपत नगर, मालवीय नगर, एमएमटीसी-एसटीसी कॉलोनी, नेहरू नगर, एनडी साउथ एक्सटेंशन-ढ्ढढ्ढ, पंचशील एन्क्लेव, प्रगति विहार, प्रताप मार्केट, पुष्प विहार, सादिक नगर, सफदरजंग एयर पोर्ट, साकेत, संत नगर, सर्वोदय एन्क्लेव, दक्षिण मालवीय नगर, श्रीनिवासपुरी और जीवन नगर बीओ शामिल हैं।

## पाकिस्तान ने बढ़ाया भारतीय विमानों पर लागू एयरस्पेस बैन

नई दिल्ली। पाकिस्तान एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ने एक बार फिर से अपने एयरस्पेस में भारतीय विमानों के गुजरने पर प्रतिबंध बढ़ा दिया है। पीएए ने घोषणा की है कि पाकिस्तान ने अपने एयरस्पेस से भारतीय उड़ानों के गुजरने पर 24 अगस्त तक प्रतिबंध बढ़ा दिया है। यह प्रतिबंध भारतीय एयरलाइनों के स्वामित्व वाले, संचालित या लीज पर लिए गए सभी विमानों पर लागू होगा, चाहे वह विमान नागरिक हों या सैन्य। बता दें कि शुक्रवार (18 जुलाई) को जारी एक नोटम दोपहर 3ञ्50 बजे से प्रभावी हो गया और यह नया प्रतिबंध 24 अगस्त (रविवार) सुबह 5ञ्19 बजे तक लागू रहेगा।

बता दें कि भारत ने भी पाकिस्तानी विमानों पर अपने एयरस्पेस में उड़ान पर प्रतिबंध लगाया है। भारत ने 24 जुलाई तक पाकिस्तानी विमानों के लिए अपना एयरस्पेस बंद कर दिया है। ये प्रतिबंध 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के जवाब में लगाए गए थे, जिसमें 26 लोग मारे गए थे। पहलगाम आतंकी हमले के बाद 24 अप्रैल को पाकिस्तान ने भारतीय उड़ानों के लिए अपना एयरस्पेस बंद कर दिया था, जिसके बाद 30 अप्रैल को भारत ने भी पाकिस्तानी विमानों के लिए अपना एयरस्पेस बंद कर दिया। इसके बाद से दोनों देशों के एयरस्पेस एक-दूसरे के लिए बंद हैं।

## इंफ्रास्ट्रक्चर' विकसित भारत की भव्य इमारत का मजबूत स्तंभ : हरदीप पुरी

नई दिल्ली । केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने जोर देकर कहा है कि भारत अपने एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर का निरंतर विकास कर रहा है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में 'वन नेशन वन गैस ग्रिड' के विजन पर काम आगे बढ़ रहा है। पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में एक कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री ने बताया कि 2014 तक देश में केवल 15,000 किलोमीटर प्राकृतिक गैस पाइपलाइनें थीं, जो अब बढ़कर लगभग 25,000 किलोमीटर हो गई हैं और कई किलोमीटर निर्माणाधीन हैं। केंद्रीय मंत्री पुरी ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा, विपरीत धाराओं के बीच खड़े होकर उनकी दिशा बदलना आसान नहीं है। लेकिन जब दूरदर्शी नेता, देशवासियों के साथ चट्टान की तरह खड़े होकर, संरक्षक बनते हैं, तो यह संभव हो जाता है। जब दुनिया भर में पेट्रोल-डीजल की कीमतें आसमान छू रही थीं, तब प्रधानमंत्री मोदी ने सुनिश्चित किया कि बढ़ती कीमतों की आंच भारत तक न पहुंचे,उन्होंने कहा कि एक प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में, भारत एकमात्र ऐसा देश है जहां पिछले तीन वर्षों में पेट्रोल और डीजल की कीमतें बढ़ने के बजाय घटी हैं। केंद्रीय मंत्री पुरी ने जोर देकर कहा, प्रधानमंत्री मोदी ने केंद्रीय उत्पाद शुल्क में कटौती की, जिससे देशवासियों की कमाई पेट्रोल और डीजल पर क्रमशः 13 रुपए और 16 रुपए प्रति लीटर बची। भाजपा शासित राज्यों ने भी वैट कम किया।

## पूर्व भारतीय कप्तान के घर हुई चोरी

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन की पत्नी संगीता बिजलानी के लोनावाला स्थित बंगले में चोरी हो गई है। चोरों ने न सिर्फ सामना चुराया बल्कि बंगले के अंदर की संपत्ति को नुकसान भी पहुंचाया है। पुणे ग्रामीण पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को बताया कि चोरों 7 से 18 जुलाई के बीच इस घटना को अंजाम किया। इस दौरान पुणे जिले के मावल तालुका के तिकोना पेठ स्थित उनका बंगला खाली था। पुलिस के अनुसार, अज्ञात बदमाशों ने बंगले के पिछले हिस्से की दीवार की जाली काटकर उसमें सेंध लगाई। इसके बाद वे पहली मंजिल की गैलरी में चढ़ गए, खिड़की की ग्रिल को जबरन खोला और बंगले में घुस गए। चोरों ने 50 हजार रुपये नकद और लगभग 7,000 रुपये का एक टीवी चुराया।, इसके अलावा चोरों ने घर के अंदर की संपत्ति को भी नुकसान पहुंचाया है।

# ट्राई सीरीज में लगातार दूसरा मैच जीता न्यूजीलैंड




नई दिल्ली। जिम्बाब्वे की धरती पर ट्राई सीरीज खेली जा रही है, जिसमें न्यूजीलैंड, साउथ अफ्रीका और जिम्बाब्वे की टीमें हिस्सा ले रही हैं। इस सीरीज में कीवी टीम बहुत ही अच्छा प्रदर्शन कर रही है। उसने लगातार दो मुकाबले जीत लिए हैं। पहले मैच में न्यूजीलैंड ने साउथ अफ्रीका को 21 रनों से हरा दिया था और अब जिम्बाब्वे को 8 विकेट से शिकस्त दी है। मैच में जिम्बाब्वे ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 120 रन बनाए, जिसे न्यूजीलैंड ने डेवोन कॉन्वे के दम पर आसानी से हासिल कर लिया।

छोटे टारगेट का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम के लिए शुरुआत अच्छी नहीं रही, जब टिम सिफर्ट सिर्फ तीन रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद डेवोन कॉन्वे ने रचिन रवींद्र और डेरिल मिचेल के साथ मिलकर टीम को जीत दिला दी। कॉन्वे ने 40 गेंद की पारी में चार चौके और दो छक्के की मदद से नाबाद 59 रन बनाए। उन्हें मैच में कम से कम आठ जीवनदान मिले।

एक रन के स्कोर पर उनका कैच छूटा फिर वह जब 34 रन पर थे तब रन आउट से बचे और रुक्कुड्ढ की करीबी अपील उनके पक्ष में रही। इसके अलावा उनके कई शॉट हवा में लहराने के बाद फील्डर्स से दूर गिरे। कॉन्वे का रचिन रवींद्र (19 गेंद में 30 रन) और डेरिल मिचेल (19 गेंद में नाबाद 26 रन) ने अच्छा साथ निभाया। कॉन्वे ने मिचेल के साथ 58 रनों की साझेदारी की और टीम को आसानी से लक्ष्य तक पहुंचाया।

जिम्बाब्वे के सलामी बल्लेबाजों वेस्ली मधेवेरे (32 गेंद में 36 रन) और ब्रायन बेनेट (19 गेंद में 20 रन) ने आक्रामक तरीके से न्यूजीलैंड के गेंदबाजों का सामना किया। बेनेट पावरप्ले के अंत में हेनरी का शिकार बन गए। जिम्बाब्वे के बल्लेबाज इसके बाद लगातार अंतराल पर विकेट गंवाते रहे और टीम की रनगति लगातार कम होती चली गई। इसी वजह से टीम बड़ा स्कोर खड़ा नहीं कर पाई। 20 ओवर्स के बाद टीम 7 विकेट के नुकसान पर 120 रन ही बना पाई। न्यूजीलैंड के लिए मैट हेनरी ने सबसे ज्यादा तीन विकेट अपने नाम किए।

# ग्लोबल सुपर लीग को मिला नया चैंपियन गुयाना अमेजन वारियर्स ने जीता खिताब

नई दिल्ली। ग्लोबल सुपर लीग 2025 को नया चैंपियन मिल गया है। गुयाना अमेजन वारियर्स ने अपने शानदार प्रदर्शन से पहली बार इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया है। फाइनल मुकाबले में उन्होंने डिफेंडिंग चैंपियन रंगपुर राइडर्स को 32 रनों से मात दी और ट्रॉफी अपने नाम की। रंगपुर की टीम लगातार दूसरी बार फाइनल में पहुंची थी और खिताब की प्रबल दावेदार मानी जा रही थी, लेकिन गुयाना ने उसे बड़ा झटका दिया।



गुयाना अमेजन वारियर्स की टीम ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया और फाइनल में अपने संयम और आक्रामकता दोनों का बेहतरीन संतुलन दिखाया। इस तरह रंगपुर राइडर्स का लगातार खिताब जीतने का सपना चकनाचूर हो गया।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए गुयाना अमेजन वारियर्स ने निर्धारित 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 196 रन बनाए। पारी के आगाज के साथ ही इविन लुईस आउट होकर चौथे ओवर में पवेलियन लौट गए, लेकिन इसके बाद रहमानुल्लाह गुरबाज और जॉनसन चार्ल्स ने दूसरी विकेट के लिए 127 रनों की बड़ी साझेदारी कर टीम को 150 के स्कोर के करीब पहुंचा दिया। इसके बाद शेरफेन रदरफोर्ड और रोमारियो शेफर्ड ने ताबड़तोड़ अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए टीम के स्कोर को 196 रन तक ले गए।

# एशियाई क्रिकेट परिषद की मीटिंग का बीसीसीआई ने किया बहिष्कार

नई दिल्ली। बांग्लादेश के ढाका में 24 जुलाई को होने वाली एशियाई क्रिकेट परिषद की मीटिंग पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड और कई अन्य सदस्य बोर्डों ने राजनीतिक और कूटनीतिक चिंताओं के चलते बैठक का बहिष्कार करने का फैसला किया है।




इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक, बीसीसीआई ने एष्ट और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष मोहसिन नकवी को आधिकारिक तौर पर सूचित कर दिया है कि अगर यह मीटिंग ढाका में होती है, तो वह इसमें भाग नहीं लेगा। यह फैसला भारत और बांग्लादेश के बीच मौजूदा तनावपूर्ण राजनीतिक संबंधों के चलते लिया गया है।

भारत ही नहीं श्रीलंका, ओमान और अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड भी कथित तौर पर वेन्यू को लेकर इसी तरह की आपत्तियों का हवाला देते हुए बहिष्कार में शामिल हो गए हैं। बढ़ते विरोध के बावजूद एसीसी अध्यक्ष मोहसिन नकवी ढाका में बैठक आयोजित करने पर अड़े हुए हैं।बीसीसीआई ने साफ किया अपना रुख

रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने एष्ट अध्यक्ष मोहसिन नकवी को अपना रुख स्पष्ट रूप से बता दिया है।

# पाकिस्तान चैंपियंस ने इंग्लैंड चैंपियंस को पांच रनों से हराया

नई दिल्ली। वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स 2025 का पहला मुकाबला पाकिस्तान चैंपियंस ने इंग्लैंड चैंपियंस को पांच रनों से हराकर जीत लिया। ये मुकाबला एजबेस्टन क्रिकेट ग्राउंड पर खेला गया था। पाकिस्तान चैंपियंस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 160 रन बनाए। इसके बाद इंग्लैंड चैंपियंस की टीम 155 रन ही बना पाई। इंग्लैंड चैंपियंस के लिए इयान बेल और फिल मस्टर्ड ने अर्धशतक लगाए। लेकिन ये प्लेयर्स टीम को जिता नहीं पाए। इन दोनों प्लेयर्स पर मोहम्मद हफीज का अर्धशतक भारी पड़ गया।



इंग्लैंड चैंपियंस की टीम के लिए एलिएस्टर कुक और जेम्स विन्स बड़ी पारियां नहीं खेल पाए। दोनों ही प्लेयर्स 7-7 रन बनाकर आउट हो गए। लेकिन ओपनिंग करने उतरे फिल मस्टर्ड ने एक छोर संभाले रखा। उन्होंने 51 गेंदों में 58 रन बनाए। लेकिन इसी बीच रन गति धीमी हो गई और बाद में इंग्लैंड चैंपियंस के बल्लेबाज रन और गेंद के अंतर को पाट नहीं पाए। इयान बेल और इयोन मोर्गन ने आखिरी ओवर्स में तेजी के साथ रन बनाने की पूरी कोशिश की, लेकिन मैच का नतीजा उनके पक्ष में नहीं आया। बेल ने 35 गेंदों में 51 रन बनाए, जिसमें पांच चौके और दो छक्के शामिल रहे। मोर्गन ने 12 गेंदों में 16 रन बनाए।

इंग्लैंड चैंपियंस को आखिरी दो ओवर्स में जीतने के लिए 30 रनों की जरूरत थी। तब पाकिस्तान चैंपियंस के लिए 19वां ओवर वहाब रियाज ने फेंका। उनके इस ओवर में कुल 14 रन बने। इसके बाद 20वें ओवर में इंग्लैंड चैंपियंस की टीम सिर्फ 10 रन ही बना सकी और वह पांच रनों से मैच हार गई। पाकिस्तान चैंपियंस के लिए रुम्मन रईस, सोहेल तनवीर और आमेर यमीन ने एक-एक विकेट चटकाया। पाकिस्तान चैंपियंस की शुरुआत बहुत ही खराब रही, जब कामरान अकमल (8 रन) और शरजील खान (12 रन) जल्दी आउट होकर पवेलियन लौट गए। इसके बाद अमेर अमीन (6 रन) भी कुछ खास नहीं कर सके। फिर कप्तान मोहम्मद हफीज ने अच्छी पारी खेली।

उन्होंने 34 गेंदों में 54 रन बनाए, जिसमें 8 चौके शामिल रहे। उनके अलावा अंत में आमेर यमीन ने 13 गेंदों में 27 रन बनाए, जिसमें तीन छक्के शामिल रहे। तनवीर सोहेल ने 17 रन बनाए। इन प्लेयर्स की वजह से ही पाकिस्तान चैंपियंस की टीम निर्धारित 20 ओवर्स में 160 रनों का स्कोर खड़ा करने में सफल रही। इंग्लैंड चैंपियंस के लिए क्रिस ट्रेमलेट और लियाम प्लंकेट ने दो-दो विकेट अपने नाम किए।

# सीएसके कप्तान ने काउंटी चैंपियनशिप से अपना नाम लिया वापस

नईदिल्ली। अब तक भारत के कई खिलाड़ी इंग्लैंड के घरेलू क्रिकेट काउंटी चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर चुके हैं, जिसमें इशान किशन, तिलक वर्मा और युजवेंद्र चहल का नाम सबसे आगे है. जबकि कई खिलाड़ी अपना जौहर दिखाने के लिए अभी भी लाइन में लगे हुए हैं, जिनमें साई किशोर और सीएसके के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ का नाम शामिल है.




लेकिन अब ये खबर सामने आ रही है कि भारतीय बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ ने व्यक्तिगत कारणों से यॉर्कशायर के साथ काउंटी चैंपियनशिप करार से अपना नाम वापस ले लिया है. जबकि उन्होंने पांच मैचों के करार पर सहमति जताई थी, जिसकी शुरुआत 22 जुलाई से स्कारबोरो में मौजूदा चैंपियन सरे के खिलाफ मैच से होगी.

यॉर्कशायर के मुख्य कोच एंथनी मैकग्राथ ने कहा कि काउंटी टीम उनके विकल्प पर विचार कर रही है. उन्होंने कहा, दुर्भाग्य से गायकवाड़ व्यक्तिगत कारणों से अभी नहीं आ रहे हैं. हम उन्हें स्कारबोरो या बाकी सीजन के लिए टीम में नहीं रख पाएंगे. इसलिए यह निराशाजनक है. मैं आपको इसके कारणों के बारे में कुछ नहीं बता सकता, लेकिन हमें उम्मीद है कि सब कुछ ठीक होगा. हमें अभी-अभी पता चला है.

उन्होंने आगे कहा, हम पर्दे के पीछे इस पर काम कर रहे हैं कि हम क्या कर सकते हैं. लेकिन बस दो-तीन दिन बाकी हैं, इसलिए मुझे यकीन नहीं है कि हम इस समय क्या कर सकते हैं. हम एक संभावित प्रतिस्थापन की तलाश में लगे हैं, लेकिन समय का न होना हमारे लिए सबसे बड़ी समस्या है.

बता दें कि गायकवाड़ ने पिछले ही महीने यॉर्कशायर के साथ अनुबंध पर हस्ताक्षर किए थे. उसके बाद उन्होंने अपनी खुशी साझा करते हुए कहा था, मैं बाकी बचे इंग्लिश घरेलू सीजन के लिए यॉर्कशायर के साथ जुड़ने को लेकर उत्साहित हूं, इस देश में क्रिकेट का अनुभव करना हमेशा से मेरा लक्ष्य रहा है और इंग्लैंड में यॉर्कशायर से बड़ा कोई क्लब नहीं है.

रुतुराज गायकवाड़ महाराष्ट्र के बल्लेबाज हैं और आईपीएल 2025 में वो चेन्नई सुपर किंग्स की कप्तानी करते हुए कोहनी में फ्रैक्चर के बाद टूर्नामेंट के बीच से ही बाहर हो गए थे. हालांकि उन्होंने समय रहते ठीक होकर इंग्लैंड दौरे के लिए भारत ए टीम में जगह बना ली, लेकिन इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दोनों मैचों में वह बेंच पर ही रहे.

# नेपाल ने वित्तीय धोखाधड़ी और मनी लॉन्ड्रिंग को लेकर टेलीग्राम ऐप किया बैन

नई दिल्ली। नेपाल दूरसंचार प्राधिकरण (एनटीए) ने देश के सभी टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडर्स को टेलीग्राम मैसेजिंग ऐप के एक्सेस को ब्लॉक करने का आदेश दिया है। यह निर्णय नेपाल पुलिस के साइबर ब्यूरो द्वारा महीनों से लगातार दी जा रही चेतावनियों और अनुरोधों के बाद आया है, जिसने इस ऐप को फाइनेंशियल फ्रॉड और मनी लॉन्ड्रिंग के लिए एक टूल के रूप में फ्लैग किया है।



एनटीए ने एक बयान में इस निर्देश की पुष्टि करते हुए कहा कि सुरक्षा एजेंसियों द्वारा उठाई गई गंभीर चिंताओं के मद्देनजर यह निर्णय लिया गया है। एनटीए ने कहा, नेपाल में टेलीग्राम के माध्यम से ऑनलाइन धोखाधड़ी लगातार बढ़ रही है और यह ऐप कथित तौर पर मनी लॉन्ड्रिंग जैसे अपराधों में शामिल है, इसलिए सभी टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडर्स को टेलीग्राम को तुरंत ब्लॉक करने का निर्देश दिया जाता है।

प्राधिकरण ने कहा कि टेलीग्राम के माध्यम से धोखाधड़ी की घटनाएं हाल ही में बढ़ी हैं। इनमें फर्जी नौकरी के प्रस्ताव, क्रिप्टो घोटाले और अन्य भ्रामक तरीके शामिल हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय, गृह मंत्रालय और अन्य प्रमुख अधिकारियों ने इस मुद्दे पर चर्चा के लिए बैठकें कीं।

टेलीग्राम से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के कई मामलों की जानकारी मिलने के बाद, प्रधानमंत्री कार्यालय ने संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को एक आधिकारिक पत्र भेजकर तत्काल कार्रवाई करने का अनुरोध किया। प्रतिबंध का एक अन्य प्रमुख कारण टेलीग्राम द्वारा कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ सहयोग न करना था। मंत्रालय ने टेलीग्राम के आधिकारिक प्रतिनिधि से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन कोई स्थानीय संपर्क सूत्र नहीं मिल सका। बीते शुक्रवार को मंत्रालय ने एनटीए को पत्र लिखकर इस ऐप को ब्लॉक करने का अनुरोध किया। इसके तुरंत बाद, प्राधिकरण ने सभी टेलीकॉम और इंटरनेट प्रोवाइडर्स को ऐप तक एक्सेस बंद करने का निर्देश दिया। टेलीग्राम की लंबे समय से असुरक्षित होने और यूजर्स का डेटा अधिकारियों के साथ साझा न करने के लिए आलोचना की जाती रही है। चीन जैसे देश पहले ही इसी तरह की चिंताओं के कारण इस ऐप को बैन कर चुके हैं।

# प्रथम पृष्ठ का शेष....

**छत्तीसगढ़ में जंगल बर्बाद किये जा रहे.....**

ईडी के निशाने पर आने वाले विपक्षी नेताओं में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे, लालू प्रसाद यादव और राकांपा संस्थापक शरद पवार जैसे कई दिग्गज नेता रहे हैं। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने अपने एक ट्वीट में रॉबर्ट वाड्रा का बचाव करते हुए कहा था कि उनके बहनोई को पिछले एक दशक से नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा परेशान किया जा रहा है और सत्य की जीत होगी। वाड्रा को पूर्ण समर्थन देते हुए राहुल ने लिखा था कि मैं रॉबर्ट, प्रियंका और उनके बच्चों के साथ खड़ा हूं, क्योंकि उन्हें दुर्भावनापूर्ण, राजनीतिक रूप से प्रेरित बदनामी और उत्पीड़न के एक और हमले का सामना करना पड़ रहा है। मुझे पता है कि वे सभी, किसी भी तरह के उत्पीड़न का सामना करने के लिए पर्याप्त साहसी हैं। वे गरिमा के साथ ऐसा करते रहेंगे। अंततः सत्य की जीत होगी।

**गाजा में खाद्य वितरण केंद्र पर गोलीबारी.....**

स्वास्थ्य विभाग और प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि सैंकड़ों लोग इन केंद्रों पर गोलीबारी में मारे जा चुके हैं। जानकारी के अनुसार, गोलीबारी की घटना मुख्य रूप से दो जगहों पर हुई। जिसमें पहली घटना तेइना इलाका, खान यूनिस शहर के पास हुई। इस दौरान लगभग तीन किलोमीटर दूर जीएचएफ के एक केंद्र की ओर सैकड़ों लोग पैदल चल रहे थे। गवाहों के अनुसार, पहले इस्राइली सेना ने चेतावनी में हवाई फायरिंग की, लेकिन बाद में सीधे लोगों पर गोलियां बरसा दीं। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि, यह एक नरसंहार थाज्ञ सैनिकों ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। एक अन्य गवाह ने बताया कि टैंकों और ड्रोन से भी गोलियां चलाई गईं। इसके बाद घायल लोगों को उठाकर नासर अस्पताल, खान यूनिस लाया गया, जहां 25 शव और 70 घायलों की पुष्टि हुई है। दूसरी घटना शकूश इलाका, रफा शहर के पास हुई। यहां भी जीएचएफ केंद्र के पास भीड़ पर गोलियां चलीं, जिसमें सात लोगों की मौत हो गई, जिनमें एक महिला भी थी। घायलों को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया। इस गोलीबारी के बारे में जानकारी देते हुए एक शख्स ने कहा, हमने चिल्लाकर कहा- खाना चाहिए, खाना! लेकिन उन्होंने हमसे बात नहीं की, सीधे गोलियां चलाईं। एक जॉर्डन-फलस्तीनी व्यक्ति ने बताया कि उनका 19 साल का बेटा हिशाम भी मारा गया। उन्होंने जॉर्डन सरकार से अपील की कि उन्हें गाजा से निकालने में मदद करें। जीएचफ ने कहा है कि उसके केंद्रों पर कोई गोलीबारी नहीं हुई, और अगर मौतें हुई हैं तो भगदड़ और हमास की तरफ से फैलाई अफवाहों के कारण हुईं। वहीं इस्राइली सेना ने कहा कि वह केवल चेतावनी के तौर पर फायरिंग करती है अगर भीड़ बहुत पास आ जाए। हालांकि, शनिवार की घटना पर सेना और GHF की ओर से कोई आधिकारिक बयान अब तक नहीं आया है।

**ट्रम्प बोले-भारत-पाकिस्तान संघर्ष में 5 जेट गिरे....**

उन्होंने व्यापार को लाभ के रूप में इस्तेमाल करने की अपनी रणनीति की ओर इशारा करते हुए कहा, हमने व्यापार के माध्यम से ऐसा किया। मैंने कहा था कि जब तक आप इस मामले को सुलझा नहीं लेते, हम आपसे व्यापार के बारे में बात नहीं करेंगे, और उन्होंने ऐसा किया। भारत का दावा- पाकिस्तान के 6 फाइटर जेट तबाह हुए न्यूज एजेंसी-ढ्ढ ने सरकारी सूत्रों के हवाले से दावा किया था की ऑपरेशन सिंदूर में इंडियन एयरफोर्स के हमले में पाकिस्तान के 6 फाइटर जेट, 3 एयरक्राफ्ट और 10 से ज्यादा ड्रोन और क्रूज मिसाइलें तबाह हुई थीं। रिपोर्ट में कहा गया है कि 6 से 10 मई के बीच भारत ने पाकिस्तान के पंजाब और PoK (पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर) में मौजूद आतंकी ठिकानों पर हमला किया था। इसके बाद पाकिस्तान ने भी जवाब देने की कोशिश की, लेकिन भारतीय वायुसेना ने न केवल जवाब दिया, बल्कि पाकिस्तान को भारी नुकसान पहुंचाया। ऑपरेशन सिंदूर में इंडियन एयरफोर्स के रडार और एयर डिफेंस सिस्टम्स ने पाकिस्तान के फाइटर जेट्स को हवा में ही निशाना बनाया। सुदर्शन मिसाइल सिस्टम के जरिए लगभग 300 किलोमीटर दूर उड़ रहे एक हाई-वैल्यू एयरक्राफ्ट को भी मार गिराया गया था। ये एयरक्राफ्ट या तो इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर सिस्टम से लैस था या एयरबोर्न अर्ली वॉर्निंग कंट्रोल सिस्टम। इसके अलावा, राफेल और सुखोई-30 ने पाकिस्तानी सेफ सेंटर (हैंगर) को निशाना बनाया, जिसमें मेड इन चीन विंग लूंग ड्रोन तबाह हुए। सूत्रों के मुताबिक, पाकिस्तान के भोलारी एयरबेस पर भी एक स्वीडिश मूल का AEWC विमान तबाह हुआ था।

पाकिस्तानी पीएम बोले थे- 5 भारतीय लड़ाकू विमानों को मार गिराया पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने 7 मई को पाकिस्तान के 9 आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया था। 7 मई को ही पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने संसद में दावा किया था कि हमने भारत के हमले के जवाब में कार्रवाई की, जिसमें 5 भारतीय लड़ाकू विमानों को मार गिराया गया। पांच विमानों में 3 राफेल थे। बाद में पाकिस्तान 6 भारतीय विमान गिराने का दावा करने लगा था। पाकिस्तान ने 11 जुलाई को दोबारा भारत के 6 लड़ाकू विमानों को गिराने का दावा किया था। विदेश कार्यालय के प्रवक्ता शफकत अली खान ने प्रेस ब्रीफिंग में भारत को लड़ाकू विमान गंवाने की बात मानने को कहा था। अली खान ने कहा- भारत को काल्पनिक कहानियों का सहारा लेने के बजाय यह स्वीकार करना चाहिए कि भारत के छह लड़ाकू विमानों को मार गिराया गया और दूसरे मिलिट्री ठीकानो को गंभीर नुकसान पहुंचा। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ अनिल चौहान ने मई में ब्लूमबर्ग के साथ बातचीत में विमान मार गिराए जाने का जिक्र किया था। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया था कि किसके और कितने विमान गिरे। ब्लूमबर्ग को दिए इंटरव्यू में CDS ने कहा था असली मुद्दा यह नहीं है कि कितने विमान गिरे, बल्कि यह है कि वे क्यों गिरे और हमने उनसे क्या सीखा। भारत ने अपनी गलतियों को पहचाना, उन्हें जल्दी सुधारा और फिर दो दिन के भीतर दुश्मन के ठिकानों को लंबी दूरी से निशाना बनाकर एक बार फिर प्रभावी तरीके से जवाब दिया। पाकिस्तान के 6 भारतीय जेट गिराने के दावों को लेकर ष्ठस्ह्र चौहान ने कहा था- बिल्कुल गलत है। गिनती मायने नहीं रखती, बल्कि यह मायने रखता है कि हमने क्या सीखा और कैसे सुधार किया। इस संघर्ष में कभी भी परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की नौबत नहीं आई, जो कि एक राहत की बात है।

**मोदी जी, बताइए 5 जहाजों....**

ट्रंप ने यह साफ नहीं किया कि किस देश के लड़ाकू विमान गिरे हैं. कांग्रेस सांसद और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सवाल पूछा है. राहुल ने पूछा, मोदी जी, 5 जहाज़ों का सच क्या है? देश को जानने का हक है! बता दें कि पाकिस्तान ने भी कई बार दावा किया है कि इस युद्ध के दौरान उसने भारत के लड़ाकू विमानों को गिराया है. हालांकि, भारत ने इन दावों को हमेशा ख़ारिज किया है. मई महीने में ब्लूमबर्ग टीवी को दिए गए एक इंटरव्यू में भारत के चीफ़ ऑफ़ डिफ़ेंस स्टाफ़ जनरल अनिल चौहान ने पाकिस्तान के सैन्य संघर्ष के दौरान छह विमानों को नुक़सान पहुंचने के पाकिस्तान के दावे को सिरे से ख़ारिज कर दिया था.

**सुरक्षाबलों और माओवादियों के बीच....**

लाया गया है। नारायणपुर पुलिस लाइन में रमेश, पूनम, केशव सहित कुल 6 माओवादियों के शव रखे गए हैं। इनमें तीन महिला माओवादी भी शामिल हैं। सुरक्षाबलों को मौके से भारी संख्या में हथियार, बारूद, माओवादी साहित्य, और दैनिक उपयोग की वस्तुएं भी मिली हैं, जो इनके लंबे समय से जंगल में डेरा जमाए होने की पुष्टि करते हैं। इस पूरे ऑपरेशन को ऑपरेशन मानसून के तहत अंजाम दिया गया है, जो फिलहाल जारी है। बस्तर आईजी ने मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि बारिश के मौसम में भी ऑपरेशन की गति धीमी नहीं पड़ेगी, बल्कि और तेज़ की जाएगी। जवानों का मनोबल ऊंचा है और वे हर हाल में माओवादियों का सफाया करने के लिए डटे हुए हैं।

**ईडी ने गूगल और मेटा को भेजा नोटिस....**

के जरिए छुपाया गया। पिछले हफ्ते ईडी ने 29 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया, जिनमें मशहूर अभिनेता, टीवी होस्ट और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स शामिल हैं। आरोप है कि इन लोगों ने अवैध सट्टेबाजी ऐप्स का प्रचार किया। इनमें प्रकाश राज, राणा दग्गुबाती और विजय देवरकोंडा जैसे बड़े नाम भी शामिल हैं। इन पर आरोप है कि उन्हें प्रचार के लिए भारी रकम दी गई थी।

**आप को झटका: अनमोल गगन मान....**

तो उनके सामने शिरोमणि अकाली दल के प्रत्याशी रणजीत सिंह गिल चुनावी मुकाबले में थे। अपने पहले चुनाव में ही उन्होंने रणजीत गिल को 37718 वोटों से हरा दिया। अनमोल गगन पंजाब की पर्यटन मंत्री रह चुकी हैं। अनमोल गगन का जन्म 1990 में मानसा में हुआ था। चंडीगढ़ से पढ़ाई करने के दौरान ही उनका रुझान गायकी की तरफ होने लगा था। यही नहीं गायकी के साथ ही मॉडलिंग में भी नाम कमाया। पिछले जून माह में उन्होंने शादी की थी। उनके पति का नाम शाहबाज सोही है। बताया जा रहा है कि एक दिन पहले शिरोमणि अकाली दल के नेता रणजीत सिंह गिल ने भी अपनी पार्टी से इस्तीफा देने का ऐलान किया है।

अनमोल गगन मान के विधायकी छोड़ने और राजनीति से संन्यास लेने के बाद से आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर सियासी प्रहार शुरू हो चुके हैं। कांग्रेस विधायक सुखपाल खैरा ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर लिखा कि अनमोल गगन मान का राजनीति छोड़ना अरविंद केजरीवाल के पूर्ण विश्वासघात को दर्शाता है। उन्होंने आगे लिखा कि मान अकेली नेता नहीं हैं, जो कि आम आदमी पार्टी की इस्तेमाल करो फेंक दो वाली राजनीति की पहली शिकार बनी है। प्रशांत भूषण से लेकर गुरप्रीत घुग्गी तक कई नेताओं का नाम इस सूची में शामिल है। उन्होंने चेताया कि भगवंत मान की सरकार के दिन अब कुछ ही शेष बचे हैं।

# बिजली न्याय आंदोलन के तहत कांग्रेस द्वारा विरोध प्रदर्शन कर कनिष्ठ अभियंता को ज्ञापन सौंपा गया



○ बिजली की दरों में 1.89 वृद्धि से आम जनता में रोष, सरकार की नीयत और नीति दोनों पर सवाल - विष्णु लोधी
○ किसानों की बिजली दर प्रति यूनिट 50 पैसे बढ़ाकर सरकार ने किसानों की कमर तोड़ने का काम किया — विष्णु लोधी

डोंगरगढ़ (दावा)। बिजली न्याय आंदोलन में सम्मिलित हुए छत्तीसगढ़ लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने कहा प्रदेश में बिजली दरों में 1.89 प्रतिशत की गई वृद्धि को किसानों, गरीब उपभोक्ताओं और आम जनता पर अन्यायपूर्ण आर्थिक बोझ बताते हुए कड़ी आपत्ति जताई है।

श्री लोधी ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह वृद्धि आंकड़ों में भले ही मामूली लगे, लेकिन इसका असली भार किसानों और मध्यमवर्गीय परिवारों पर पड़ रहा है। विशेषकर खेती पर पूरी तरह निर्भर किसानों के लिए प्रति यूनिट 50 पैसे की बढ़ोतरी अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और अमानवीय है। किसान कोई व्यापारी नहीं, बल्कि हमारे अन्नदाता हैं। उनकी आजीविका खेती पर निर्भर है। ऐसे में बिजली की दरों में बढ़ोतरी सीधे उनके जीवन पर प्रहार है, श्री लोधी ने स्पष्ट रूप से कहा। उन्होंने कहा कि एक ओर मुख्यमंत्री कहते हैं कि प्रदेश के उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण, सस्ती और स्थिर बिजली आपूर्ति मिलेगी, लेकिन व्यवहार में इसके विपरीत रहा है – दरें बढ़ रही हैं और आमजन की जेब पर सीधा असर हो रहा है। यह निर्णय जनविरोधी है, असंवेदनशील है और सरकार की कथनी व करनी के फर्क को उजागर करता है।

विष्णु लोधी ने सरकार से तीन प्रमुख मांगें रखीं। कृषि उपभोक्ताओं पर की गई 50 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि को तत्काल वापस लिया जाए। ग्रामीण, लघु और सीमांत उपभोक्ताओं के लिए बिजली दरों को स्थिर रखा जाए। जनभागीदारी से बिजली नीतियों का निर्माण हो, ताकि किसानों और आम लोगों की आवाज सुनी जा सकें।

उन्होंने आगे कहा कि यदि यह जनविरोधी निर्णय वापस नहीं लिया गया तो हम अन्नदाता किसानों की आवाज बनकर सड़कों पर उतरने से भी पीछे नहीं हटेंगे। ये मेरी सामाजिक, नैतिक और राजनीतिक जिम्मेदारी है। बिजली न्याय आंदोलन को जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव, मदन साहू ने संबोधित किया। कार्यक्रम के संचालन ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश सिंह और आभार पंचराम ने किया। तत्पश्चात कनिष्ठ अभियंता को ज्ञापन सौंपा गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सेक्टर प्रभारी मोती वर्मा, अश्वनी कुमार पैकरा, नीतू जांगड़े, चंदन जी, इंद्रजीत साहू, रोहित, चंद्रेश वर्मा, नारायण, तिलक, सरवन आदि बड़ी संख्या में कांग्रेसी एवं किसान भाई उपस्थित रहे।

# भाजपा की तानाशाही के खिलाफ कांग्रेस का हल्लाबोल, जिला कांग्रेस कमेटी ने छुईखदान में मोदी और ईडी का पुतला फूंका



छुईखदान (दावा)। केंद्र सरकार की तानाशाही, ईडी के दुरुपयोग और विपक्षी नेताओं के खिलाफ की जा रही राजनीतिक बदले की कार्रवाई के खिलाफ शनिवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने छुईखदान में जोरदार प्रदर्शन किया। पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल तथा उनके पुत्र चैतन्य बघेल को निशाना बनाये जाने पर आक्रोशित कांग्रेसजनों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का प्रतीकात्मक पुतला दहन कर तीव्र विरोध दर्ज कराया।

कार्यक्रम का आयोजन जयस्तंभ चौक छुईखदान में जिला कांग्रेस कमेटी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी और जिला युवा कांग्रेस के संयुक्त नेतृत्व में किया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने 'तानाशाही नहीं चलेगी', 'ईडी वापस जाओ', 'भूपेश बघेल संघर्ष करो, हम तुम्हारे साथ हैं' जैसे नारों के साथ प्रदर्शन को उग्र रूप दिया।

**गूंजे 'संविधान बचाओ' के नारे**

### प्रमुख नेताओं के तीखे प्रहार

गजेंद्र ठाकरे, जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा भाजपा सरकार विपक्ष से घबराई हुई है। ईडी जैसी एजेंसियों का इस्तेमाल कर लोकतंत्र का गला घोंटा जा रहा है। कांग्रेस अब चुप नहीं बैठेगी। गुलशन तिवारी, युवा कांग्रेस अध्यक्ष ने दो टूक कहा भूपेश बघेल पर हमला पूरे छत्तीसगढ़ की अस्मिता पर हमला है। यह केवल कांग्रेस नहीं, जनता का आंदोलन है। कार्यक्रम में सभी नेताओं ने एक स्वर में चेतावनी दी कि अगर ईडी की दुर्भावनापूर्ण कार्रवाइयां नहीं रुकीं तो कांग्रेस आंदोलन को और तेज करेगी।

### कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित

प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य मोतीलाल जंघेल, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गजेंद्र ठाकरे, जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष गुलशन तिवारी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष छुईखदान रामकुमार पटेल, ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष खैरागढ़ आकाशदीप सिंह 'गोल्डी', शहर अध्यक्ष खैरागढ़ भीखमचंद छाजेड़, मुढ़ीपार ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष कोमल साहू, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गंडई भीगेश यादव, नगर पंचायत अध्यक्ष गंडई लाल टाकेश्वर शाह खुशरो, दिनेश साहू, गौकरण जंघेल, तेजराम वर्मा, रामानंद साहू, सेवादल जिला अध्यक्ष देवराज किशोर दास वैष्णव, सज्जाक खान, हेमंत वैष्णव, विधायक प्रतिनिधि यतेन्द्र जीत सिंह, शैलेंद्र तिवारी, लाल रोहित सिंह पुलस्थ, संजय जंघेल सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सर्व आदिवासी समाज का प्रदर्शन शासन के गाइडलाइन के अनुसार किया जाएगा

**मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति में 50 प्रतिशत भागीदारी को लेकर आंदोलन कर रहे हैं सर्व आदिवासी समाज के प्रतिनिधि - प्रशांत कोडपे, सभापति जिला पंचायत**



डोंगरगढ़(दावा)। मां बमलेश्वरी ट्रस्ट समिति में 50 प्रतिशत आरक्षण की मांग को लेकर सर्व आदिवासी समाज द्वारा किए जाने वाला प्रदर्शन जिला प्रशासन के समझाइए के बाद शिथिल हुआ है। आज होने वाले प्रदर्शन में भाग लेने वालों की संख्या समाज द्वारा 300 के आसपास रखी गई है। पूर्व मैं यह प्रदर्शन भारी संख्या में उपस्थित सर्व आदिवासी समाज के लोगों के द्वारा मंदिर प्रांगण में किया जाना था। आदिवासी समाज के नेता व जिला पंचायत सभापति प्रशांत कोड़पे ने कहा है कि हमारा आंदोलन हमारी कुलदेवी मां बम्लेश्वरी के ट्रस्ट में 50 प्रतिशत भागीदारी को लेकर किया जा रहा है।

सर्व आदिवासी समाज जिला इकाई राजनांदगांव की ओर से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा गया है कि, दिनांक 18 जुलाई 2025 को कलेक्ट्रेट कार्यालय राजनांदगांव में पुलिस अधीक्षक, जिला पंचायत सीईओ राजनांदगांव, एडिशनल कलेक्टर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव एवं एसडीएम व एसडीओपी डोगरगढ़ के समक्ष एक विस्तृत सार्थक चर्चा हुई। चर्चा में प्रशासन द्वारा अहम सुझाव दिए गए। जिसको सर्व आदिवासी समाज द्वारा माना गया एवं समझाइए को ध्यान में रखते हुए आज 20 जुलाई को मंदिर ट्रस्ट चुनाव चुनाव के विरोध में एक सांकेतिक प्रदर्शन 11:00 बजे आत्मानंद हाईस्कूल मैदान डोगरगढ़ में किया जाएगा। जिसमें सर्व आदिवासी समाज के द्वारा 200 से 300 की संख्या में ज्ञापन एसडीएम डोंगरगढ़ को सभा उपरांत दिया जाएगा। समाज के सभी व्यक्तियों से एवं प्रशासन से विनम्र अनुरोध है कि विरोध प्रदर्शन शांति पूर्ण किया जाना है, जिसमें आप सभी का सहयोग अपेक्षित है।

# रेल कोच रेस्टोरेंट्स का विस्तार : स्टेशन पर मिलेगा अनूठा एवं प्रीमियम डाइनिंग अनुभव



राजनांदगांव (दावा)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा यात्रियों और आम नागरिकों को स्टेशनों पर विशिष्ट, आरामदायक और आकर्षक वातावरण में 24 घंटे भोजन की सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से रेल कोच रेस्टोरेंट्स की स्थापना कर रहा है। यह एक अभिनव पहल है जो पारंपरिक खानपान व्यवस्था से हटकर एक नया और आधुनिक अनुभव प्रदान कर रही है।

एसईसीआर ने बताया कि रेल कोच रेस्टोरेंट्स को यात्रियों से अत्यंत सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है। इन रेस्टोरेंट्स में पुराने रेल कोचों को डाइनिंग के लिए परिवर्तित किया गया है, जिससे स्टेशन का स्वरूप भी अधिक आकर्षक और आधुनिक बन गया है। इन रेस्टोरेंट्स की स्थापना से न केवल यात्रियों को बल्कि स्टेशन के आसपास के निवासियों को भी उच्च गुणवत्ता वाली भोजन सुविधा मिल रही है।

भविष्य में मंडल के अन्य प्रमुख स्टेशनों पर भी इन रेस्टोरेंट्स को शुरू करने की योजना है। जिससे अधिक से अधिक यात्रियों को यह सेवा उपलब्ध कराई जा सके। भारतीय रेल यात्रियों को हर स्तर पर उत्कृष्ट सेवाएं देने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है।

# नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ में हर शुक्रवार स्वास्थ्य परीक्षण शिविर




डोंगरगढ़ (दावा)। पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय, डोंगरगढ़ में विद्यार्थियों के समग्र स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए हर शुक्रवार को स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। यह शिविर मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) टीम द्वारा संचालित किया जाता है।

शिविर में डॉ. एन. सिंह, श्रीमती साहू और लैब टेक्नीशियन की उपस्थिति में बच्चों की बीपी, शुगर सहित विभिन्न स्वास्थ्य जांचें की जाती हैं। साथ ही जिन विद्यार्थियों को मानसिक और भावनात्मक सहयोग की आवश्यकता होती है, उन्हें काउंसलिंग सेवा भी दी जाती है। पूरे कार्यक्रम की जिम्मेदारी स्टाफ नर्स आम्रपाली गजभिए द्वारा कुशलतापूर्वक निभाई जा रही है। उनके मार्गदर्शन में शिविर की सभी प्रक्रियाएं सुव्यवस्थित रूप से संचालित होती हैं। विद्यालय में मेडिकल का पूर्ण प्रभार भी उनके पास ही है, और बच्चों के हेल्थ रिकॉर्ड को भी नियमित रूप से सुरक्षित रखा जाता है। स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान किसी प्रकार की चिकित्सकीय आवश्यकता होने पर छात्रों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) भेजा जाता है। इसके लिए विद्यालय प्रशासन द्वारा आवश्यक समन्वय भी सुनिश्चित किया जाता है। इस शिविर को सफल बनाने में सदन प्रभारी शिक्षक एवं अन्य स्टाफ सदस्यों का सहयोग भी प्रशंसनीय रहा है। सभी ने मिलकर इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

विद्यालय प्राचार्य इंचार्ज संजय कुमार मंडल ने इस पहल के लिए जिला चिकित्सा अधिकारी एवं ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि इस तरह की सेवाएं विद्यार्थियों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं और नवोदय विद्यालय परिवार इसके लिए स्वास्थ्य विभाग का आभारी है।

# मोदी की गारंटी लागू करवाने 11 सूत्रीय मांगों को लेकर फेडरेशन ने सौंपा ज्ञापन



मांग पूरी नहीं होने पर 22 अगस्त को प्रदेश के कर्मचारी अधिकारी राज्यव्यापी कलम बंद काम बंद हड़ताल करेंगे - मीडिया प्रभारी अमिताभ दुफारे

डोंगरगढ़(दावा)। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ब्लॉक इकाई डोंगरगढ़ ने प्रांतीय आह्वान पर छत्तीसगढ़ शासन को मोदी की गारंटी लागू कराने 11 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। गौरतलब है कि फेडरेशन ने विधानसभा चुनाव के पहले प्रदेश के कर्मचारियों से किया गया। मोदी की गारंटी का वादा छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा पूरा नहीं करने के कारण चरणबद्ध आंदोलन किया था। साय सरकार की वादाखिलाफी के विरुद्ध पुनः आंदोलन का शंखनाद कर दिया है। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के संयोजक भेल सिंह वर्मा, महासचिव योगेश चौरे, व मीडिया प्रभारी अमिताभ दुफारे की अगुवाई में जनपद पंचायत डोंगरगढ़ के सामने नारेबाजी करते हुए वादा निभाओ रैली एसडीएम कार्यालय तक पहुंची व 11 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन दिया गया।

0 विभिन्न प्रमुख मांगो को लेकर सौंपा गया ज्ञापन

ज्ञापन में कहा गया है कि, प्रदेश के कर्मचारियों एवं पेंशनरों के लिए मोदी की गारंटी अनुसार केन्द्र के समान 2 प्रतिशत महंगाई भत्ता देय तिथि से दिया जावे। प्रदेश के कर्मचारियों के लिए मोदी की गारंटी अनुसार जुलाई 2019 से समय समय पर देय महंगाई भत्ते की लंबित एरियर्स राशि का समायोजन जीपीएफ खाते में किया जावे। वेतन विसंगति एवं अन्य मुद्दो के लिए गठित पिंगुआ कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक किया जावे। प्रदेश में चार स्तरीय पदोन्नत समयमान वेतनमान कमशः 8 वर्ष, 16 वर्ष, 24 वर्ष एवं 30 वर्ष सेवा पूर्ण करने उपरांत लागू किया जावे।

सहायक शिक्षक पद पर नियुक्त शिक्षक एवं सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी को तृतीय समयमान वेतनमान स्वीकृति आदेश जारी किया जावे। प्रदेश में अन्य भाजपा शासित राज्यों की भांति कर्मचारियों के लिए कैशलेस चिकित्सा सुविधा लागू की जावे। प्रदेश में अनुकंपा नियुक्ति निःशर्त लागू करने स्थायी आदेश जारी किया जाये। वर्तमान में 10 प्रतिशत सीलिंग समाप्त करते हुए सीधी भर्ती के समस्त पदों पर अनुकंपा नियुक्ति दी जावे। मध्यप्रदेश की भांति छत्तीसगढ़ राज्य के शासकीय सेवकों को 300 दिवस अर्जित अवकाश नगदीकरण दिया जाये। प्रदेश के शासकीय सेवकों को पुरानी पेंशन के लाभ हेतु एन.पी.एस. खाते में कटौती तिथि से सेवा गणना की जाये। साथ ही पूर्ण पेंशन की पात्रता हेतु नीति निर्धारित की जावे। प्रदेश के विभिन्न विभागों में सेटअप पुनरीक्षित नहीं होने के कारण अधिकारियों एवं कर्मचारियों की कमी को देखते हुए सभी विभागों में समानता लाते हुए सेवानिवृत्त आयु 65 वर्ष की जावे। प्रदेश में कार्यरत कार्यभारित, संविदा एवं दैनिक वेतन कर्मचारियों का नियमितीकरण करते हुए नियमित पदस्थापना में नियुक्त किया जावे।

मीडिया प्रभारी अमिताभ दुफारे ने बताया कि यदि छत्तीसगढ़ सरकार ने मोदी की गारंटी को पूरा करने में रुचि नहीं दिखाया तो 22 अगस्त को प्रदेश के कर्मचारी अधिकारी सामूहिक अवकाश में रहकर राज्यव्यापी कलम बंद काम बंद हड़ताल करेंगे। उन्होंने बताया कि यदि सरकार ने मोदी की गारंटी को पूरा नहीं किया तो फेडरेशन अनिश्चितकालीन हड़ताल का निर्णय लेने बाध्य होगा। फेडरेशन का कहना है कि विधानसभा चुनाव 2023 के दौरान प्रदेश के कर्मचारियों के लिए मोदी की गारंटी का घोषणा हुआ था। सरकार बनने पर प्रदेश के शासकीय सेवकों एवं पेंशनरों को केन्द्र के समान डी.ए./डी आर दिया जायेगा। लंबित डी.ए एरियर्स की राशि को कर्मचारियों के जी.पी. एफ खाते में समायोजित किया जायेगा। प्रदेश के सहायक शिक्षकों का वेतन विसंगति दूर किया जायेगा। प्रदेश के लिपिकों, सहायक शिक्षकों एवं अन्य संवर्ग के लिए वेतन विसंगति दूर करने के लिए गठित पिंगुआ कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक करने पंचायत सचिवों का शासकीयकरण किया जायेगा। आज की रैली में अमित वैष्णव, राजा राम उइके, राकेश सिन्हा, मोरध्वज साहू, मनीष रंगारी, अनिल वर्मा, राकेश साहू, पियुष देशपांडे, धन्नूलाल महोबिया, खिलावन निर्मलकर, कुंता काड़े, धनेश्री बारीक, हीरालाल मोर्य व फेडरेशन के कई सदस्य उपस्थित थे।

# युवाओं ने लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प, जीवन आधार चैरिटी की पहल



**राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव के महावीर चौक पर 17 जुलाई को जीवन आधार पब्लिक चैरिटी ने युवाओं को वृक्षारोपण और पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया। चैरिटी के मुख्य मार्गदर्शक श्री ओमप्रकाश सहारे ने इस अवसर पर युवाओं को संबोधित करते हुए पर्यावरण के महत्व पर प्रकाश डाला।**

श्री सहारे ने अपने संबोधन में कहा कि युवा देश को सशक्त बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं और समाज को नई दिशा देते हैं। उन्होंने युवाओं से अपने दायित्व को समझते हुए देश, समाज और स्वयं के हित में वृक्षारोपण करने का आह्वान किया।

उन्होंने जोर देकर कहा कि वृक्षारोपण से ही पर्यावरण का संरक्षण होगा और भविष्य में संभावित पर्यावरण संकट को टाला जा सकेगा। इस पहल का उद्देश्य युवाओं को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना और उन्हें सक्रिय रूप से पेड़ लगाने व उनकी देखभाल करने के लिए प्रेरित करना था। उपस्थित युवाओं ने इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने और पर्यावरण को बचाने का संकल्प लिया।

# आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा 27 को

खैरागढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा नवगठित जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए, इस जिले में भी अब व्यापम की परीक्षाएं आयोजित की जा रही हैं। जिले में परीक्षाओं का आयोजन जिला कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। व्यापम से प्राप्त नवीन दिशा-निर्देशों के अनुसार, आगामी 27 जुलाई (रविवार) को आयोजित होने वाली आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों को निम्नलिखित बातों का विशेष ध्यान रखना अनिवार्य होगा।

परीक्षार्थी परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम दो घंटे पूर्व परीक्षा केंद्र में पहुंचे। जिससे उनका प्रिस्किंग (जांच) एवं पहचान पत्र का सत्यापन समय पर किया जा सके। परीक्षा प्रारंभ होने के 15 मिनट पूर्व परीक्षा केंद्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा। इसके पश्चात किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश नहीं मिलेगा। परीक्षार्थी परीक्षा में आधी बांह वाले कपड़े पहनकर आएं। फुटवियर के रूप में केवल चप्पल की अनुमति है। किसी भी प्रकार का आभूषण पहनना वर्जित है, विशेष रूप से कान के आभूषण नहीं पहनें।

परीक्षा कक्ष में मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, डिजिटल घड़ी, पर्स, बेल्ट, टोपी, स्कार्फ, पाउच आदि ले जाना पूरी तरह प्रतिबंधित है। प्रवेश पत्र संबंधी निर्देशों के अनुसार परीक्षार्थी प्रवेश पत्र के सभी पेजों का प्रिंट केवल एक ओर से निकालें, क्योंकि प्रत्येक परीक्षा हेतु एक प्रति परीक्षा केंद्र में जमा करनी होगी।

# फ्लाई ओवर के नीचे के गरीब व्यवसाईयों को हटाने से बिफरे राजेन्द्र सोनी

**राजनांदगांव (दावा)। हाल ही में नगर निगम प्रशासन द्वारा नेशनल हाईवे फ्लाईओवर के नीचे से बड़ी संख्या में गरीब व्यवसायियों को बेदखल किए जाने पर आम आदमी पार्टी के लोकसभा अध्यक्ष भूपेश तिवारी और राजेंद्र सोनी ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने इस कार्रवाई को 'क्रूरतापूर्ण' बताते हुए कहा कि भरी बरसात में चिड़ियि तक का घोंसला नहीं उजाड़ा जाता है। ऐसे समय में निगम प्रशासन ने यह निंदनीय कार्य किया है।**




संस्कारधानी के नगर निगम से ऐसी क्रूरता कैसे हो गई ? - भूपेश तिवारी

श्री तिवारी और श्री सोनी ने संयुक्त रूप से कहा कि यदि इन गरीब व्यवसायियों को हटाना ही था तो पहले उन्हें व्यवस्थापन दिया जाना चाहिए था। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जब ठंड में तिब्बती बाहर से ऊनी कपड़ों की दुकानें लगाने आते हैं, तो उनसे शुल्क लेकर उन्हें उचित व्यवस्था दी जाती है, लेकिन स्थानीय व्यवसायियों से कोई बात किए बिना सीधे तौर पर दो-चार दिन में ही बेदखली की कार्रवाई कर दी गई। प्रबुद्ध नागरिक भी निगम की इस कार्रवाई का विरोध कर रहे हैं। नेताओं ने बताया कि फ्लाईओवर के नीचे डोसा, चाय, भजिया, खाना, रोटी जैसे छोटे-छोटे व्यवसाय खोलकर गरीब तबके के लोग जनता की सेवा कर रहे थे और अपनी रोजी-रोटी चला रहे थे। अब ग्राहकों को भी भटकना पड़ रहा है और इन छोटे धंधेबाजों का धंधा उजड़ने से उनके लिए परिवार चलाना मुश्किल हो गया है। उन्होंने दुख व्यक्त करते हुए कहा कि ये गरीब व्यवसायी अपनी व्यथा लेकर निगम कार्यालय गए भी थे, लेकिन उन्हें निराशा ही हाथ लगी। ये लोग यहां बहुत पहले से व्यवसाय कर रहे थे और अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे थे। बच्चों की स्कूल फीस से लेकर घर के तमाम खर्च इन्हीं छोटे व्यवसायों से चल रहे थे। लेकिन नगर निगम द्वारा 'अवैध अतिक्रमण' के नाम पर की गई इस कार्रवाई से उनके धंधे पूरी तरह चौपट हो गए हैं। जिससे उनकी आर्थिक स्थिति खराब हो रही है। इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी उन्होंने निगम प्रशासन की बताई है।

# रेलवे द्वारा कर्मचारी शिकायत निवारण सह-चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन



**बड़ी संख्या में रेल्वे कर्मचारियों ने चिकित्सा जांच शिविर का लिया लाभ**

राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय नांदगांव रेल्वे स्टेशन में शुक्रवार को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल द्वारा कर्मचारी शिकायत निवारण व चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक किशोर कुमार, सहायक कार्मिक सुशील कुमार लकरा, सहायक वित्त प्रबंधक प्रेम प्रकाश, विशेष रूप से उपस्थित थे। जिनके द्वारा कर्मचारियों की शिकायते सुनी गई और इसके निराकरण के आश्वासन भी दिए गए।

रेल्वे द्वारा आयोजित स्वास्थ्य जांच शिविर में सहायक मंडल चिकित्सा अधीक्षक डॉ. लक्ष्मी लावण्या के साथ हाईटेक हास्पिटैलिटी भिलाई के चिकित्सक के साथ पेथलाजी के सदस्यों ने सेवाएं दी। चिकित्सा जांच शिविर में लगभग 150 कर्मचारियों ने लाभ उठाया।

# डोंगरगांव में साल्हे घाट से खुलेआम अवैध रेत निकासी, एक ट्रैक्टर जब्त

डोंगरगांव (दावा)। क्षेत्र में अवैध उत्खनन के मामले बेखौफ तरीके से बढ़ रहे है और विभागीय निष्क्रियता और कार्यवाही नहीं होने के चलते नदियों से बड़ी मात्रा में कीमती रेत की निकासी खुलेआम हो रहा है. सबसे बड़ी बात यह है कि रेत निकासी के इस अवैध कारोबार में नये-नये ट्रेक्टर और मशीनरी का उपयोग किया जा रहा है। साथ ही बगैर लाइसेंस नवयुवा ड्राइवर इस अवैध काम में जुड़कर लोगों की जान जोखिम में डाल रहे हैं. इसी का एक उदाहरण डोंगरगांव नगर पंचायत क्षेत्र से लगने वाले साल्हे घाट में देखने मिला. जहां शहर की सीमा से सटकर बहने वाली घुमरिया नदी से रेत की अवैध निकासी धड़ल्ले से हो रही है. अवैध निकासी की जानकारी होने के बाद मीडिया की टीम ने स्थानीय प्रशासन को सूचित किया और पूरी टीम ने बड़ी मात्रा में निकल चुके रेत का जायजा लिया. नदी से रेत निकालने के लिए बकायदा मुरूम डालकर रैम्प बनाया गया है और यहां से रेत निकालकर तहसील कार्यालय के समीप स्टॉक किया जा रहा है. इस दौरान साल्हे घाट में एक रेत से भरे सोल्ड ट्रेक्टर को पकड़ा गया, जो कि ग्राम मोहड़ निवासी भोलाराम देवांगन का बताया जा रहा है. जबकि इस कार्य में लगे लगभग 11 मजदूरों टीम के पहुंचने के बाद मौके से चलते बने. वही इस वाहन चालक राम विश्वकर्मा पिता रतू विश्वकर्मा उम्र 18 ने बताया कि यह सोल्ड ट्रेक्टर छः माह पुरानी है और उनके पास भी लाइसेंस नहीं है. वाहन चालक ने बताया कि नदी से रेत निकालकर गैस गोदाम के समीप एक स्थानीय नेता के इशारे पर स्टॉक किया जा रहा है जबकि इस नेता से जानकारी लेने पर उन्होंने इस विषय में चर्चा पूरी नहीं होने की बात की. मौके पर पहुंची राजस्व की टीम और पुलिस ने ट्रेक्टर को जब्त कर डोंगरगांव थाने रवाना किया है और आगे कार्यवाही की जा रही है.



तहसील कार्यालय के समीप हो रहा था स्टॉक

### नदियों से रेत निकालना भी जरूरी

बता दें कि पूरा डोंगरगांव क्षेत्र शिवनाथ नदी और इसकी सहायक नदियों से घिरा हुआ है, जहां कीमती रेत बड़ी मात्रा में उपलब्ध है. हॉलाकि पूरे क्षेत्र में कहीं भी स्वीकृत रेत खदान उपलब्ध नहीं है, जिसके चलते पूरे क्षेत्र में खुलेआम रेत की निकासी हो रही है. इस विषय पर सीएमओ विनम्र जेमा ने बताया कि उन्होंने अपनी सीमा क्षेत्र के दो खदानों को स्वीकृत करवाने के लिए जिला मुख्यालय में आवेदन किया है, किन्तु अभी तक स्वीकृति नहीं मिली है. रेत और मुरूम खदानों में अवैध निकासी को लेकर शासन-प्रशासन गंभीर नहीं है, जबकि नदियों से रेत निकाला जाना भी आवश्यक है. अन्यथा लगातार कटाव के चलते नदी की चौड़ाई लगातार बढ़ते क्रम में रहेगी. इसका प्रत्यक्ष उदाहरण रूदगांव में देखा जा सकता है, जहां वर्षों से रेत नहीं निकाले जाने के चलते नदी का पाट बढ़ रहा है.

# कोटरा गांव में तेंदुए की दहशत, वन विभाग पर निष्क्रियता का आरोप

अंबागढ़ चौकी (दावा)। अंबागढ़ चौकी क्षेत्र के कोटरा गांव में शुक्रवार रात करीब 9 बजे एक तेंदुआ देखे जाने से ग्रामीणों में भारी दहशत फैल गई है। यह घटना ऐसे समय में सामने आई है। जब क्षेत्र में वन्यजीवों की आबादी बढ़ने और उनके रिहायशी इलाकों के करीब आने की खबरें लगातार मिल रही हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग इस गंभीर स्थिति के प्रति उदासीन बना हुआ है और किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहा है।



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार शुक्रवार रात लगभग 9 बजे गांव के कोटरा क्षेत्र में तेंदुए को घूमते हुए देखा गया। जिसके बाद ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। गांव वालों ने तत्काल वन विभाग को इसकी सूचना दी, लेकिन खबर लिखे जाने तक विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। एक ग्रामीण ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि हमने तुरंत वन विभाग को फोन किया, लेकिन कोई त्वरित प्रतिक्रिया नहीं मिली। हमें अपनी सुरक्षा की चिंता है और बच्चों को घर से बाहर भेजने में भी डर लग रहा है।

ग्रामीणों में इस बात को लेकर गहरा आक्रोश है कि वन विभाग इस संवेदनशील मुद्दे पर गंभीरता नहीं दिखा रहा है। उनका कहना है कि अगर समय रहते तेंदुए को पकड़ा नहीं गया या उसे वापस जंगल में नहीं भेजा गया तो किसी बड़े हादसे की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। इस मामले में जब वन विभाग के अधिकारियों से संपर्क करने का प्रयास किया गया, तो उनसे संपर्क नहीं हो पाया। ग्रामीणों ने मांग की है कि वन विभाग तत्काल कार्रवाई करे और तेंदुए को पकड़कर सुरक्षित स्थान पर छोड़े, ताकि ग्रामीण भयमुक्त होकर रह सकें।

# गुजराती स्कूल में 'ग्रीन डे' : रीटा बेन पटेल ने बच्चों को समझाया भगवद् गीता का सार

राजनांदगांव (दावा)। शहर में 1957 से संचालित अग्रणी संस्था गुजराती राष्ट्रीय अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम स्कूल में शनिवार को ग्रीन डे व बच्चों को भगवद् गीता का सार श्रीमती रीटा बेन पटेल व श्रीमती रुखमणी बेन पटेल द्वारा समझाया गया। श्रीमती रीटा बेन पटेल ने गीता के 18 अध्याय 700 श्लोक के बारे में बच्चों को जानकारी प्रदान की गई। साथ ही विचार के सकारात्मक व नकारात्मक स्वरूपों को बच्चों को बताया। अर्जुन के लक्ष्यों को लेकर बच्चों को लक्ष्य के बारे मे समझाया। साथ ही श्रीमती रुखमणी पटेल ने बच्चों को कहानी सुनाकर गीता की शक्ति से अवगत कराया।



'ग्रीन डे' पर नन्हें-नन्हें बच्चों ने प्रकृति के हरे रंग का अनेक वेशभूषाओं के माध्यम से वृक्षों के महत्व को समझाया। मंच का संचालन शिक्षक राजेन्द्र सोनी द्वारा किया गया। अध्यक्ष विनय पटेल, उपाध्यक्ष पवन पटेल, सचिव सीए रूपम सोनछात्रा, कोषाध्यक्ष हिमांशु पटेल, कार्यकारिणी सदस्य पीयूष पटेल, अनिल पटेल व अन्य सदस्यगण, प्राचार्य सुषमा शुक्ला, उपप्राचार्य अर्पणा श्रीवास्तव एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं सहित शाला पालक समिति के सदस्यो ने बच्चों को सकारात्मक सोच के साथ शाला में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

# डोंगरगढ़ में साइबर धोखाधड़ी पर नकेल : 8 'म्यूल अकाउंट' धारक गिरफ्तार, 10 लाख से अधिक की राशि जब्त

डोंगरगढ़ (दावा)। साइबर धोखाधड़ी से प्राप्त अवैध धनराशि के दुरुपयोग पर लगाम कसते हुए डोंगरगढ़ पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा संचालित भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र के पोर्टल से मिली विशिष्ट जानकारी के आधार पर पुलिस ने 8 'म्यूल बैंक अकाउंट' के धारकों को गिरफ्तार किया है। ये खाते साइबर धोखाधड़ी से प्राप्त राशि को ठिकाने लगाने, उपयोग करने और आगे बढ़ाने में इस्तेमाल किए जा रहे थे।



### बंधन बैंक में जमा थे 10 लाख से ज़्यादा के धोखाधड़ी के पैसे

पुलिस जांच में सामने आया कि बंधन बैंक की डोंगरगढ़ शाखा में खुले विभिन्न 'म्यूल खातों' में 25 जनवरी 2024 से 31 दिसंबर 2024 के बीच साइबर धोखाधड़ी से प्राप्त 10,06,544 रूपए (दस लाख छह हजार पाँच सौ चौवालिस रुपये) की बड़ी धनराशि जमा की गई थी। इस गंभीर मामले को संज्ञान में लेते हुए 15 जुलाई 2025 को थाना डोंगरगढ़ में अपराध क्रमांक-360/2025, धारा 317(2), 317(4), 317(5) बीएनएस (भारतीय न्याय संहिता) के तहत मामला दर्ज किया गया और तुरंत विवेचना शुरू की गई।

### गिरफ्तार आरोपियों में स्थानीय निवासी शामिल

जांच के बाद 19 जुलाई को पुलिस ने आठ म्यूल अकाउंट खाताधारकों को धर दबोचा। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में मन्नू यादव (40), सिराजुद्दीन खान (50), आर्यन नामदेव (21), सोहेल खान (24), चिरावन सेन (35), रवि ढीमर (26), सचिन मेश्राम (45), और प्रियांशु जंघेल (22) शामिल हैं। ये सभी आरोपी डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव के विभिन्न इलाकों के निवासी हैं। सभी गिरफ्तार आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि यह कार्रवाई साइबर अपराधियों पर नकेल कसने और ऐसे वित्तीय अपराधों में शामिल व्यक्तियों को जवाबदेह ठहराने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। विभाग ने ऐसे मामलों पर लगातार निगरानी रखने और सख्त कार्रवाई जारी रखने का संकल्प दोहराया है।

# आईआईटी-जेईई और नीट के लिए छात्रों को मिल रही नि:शुल्क कोचिंग और मार्गदर्शन

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे, जिला पंचायत सीईओ सुरुचि सिंह और जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास बघेल के मार्गदर्शन में राजनांदगांव के छात्रों के लिए एक बेहतरीन पहल शुरू की गई है। अब 12वीं के वे विद्यार्थी जो आईआईटी-जेईई और नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। उन्हें निःशुल्क कोचिंग कक्षाएँ और मार्गदर्शन मिल रहा है। ये कक्षाएं हिंदी और अंग्रेजी माध्यम के विद्यार्थियों के लिए अलग-अलग संचालित की जा रही हैं। अंग्रेजी माध्यम के छात्रों के लिए कक्षाएं बक्शी स्कूल में आयोजित हो रही हैं, जबकि हिंदी माध्यम के छात्र बलदेव प्रसाद मिश्र स्कूल में पढ़ाई कर रहे हैं। इन कक्षाओं का संचालन हर हफ्ते शनिवार और रविवार को किया जाता है, ताकि विद्यार्थियों की नियमित पढ़ाई पर कोई असर न पड़े।



### ब्लॉक स्तर पर भी शुरू होगी कक्षाएं, छात्रों में उत्साह

यह सुविधा फिलहाल राजनांदगांव शहर में शुरू की गई है, लेकिन इसे पूरे जिले में फैलाने की योजना है। आगामी 15 अगस्त से जिले के सभी ब्लॉकों में भी ये निःशुल्क कक्षाएं शुरू की जाएंगी। इस पहल को लेकर विद्यार्थियों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। सर्वेश्वर दास स्कूल, बक्शी स्कूल, भर्रेगांव और सुकुलदैहान जैसे स्कूलों के छात्र बड़ी संख्या में इन कक्षाओं में भाग ले रहे हैं। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जिले के मेधावी छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए बेहतर मार्गदर्शन और आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराना है।




# जमातपारा में विवाद, नंदई कुआ चौक पर हुल्लड़बाजी; बसंतपुर पुलिस की त्वरित कार्रवाई

राजनांदगांव (दावा)। बसंतपुर पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में धींगा-मस्ती, वाद-विवाद और हुल्लड़बाजी करने वाले कई आरोपियों को धर दबोचा है। पुलिस ने इन सभी के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की है और उन्हें एसडीएम न्यायालय में पेश किया गया है।



बसंतपुर थाना प्रभारी एमन साहू ने बताया कि 19 जुलाई की रात लगभग 12:15 बजे एक प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह अपने दोस्त के साथ मोटर साइकिल से आवाना होटल के पास अपने अन्य साथियों से मिलने जा रहा था। शीतला मंदिर के आगे जमातपारा सुलभ शौचालय के पास पहुंचने पर कुछ अज्ञात लोगों ने उन्हें रोका। इन लोगों ने बिना किसी कारण के अश्लील गालियां दी। जान से मारने की धमकी दी और अपने हाथ में रखे डंडे से प्रार्थी व उसके साथी के साथ मारपीट की। इस मारपीट में प्रार्थी की बाई आंख के पास और कंधे पर चोट आई है। जबकि उसके साथी की पीठ और दाहिने पैर में चोट लगी।

मुखबिर की सूचना पर जमातपारा निवासी आरोपी टाकेश्वर पाल, मयंक धर्मी, युगल कुमार सागरवंशी और कुछ अन्य विधि से संघर्षरत बालकों से पूछताछ की गई। उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया। जिसके बाद प्रकरण में भारतीय न्याय संहिता की धारा 191(2) और 190 को भी जोड़ा गया। पुलिस ने आरोपियों से घटना में इस्तेमाल किया गया डंडा जब्त कर उन्हें गिरफ्तार किया और बाद में जमानत मुचलके पर रिहा कर दिया। हालांकि, जमानत पर छूटने के बाद आरोपी फिर से वाद-विवाद और लड़ाई-झगड़े पर उतारू हो गए। पुलिस को सूचना मिलने पर टीम मौके पर पहुंची और उन्हें समझाने की कोशिश की, लेकिन जब वे नहीं माने तो पुलिस ने उन्हें मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया।

### हुल्लड़बाजी करने वाला गिरफ्तार

थाना प्रभारी एमन साहू ने यह भी बताया कि नंदई कुंआ चौक पर हुल्लड़बाजी की सूचना मिलने पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए विनोद यादव को मौके पर गिरफ्तार किया। पुलिस ने इन चारों आरोपियों के खिलाफ भी प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए उन्हें एसडीएम न्यायालय में पेश किया।

# श्रीमती अन्नपूर्णा देवी सिंह का निधन



राजनांदगाँव (दावा)। रॉयल किड्स कॉन्वेंट स्कूल के पूर्व प्रशासक स्व. लाल शंकर बहादुर सिंह की धर्मपत्नी तथा राजकुमार कॉलेज के पूर्व प्राचार्य स्व. डॉ. जयंत बहादुर सिंह की माताजी श्रीमती अन्नपूर्णा देवी सिंह का आज प्रातः निधन हो गया, वह 90 वर्ष की थीं। वह रॉयल किड्स कॉन्वेंट के संस्थापक और राजकुमार कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ जे बी सिंह और रॉयल किड्स कॉन्वेंट के निदेशक संजय बहादुर सिंह की माताजी थीं।

### अंतिम यात्रा में उमड़ी भीड़

श्रीमती अन्नपूर्णा देवी सिंह की अंतिम यात्रा उनके निज निवास, संस्कार भवन, एल.एस.बी टॉवर, रॉयल किड्स स्कूल, लालबाग राजनांदगाँव से अपराह्न 4 बजे मुक्तिधाम के लिए निकली। अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया, जिसमें खैरागढ़ राज परिवार, रॉयल किड्स कॉन्वेंट के सभी कर्मचारियों और सिंह परिवार के सदस्यों ने उपस्थित होकर श्रद्धांजलि दी। श्रीमती अन्नपूर्णा देवी सिंह के निधन से परिवार और समाज में शोक की लहर व्याप्त है। वह अपने पीछे पुत्रवधु डॉ. सविता जे.बी. सिंह, पुत्र संजय बहादुर सिंह, पुत्रवधु मनीषा सिंह, पौत्र सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह और श्रेयांश बहादुर सिंह एवं बहु बेटियों से भरापूरा परिवार छोड़ गई हैं। शवयात्रा में समस्त संबंधीजन, नगर के गणमान्य नागरिक, खैरागढ़ राज परिवार, राजकुमार कॉलेज रायपुर के हितैषीगण मोहंती सर, शेष सर, सीसीबी के अध्यक्ष सचिन सिंह बघेल, अशोक चौधरी, मधुसूदन नायर, अभिजीत मुखर्जी, सुषमा शुक्ला, गोपाल साहू एवं बड़ी संख्या में स्वजन उपस्थित रहे। सभी ने माँ जी के व्यवहार की भूरी-भूरी प्रशंसा की। उनके मातृत्व एवं वात्सल्य भाव को याद किया एवं माँ जी की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर सभी ने पूज्य पप्पाजी लाल शंकर बहादुर सिंह तथा डॉ जे बी सिंह सर को भी अत्यंत आदर एवं श्रद्धापूर्वक याद किया। श्रद्धांजलि सभा को अशोक चौधरी, टी.एस. बग्गा, सचिन सिंह बघेल, राजकुमार कॉलेज के जे बी सर के सहयोगी एवं मित्र शेष नारायण सर, अभिषेक खण्डेलवाल, इंद्रकुमार वैष्णव ने संबोधित किया।

# भाजपा का प्राइवेट लिमिटेड कंपनी बनकर रह गई है ईडी: कांग्रेस

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार राजनीतिक प्रतिशोध की भावना से काम करते हुए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं उनके परिवार के खिलाफ की जा रही द्वेषपूर्ण कार्रवाई के खिलाफ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर शहर जिला कांग्रेस व ग्रामीण कांग्रेस कमेटी द्वारा 19 जुलाई को जयस्तंभ चौक पर भाजपा व ईडी का पुतला दहन कर विरोध जताया।

प्राप्त जानकारी देते हुए शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) भारतीय जनता पार्टी का अनुसांगिक संगठन की भांति कार्य करते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव व पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निवास पर छापेमार कार्यवाही करते हुए उनके परिवार के खिलाफ द्वेषपूर्ण कार्रवाई की जा रही है। जिसको लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा व जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू के नेतृत्व में शनिवार 19 जुलाई को जयस्तंभ चौक पर पोस्टर के साथ नारेबाजी कर ईडी का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया गया।



शहर व जिला कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में जयस्तंभ चौक पर हुआ पुतला दहन, कांग्रेसजन भाजपा व ईडी पोस्टर के साथ की नारेबाजी

शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार आते ही भ्रष्टाचार का बोलबाला चल रहा है। भाजपा के लोगों द्वारा अवैध रेत, खनिज का दोहन किया जा रहा है तो वहीं अवैध शराब मामला तेजी से पनप रहा है। जिस तरह से भाजपा का भ्रष्टाचार का मामला सामने आ रहा है। छग विधानसभा के सदन में कांग्रेस विधायकों द्वारा मामला उठाया जा रहा है। जिससे भाजपा सरकार तिलमिला गई है और ईडी को भाजपा अपने प्राइवेट लिमिटेड कंपनी बनाकर कांग्रेस नेताओं पर द्वेषपूर्ण कार्यवाही करवा रही है। अंडानी बंधुओं को खुश करने छग प्रदेश के जल, जंगल और जमीन को उजाड़ जा रहा है लगातार हरे-भरे पेड़ों की कटाई हो रही है। इन ज्वंलत मुद्दों पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा उठाया गया तो भाजपा सरकार उनकी आवाज दबाते हुए ईडी की कार्यवाही कर उनके परिवार व सुपुत्र चैतन्य बघेल को गिरफ्तार कर दिया। इससे कांग्रेस डरने वाले नहीं है और न्याय की इस लड़ाई के लिए हर संघर्ष स्वीकार करती है।

जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की छवि धुमिल करने की नियत से भाजपा सरकार के इशारे पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा छापेमार कार्यवाही कर परेशान किया जा रहा है। भाजपा द्वारा राजनीतिक प्रतिशोध की भावना के चलते उनके सुपुत्र चैतन्य बघेल पर ईडी द्वारा गिरफ्तार किया गया। छग विधानसभा में जनता के हितों व मुद्दों की बात रखने पर भाजपा सरकार राजनीति दुर्भावना निकालते हुए यह कार्य किया जा रहा है। जिसका कांग्रेस पार्टी घोर निंदा करती है।

पुतला दहन में प्रमुख रूप से पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, श्रीकिशन खंडेलवाल, संभागीय प्रवक्ता कमलजीत सिंह पिन्टू, पूर्व विधायक छन्नी साहू, जिपं सदस्य महेन्द्र यादव, विभा साहू, पदम कोठारी, रमेश डाकलिया, कुतबुद्दीन सोलंकी, पूर्व महापौर हेमा देशमुख, आफताब आलम, मेहुल मारू, पंकज बांधव, दिनेश शर्मा, विवेक वासनिक, इकरामुद्दीन सोलंकी, शारदा तिवारी, महामंत्री हनी ग्रेवाल, नासिर जिंदरान, उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली, हरिनारायण धकेता, मामराज अग्रवाल, रितेश जैन, अशोक फडनवीस, खिलेश बंजारे, विक्की पटेल, शमसुद्दीन सैफी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. – 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com